

हिन्दी दैनिक

# रोजनामा इन्डो गल्फ



www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना, शुक्रवार | 30 अगस्त 2024 | वर्ष : 02 | अंक : 108 | पृष्ठ - 12 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण


### ब्रीफ न्यूज

## परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम आईएनएस अरिघात को नौसेना में शामिल किया गया



एजेंसी

**नई दिल्ली:** परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल से लैस पनडुब्बी आईएनएस अरिघात को बृहस्पतिवार को विशाखापत्तनम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में नौसेना में शामिल किया गया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी।इस अवसर पर राजनाथ सिंह ने कहा कि इससे देश की परमाणु क्षमता को और मजबूती मिलेगी तथा परमाणु प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होगी। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि ह्यअरिघातह्ण भूमि, जल और वायु ह्यप्?लेटफॉर्मह्ण पर परमाणु हथियारों संबंधी भारत की सैन्य रणनीतिको और मजबूत करेगा, परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाएगा, क्षेत्र में सामरिक संतुलन और शांति स्थापित करने में मदद करेगा तथा देश की सुरक्षा में निर्णायक भूमिका निभाएगा।आईएनएस अरिघात के जलावतरण को भारत की नौसैनिक शक्ति और परमाणु प्रतिरोध क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। भारत की पहली स्वदेश निर्मित परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत की

# विधानसभा चुनाव से पहले मजबूत हुई नीतीश की जेडीयू, इस मोर्चा का पार्टी में हुआ विलय

**जो नया संगठन अब जदयू में शामिल हो गया है वह है भारतीय स्वराज मोर्चा। गुरुवार को इसका जदयू में विलय हो गया। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि उज्ज्वल कुशवाहा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने जदयू का दाम थामा। भगवान सिंह कुशवाहा और मनीष वर्मा ने इन सभी को जदयू की प्राथमिक सदस्यता दिलाई।**

एजेंसी

**पटना:** बिहार में अगले साल यानी 2025 में विधानसभा चुनाव होने वाला है। अभी चुनाव की कोई आहट भले ही सुनाई नहीं दे रही पर सभी दलों की तैयारी जोर शोर से चल रही है। खासकर सेटिंग-गेटिंग, आने-जाने, और जनता को अपने वायदों से लुभाने का दौर हर रोज कुछ न कुछ तेज हो रहा है।इसमें कोई दल पीछे नहीं है।इस बीच एक दल का नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू में विलय करा दिया गया है। माना जा रहा है कि इससे पार्टी को मजबूती मिलेगी और वोटों का ध्रुवीकरण होगा।जो नया संगठन अब जदयू में शामिल हो गया है वह है भारतीय स्वराज मोर्चा। गुरुवार को इसका जदयू में विलय हो गया। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि उज्ज्वल कुशवाहा के नेतृत्व में समाजसेवी आकाश कुमार उर्फ राहुल, दीपक कुमार साव, अजीत यादव, जगजीवन राम, आनंद मोहन कुमार उर्फ सोनू कुमार एवं कुणाल शर्मा आदि ने जदयू का दामन थामा। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव भगवान सिंह कुशवाहा और मनीष कुमार वर्मा ने इन सभी को जदयू की प्राथमिक सदस्यता दिलाई।इस मौके पर भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि रवि उज्ज्वल कुशवाहा का युवा वर्ग में व्यापक प्रभाव



है। भारतीय स्वराज मोर्चा संगठन के माध्यम से वे छात्रों एवं युवाओं के मुद्दों को जोर-शोर से उठाते रहे हैं। लंबे समय से राजनीति में उनकी सक्रियता है।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने अपने संगठन के विलय का निर्णय लिया है।मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि सामाजिक सरोकार से जुड़े युवा साथी जदयू की ओर आकर्षित हो रहे हैं और यह हम सभी के लिए हर्ष का विषय है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ ह्यगांधी जीह्ण समेत चंदन कुमार सिंह, राणा रणधीर सिंह चौहान और धीरज कुशवाहा मौजूद थे।जो नया संगठन अब जदयू में शामिल हो गया है वह है भारतीय स्वराज मोर्चा। गुरुवार को इसका जदयू में विलय हो गया। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि उज्ज्वल कुशवाहा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने जदयू का दाम थामा। भगवान सिंह कुशवाहा और मनीष वर्मा ने इन सभी को जदयू की प्राथमिक सदस्यता दिलाई।बिहार के दरभंगा स्थित शोभन में एम्स अस्पताल का निर्माण जल्द शुरू होगा। एम्स निर्माण के लिए नीतीश सरकार जल्द ही 37.31 एकड़ और जमीन केंद्र सरकार को सौंप देगी। इसके पहले 12 अगस्त को राज्य सरकार ने 150.13 एकड़ जमीन केंद्र सरकार को सौंप दी थी। शिलान्यास की तारीख भी आने वाले दिनों में तय होने के आसार हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने दरभंगा एम्स निर्माण को लेकर कहा कि बिहार सरकार ने इसके लिए 37 एकड़ और जमीन चिह्नित कर ली है। इससे संबंधित फाइल पर हस्ताक्षर कर दिया गए हैं। इसका नोटिफिकेशन भी तुरंत हो जाएगा।दरभंगा एम्स निर्माण का डिजाइन आईआईटी के स्तर पर तैयार कराया जा रहा है। एम्स का शिलान्यास कार्यक्रम भी जल्द ही तय हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में दूसरा एम्स मिलना बड़ी बात है। केंद्र सरकार इसका निर्माण कार्य जल्द कराने के लिए पूरी तरह तत्पर है।इसके अलावा बिहार के पांच मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशियलिटी सेंटर बन रहा है। इससे राज्य के लोगों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी सुविधाएं मिलेंगी।दरभंगा एम्स निर्माण को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बिहार स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत को 25 जुलाई को पत्र भेजकर जमीन हस्तांतरित करने के लिए कहा था। इसके बाद राज्य सरकार ने 12 अगस्त को 150 एकड़ जमीन हस्तांरित कर दी थी। केंद्र ने यहां की नीचे जमीन को समतल कर मांगा है। राज्य सरकार जमीन समतल कराने के साथ ही बिजली और पानी की आवश्यक व्यवस्था करने के लिए तैयार है।

## बिहार बीजेपी अध्यक्ष दिलीप जायसवाल को वाई प्लस सिक्योरिटी, आईबी रिपोर्ट के बाद बढ़ी सुरक्षा



एजेंसी

**पटना:** बिहार में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल की सुरक्षा बढ़ गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से उन्हें वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। इसके बाद बीजेपी नेता एवं नीतीश सरकार में मंत्री दिलीप जायसवाल की सुरक्षा में सीआरपीएफ के जवान तैनात होंगे। गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार जायसवाल को इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) की थ्रेट रिपोर्ट के आधार पर यह सुरक्षादीगई है।दिलीप जायसवाल को हाल ही डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की जगह बीजेपी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। वे बिहार सरकार में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री भी हैं। जायसवाल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के करीबी माने जाते हैं। वे तीन बार के एमएलसी हैं और उनकी सीमांचल क्षेत्र में खास पकड़ है।बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। भारतीय जनता पार्टी राज्य में अपना संगठन मजबूत करने में जुटी हुई है। जायसवाल के नेतृत्व में ही पार्टी आगामी चुनाव में उतरेगी। एक सितंबर से बीजेपी बिहार में सदस्यता अभियान चलाएगी, जिसके जरिए एक करोड़ लोगों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। दिलीप जायसवाल इस अभियान की जोर-शोर से तैयारियां कर रहे हैं।पिछले हफ्ते ही बिहार सरकार में जेडीयू कोटे से मंत्री लेशी सिंह की सिक्योरिटी वाई से बढ़ाकर जेड कर दी गई थी।इसके अलावा एनडीए के दो सांसदों को भी वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गई। इनमें नवादा से बीजेपी सांसद विवेक ठाकुर और सीतामढ़ी से जेडीयू एमपी देवेश चंद्र ठाकुर का नाम शामिल है।

## हरियाणा में भाजपा को मिलेगा जयंत चौधरी का साथ, आरएलडके साथ गठबंधन पर हो रही बात



एजेंसी

**हरियाणा:** राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन में आगामी हरियाणा चुनाव लड़ने पर विचार कर रही है। खबरों के मुताबिक, आरएलडी हरियाणा में बीजेपी के साथ मिल सकती है, क्योंकि कथित तौर पर बीजेपी इन चुनावों के लिए बड़ी पार्टियों के बजाय छोटी पार्टियों के साथ गठबंधन बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2024 में आगामी हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा छोटे क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन करने की संभावना है। इसमें हरियाणा लोकहित पार्टी और हरियाणा जन चेतना पार्टी जैसी पार्टियों को सीटें देना शामिल है।गोपाल कांडा की पार्टी, जो पांच सीटों का दावा कर रही है, और विनोद शर्मा, जो अंबाला शहर और कालका विधानसभा सीटों पर लक्ष्य बना रहे हैं, के साथ भी संभावित गठबंधन हैं।इस गठबंधन के तहत राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) के 2 से 4 सीटों पर चुनाव लड़ने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं ने आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा करने के वास्ते बृहस्पतिवार को यहां पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर बैठक की।

## फर्जी पास के आधार पर संसद में प्रवेश करने की कोशिश करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली:** संसद परिसर में फर्जी प्रवेश पास के आधार परघुसने की कोशिश करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, बुधवार सुबह संसद परिसर के अंदर एक निर्माण स्थल पर जांच के दौरान एक मजदूर के पास फर्जी प्रवेश पास पाया गया। बाद में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के अधिकारियों ने उस व्यक्ति को दिल्ली पुलिस को सौंप दिया।पुलिस ने बताया कि इसके बाद उसे संसद मार्ग पुलिस थाने ले



जाया गया, जहां उसने बताया कि उसके पास की अवधि समाप्त हो चुकी है। पुलिस ने बताया कि इस सिलसिले में जांच जारी है।पुलिस ने बताया कि इसके बाद उसे संसद मार्ग पुलिस थाने ले जाया गया, जहां उसने बताया कि उसके पास की अवधि समाप्त हो चुकी है।

## जगन मोहन रेड्डी को बड़ा झटका, राज्यसभा के दो सांसदों ने दिया इस्तीफा, 6 और छोड़ सकते हैं साथ

एजेंसी

**आंध्र प्रदेश:** हाल ही में संपन्न आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनावों में, जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआरसीपी बुरी तरह हार गई। वह कुल 175 में से केवल 11 सीटें जीत सकी। टीडीपी-जन सेना-भाजपा गठबंधन ने 164 सीटें जीतकर चुनाव जीता। वाईएसआरसीपी के पास अपने राज्यसभा सांसदों को फिर से निर्वाचित कराने के लिए पर्याप्त संख्या नहीं है और इस प्रकार, इसके वर्तमान सांसद एक और कार्यकाल सुरक्षित करने के लिए सत्तारूढ़ टीडीपी की ओर देख रहे हैं। आंध्र ने 11 सांसदों को ऊपरी सदन में भेजता और वे सभी



वाईएसआरसीपी से थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, अब, वाईएसआरसीपी के दो राज्यसभा सांसदों ने इस्तीफा दे दिया है और छह और के इस्तीफा देने की संभावना है। मोपिदेवी वेंकटरमण राव और बीधा मस्तान राव यादव ने राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया है और उनके टीडीपी में शामिल होने की संभावना है। दोनों नेताओं ने हाल ही में आंध्र के सीएम और टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू से मुलाकात की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वेंकटरमण एक बार फिर टीडीपी के सिंबल पर राज्यसभा जाएंगे, मस्तान बिना शर्त पार्टी में शामिल होने को तैयार हो गए हैं।हालाँकि, कई बार विधायक रहे और एन किरण कुमार रेड्डी और वाईएस राजशेखर रेड्डी के मंत्रिमंडल में पूर्व मंत्री वेंकटरमण को जगन का वफादार समर्थक माना जाता था, लेकिन रेपल्ले विधानसभा सीट से टिकट नहीं मिलने के बाद वह वाईएसआरसीपी से असंतुष्ट हैं।

## हरियाणा चुनाव में पहले एऊकी एंट्री, कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा से जुड़ी करोड़ों की संपत्ति जब्त

एजेंसी

**अमृतसर::** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा और ईएमएआर और एमजीएफ डेवलपमेंट्स लिमिटेड सहित अन्य आरोपियों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 834 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। संपत्तियां गुरुग्राम और दिल्ली के 20 गांवों में स्थित हैं। मामले में आरोप लगाया गया है कि ईएमएआर-एमजीएफ ने हुडा और निदेशक डीटीसीपी त्रिलोक चंद गुप्ता की मिलीभगत से कम कीमत पर जमीन



का अधिग्रहण किया, जिसके परिणामस्वरूप जनता और सरकार दोनों को काफी नुकसान हुआ।संघीय एजेंसी ने कुल 401.65479 एकड़ की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से संलग्न किया है, जिसका मूल्यांकन मेसर्स ईएमएआर इंडिया लिमिटेड के लिए 501.13 करोड़ रुपये और मेसर्स एमजीएफ डेवलपमेंट्स लिमिटेड के लिए 332.69 करोड़ रुपये है। ये संपत्तियां हरियाणा के गुरुग्राम जिले और दिल्ली के 20 गांवों में स्थित हैं। जांच गुड़गांव के सेक्टर 65 और 66 में एक प्लॉट कॉलोनी से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों पर केंद्रित है, जिसमें दोनों कंपनियां शामिल हैं।

## जल्द बनवाएंगे बड़ी प्रतिमा, शिवाजी की मूर्ति ढहने को लेकर पवार के बाद अब शिंदे ने मांगी माफी

एजेंसी

**महाराष्ट्र:** छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति के ढहने को लेकर अब डिप्टी सीएम अजित पवार के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने माफी मांगी है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री शिंदे ने जल्द से जल्द एक बड़ी मूर्ति बनाने का ऐलान किया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हाल ही में मालवन में राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति के ढहने की घटना की जांच के लिए विशेषज्ञों, संरचनात्मक इंजीनियरों और भारतीय



नौसेना और राज्य सरकार के अधिकारियों की एक संयुक्त तकनीकी समिति के गठन का आदेश दिया है। समिति को दुर्भाग्यपूर्ण घटना के पीछे सटीक कारणों का निर्धारण करने और यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने हाल ही में छत्रपति शिवाजी महाराज की एक प्रतिमा के ढहने के बाद बुधवार को सार्वजनिक माफी जारी की, जिसे पिछले साल बनाया गया था। मराठा योद्धा राजा के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को देखते हुए, इस घटना ने राज्य भर में व्यापक चिंता और आलोचना पैदा कर दी है। अजित पवार ने कहा कि 'शिवाजी महाराज हमारे देवता हैं,

## भारत शिक्षा को दुनिया के साथ अधिक सहयोग बढ़ाने के प्रमुख माध्यम के रूप में देखता है: जयशंकर



एजेंसी

**नई दिल्ली:** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत आज शिक्षा को देश और दुनिया के बीच अधिक सहयोग बढ़ाने के एक ह्यप्रमुख माध्यमह्ण के रूप में देखता है। उन्होंने साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय को आशय पत्र सौंपने के लिए यहां आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में यह बात कही।पटना : ऐसी कीमत पर कंटेनर हाउस जो इससे बेहतर नहीं हो सकताऔर जानें विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत भारत में एक परिसर स्थापित करेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ह्यआज हम भारत में अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि देख रहे हैं।यहां सुषमा स्वराज भवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि विश्व के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में से एक साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय भारत में अपना पहला परिसर स्थापित करेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ह्यआज का कार्यक्रम भारत और ब्रिटेन के बीच मजबूत और बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों का भी प्रमाण है, जिसमें शिक्षा विशेष रूप से एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। इस प्रगति के केंद्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 है।मंत्री ने कहा कि यह महज एक नीति नहीं है, बल्कि यह वास्तव में भारत में शिक्षा के भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण है, जो ह्यह्यहमारे मानकों को उच्चतम वैश्विक स्तर तक बढ़ाने की आकांक्षा रखता है।जयशंकर ने कहा, ह्यइसका उद्देश्य भारत को उत्कृष्टता का केंद्र बनाना, दुनिया भर से छात्रों को आकर्षित करना, विदेशी विश्वविद्यालय परिसरों की स्थापना करना और हमारे छात्रों और संकायों के बीच वैश्विक दक्षताओं को बढ़ावा देना है।ह्णह्ण मंत्री ने कहा, ह्यआज हम शिक्षा को भारत और विश्व के बीच अधिक गहन सहयोग को बढ़ाने के लिए एक प्रमुख साधन के रूप में देखते हैं।

## बस अब बहुत हो गया..., कोलकाता रेप एंड मर्डर पर बोलीं राष्ट्रपति मुर्मू,

# अपनी पार्टी ने 24 उम्मीदवारों की नई सूची जारी की, अल्ताफ बुखारी चनापोरा सीट से लड़ेंगे चुनाव

एजेंसी

**नई दिल्ली:** अपनी पार्टी ने आगामी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए 24 उम्मीदवारों की एक नई सूची जारी की। पार्टी की अधिसूचना के मुताबिक, इन उम्मीदवारों की घोषणा दूसरे और तीसरे चरण के चुनाव के लिए की गई है. विशेष रूप से, पार्टी प्रमुख अल्ताफ बुखारी चनापोरा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। अन्य नामों में लाल चौक सीट से मोहम्मद अशरफ मीर, गुलमर्ग से गुलाम हसन मीर, सोपोर से गुलाम मोहम्मद वार, राजौरी से सैयद मंजूर हुसैन शाह, सांबा से एडवोकेट लवली मंगोल और पुंछ हवेली से शाह मोहम्मद तांत्रे शामिल हैं। अपनी पार्टी ने जारी किया अपना घोषणापत्रइससे



पहले 21 अगस्त को अपनी पार्टी ने केंद्र शासित प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए आठ उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी। पार्टी ने विधानसभा चुनावों के लिए अपना घोषणापत्र भी जारी किया, जिसमें जम्मू-कश्मीर की संस्कृति और विशेष पहचान को संरक्षित करने के लिए संवैधानिक गारंटी के लिए केंद्र पर दबाव डालने और केंद्र शासित प्रदेश के राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए काम करने का वादा किया गया। घोषणापत्र को श्रीनगर में एक संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के महासचिव रफी मीर द्वारा जारी किया गया, जो अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ पहलगाम निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। ये सभी सीटें दक्षिण कश्मीर की हैं जहां 18 सितंबर को तीन चरणों के चुनाव के पहले चरण में मतदान होना है।जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024भारत निर्वाचन आयोग ने जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा के 90 सदस्यों को चुनने के लिए मतदान तीन चरणों में होगा।

# भारत रत्न मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी में हुए कई कार्यक्रम





**वरिष्ठसंवाददाता**
**राजेश कुमार चौधरी**

**सिवान/मैरवा।** भारत रत्न मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिन एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मैरवा प्रखंड स्थित रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी में कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया,जिसमें से अंडर 14 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता,हॉकी प्रतियोगिता तथा हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के निदेशानुसार अंतर विद्यालय बालक एवं बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हैंडबॉल एसोसिएशन आफ सिवान की सचिव सलमा खातून ने बताया कि हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव राणा प्रताप सिंह के द्वारा बिहार के प्रत्येक जिलों को यह निर्देशित किया गया था कि मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिन के अवसर पर हैंडबॉल पखवाड़ा का आयोजन किया जाए इस निदेश के अनुसार आर एल बी एस ए फाउंडेशन द्वारा संचालित रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी में हैंडबॉल एसोसिएशन आफ सिवान द्वारा विभिन्न विद्यालयों जैसे आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय मैरवा,कन्या उच्च विद्यालय मैरवा, राजेंद्र कुष्ठ सेवाआश्रम बालिका उच्च विद्यालय मैरवा,उत्क्रमित उच्च विद्यालय बिलासपुर ,उत्क्रमित मध्य विद्यालय लक्ष्मीपुर ,उत्क्रमित उच्च विद्यालय कबीरपुर ,हरीराम उच्च विद्यालय मैरवा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय इमलौली के बालक एवं बालिकाओं ने भाग लिया। फाइनल मैच उत्क्रमित मध्य विद्यालय लक्ष्मीपुर एवं राजेंद्र कुछ सेवा आश्रम बालिका उच्च विद्यालय के बीच खेला गया जिसमें राजेंद्र कुष्ठ सेवा आश्रम बालिका उच्च विद्यालय की टीम 10-4 से विजेता रही जबकि बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय धमौर एवं आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय मैरवा के बीच में फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय धमौर की टीम 5-3 से विजेता रही। विजेता टीम को आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय मैरवा के प्रधानाध्यापक मोहम्मद रफीक अंसारी ने विजेता ट्रॉफी प्रदान किया वहीं विज्ञानानंद केन्द्रीय विद्यालय चनौर के हिंदी विभाग के शिक्षक श्री शत्रुघ्न कुमार पांडे ने विजेता ट्रॉफी प्रदान किया। इस अवसर पर अभीषेक कुमार शर्मा, विवेक कुमार सिंह, राजन कुमार, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी खुशबू कुमारी, चंदा कुमारी, निशा कुमारी ,राष्ट्रीय एथलीट उषा कुमारी, अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी, खुशबू कुमारी यादव सहित सैकड़ो की संख्या में दर्शक एवं खिलाड़ी मौजूद रहे

# भाजपा मोर्चा की संयुक्त सदस्यता कार्यशाला शुक्रवार को, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल भी रहेंगे उपस्थित



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- भाजपा के सभी मोर्चों की संयुक्त कार्यशाला में दिग्गज देंगे सदस्यता का रिकॉर्ड कायम करने का मंत्र

पटना, 29 अगस्त। भाजपा मोर्चा की संयुक्त सदस्यता कार्यशाला का आयोजन कल यानी शुक्रवार को पटना के रविन्द्र भवन में आयोजित किया गया है। इस कार्यशाला में भाजपा के सभी मोर्चों के पदाधिकारी जुटेंगे, जिन्हें पार्टी के दिग्गज नेता सदस्यता का रिकॉर्ड कायम करने का मूलमंत्र देंगे।बिहार सदस्यता अभियान समिति के संयोजक सह पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा ने आज बताया कि इस कार्यशाला में सितंबर से शुरू होने वाले सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की जाएगी।कार्यशाला में सदस्यता अभियान में 1 करोड़ नए सदस्यों के लक्ष्य को पूरा करने को लेकर विचार साझा किया जाएगा। रविंद्र भवन में आयोजित कार्यशाला में किसान मोर्चा, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, एससी मोर्चा, एसटी मोर्चा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों को बुलाया गया है।इसके अलावा इस कार्यशाला में सभी जिलों के प्रभारी, जिलाध्यक्ष, सदस्यता प्रभारी भी भाग लेंगे। इस कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री, सदस्यता अभियान के बिहार प्रभारी और गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा , पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राधामोहन सिंह सहित बिहार सदस्यता अभियान समिति के सभी चार सदस्य उपस्थित रहेंगे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला परिषद की विशेष बैठक का हुआ सभी 47 सदस्य हुये बैठक में उपस्थित



**वरिष्ठ संवाददाता**
**शकील हैदर**

- सदस्यों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के उपरांत अपनाई गई मत विभाजन की प्रक्रिया
- अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में पड़े 29 मत तथा विपक्ष में पड़े 18 मत, बहुमत के आधार पर अविश्वास प्रस्ताव हुआ पारित

29 अगस्त, 2024 सारण जिला के जिला परिषद अध्यक्ष के विरुद्ध लाये गये अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 29 अगस्त को विशेष बैठक का आयोजन निर्धारित किया गया था।

आज समाहरणालय सभागार में पूर्व से निर्धारित समय पर जिला परिषद की विशेष बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आहुत की गई। इस बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष सहित सभी 47 सदस्य उपस्थित हुये। सभी उपस्थित सदस्यों की उपस्थिति पंजी में दर्ज की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी श्री अमन समीर द्वारा अविश्वास प्रस्ताव में लगाये गये आरोपों को कंडिकावार पढ़कर सदस्यों को सुनाया गया।इसके उपरांत पक्ष एवं विपक्ष के सदस्यों द्वारा इन आरोपों को लेकर आपस में चर्चा की गई। चर्चा समाप्त होने के उपरांत मत विभाजन की प्रक्रिया अपनाई गई। इससे पूर्व सभी सदस्यों को मत विभाजन की प्रक्रिया एवं बैलट पेपर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव को लेकर मत विभाजन किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों को एक एक कर नाम लेकर पुकारा गया तथा उन्हें जिला पदाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित बैलेट पेपर उपलब्ध कराया गया। मतदान के उपरांत मतों की गणना की गई। अध्यक्ष के विरुद्ध लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 29 मत पड़े तथा अविश्वास प्रस्ताव के विपक्ष में 18 मत पड़े। इस प्रकार बहुमत के आधार पर अध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित करते हुये अध्यक्ष का पद रिक्त घोषित किया गया।

# चन्द्रवंशी समाज को जगाने 31 अगस्त से कार्यकर्ता संपर्क यात्रा पर निकलेंगे डॉ भीम सिंह

## जहानाबाद से यात्रा की होगी शुरूआत, पटना में 20 सितंबर को होगा समापन

## 22 सितंबर को होने वाले चन्द्रवंशी ललकार सम्मेलन की तैयारी जोरों पर

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

पटना, 29 अगस्त। चन्द्रवंशी ललकार सम्मेलन की सफलता को लेकर चन्द्रवंशी चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह भाजपा सांसद डॉ भीम सिंह 31 अगस्त से कार्यकर्ता संपर्क यात्रा शुरू करेंगे।इस दौरान वे पटना समेत बिहार के प्रमुख जिलों का दौरा करेंगे। यात्रा में उनके साथ राष्ट्रीय महामंत्री सुभाष प्रसाद चन्द्रवंशी और प्रदेश अध्यक्ष जीत कुमार भी मौजूद रहेंगे।इस संबंध में भाजपा सांसद डॉ भीम सिंह ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि चन्द्रवंशी ललकार सम्मेलन का आयोजन 22 सितंबर को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में किया जाएगा। चन्द्रवंशी समाज के लोगों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में आपलोग पहुंचें।

भाजपा सांसद डॉ भीम सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता संपर्क यात्रा की शुरूआत जहानाबाद जिले से होगी। उसी दिन अरवल में भी समाज के लोगों के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा। रात्रि विश्राम अरवल में ही होगी। 1 सितंबर को दाऊदनगर व पालीगंज तथा 2 सितंबर को शेखपुरा में कार्यकताओं से संपर्क किया जाएगा। इसके बाद 3 सितंबर से 5 सितंबर तक पटना में ही कार्यक्रम की व्यवस्था पर रणनीति बनायी जाएगी। उन्होंने बताया कि 6 सितंबर को हाजीपुर के सोनपुर, 7 सितंबर को लखीसराय, 8 सितंबर को जमुई तथा 9 सितंबर को नवादा व बिहारशरीफ में इस यात्रा का आयोजन होगा। वहीं 11 सितंबर को आरा में कार्यकताओं के साथ विमर्श होगा और चन्द्रवंशी ललकार सम्मेलन की तैयारी पर मंथन होगा।फिर 12 से 15 सितंबर तक पटना में ही बैठक कर कार्यकताओं को दिशा निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 16 सितंबर से यात्रा का अंतिम चरण शुरू होगा, जो 20 सितंबर तक चलेगा। इन 5 दिनों में दो दिन नौबतपुर, दुल्हिन बाजार, बिक्रम, बिहटा, मसौढ़ी, सम्पतचक, दनियावा, धनरुआ आदि इलाकों में कार्यकताओं से मुलाकात होगी। बाकी के तीन दिनों में पटना सिटी, कुम्हारार, दानापुर, खगौल, दीघा, जक्कनपुर, फतुहा आदि के कार्यकताओं से संपर्क किया जाएगा. सांसद डॉ भीम सिंह ने बताया कि 22 सितंबर को होने वाले चन्द्रवंशी ललकार सम्मेलन में चन्द्रवंशी समाज के नेताओं के साथ ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, दोनों उप मुख्यमंत्री सहित अन्य वरीय नेता भी संबोधित करेंगे। डॉ सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता संपर्क यात्रा के माध्यम से चन्द्रवंशी समाज के लोगों को ललकार कर जगाया जाएगा। इस समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है, उसे लौटाया जाएगा। इसकी राजनीतिक पहचान के लिए समाज के युवाओं और महिलाओं को आगे आना होगा

# बनियापुर थानान्तर्गत अवैध हथियार के साथ 02 विधि विरुद्ध बालक को किया गया निरुद्ध

हर्ष फायरिंग और अवैध हथियार के विरुद्ध सारण पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में:-

दिनांक झ 27.08.2024 को बनियापुर थाना को सोशल मीडिया व्हाट्सएप के माध्यम से एक फोटो प्राप्त हुआ, जिसमें 01 युवक के द्वारा अपने हाथ में 01 देशी कट्टा लिए दिख रहा है उक्त फोटो के सत्यापन उपरांत फोटो में दिख रहे युवक की पहचान 01 विधि बिरुद्ध बालक के रूप में की गयी पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी कर उक्त विधि विरुद्ध बालक को दिनांक झ 28.08.2024 को 01 मोबाइल सहित उनके घर से निरुद्ध किया गया निरुद्ध विधि विरुद्ध बालक से पूछताछ के क्रम में उसने बताया की यह फोटो मेरा है पर यह कट्टा मेरा नही है, यह कट्टा किसी और का है खोजबीन आगे बढ़ाते हुए उक्त विधि विरुद्ध बालक के निशानदेही पर 01 अन्य विधि विरुद्ध बालक के घर छापेमारी कर 01 खोखा, 01 चाकू , 01 मोबाइल एवं 01 देशी कट्टा बरामद कर दोनों विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया इस संबंध में बनियापुर थाना काण्ड संख्या- 393/24, दिनांक झ 28.08.2024, धारा- 25( 1-

# जिला आपदा प्रबंधन एवं बिहार इन्टर एजेंसी ग्रुप यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में आपदा पूर्व तैयारी एवं जोखिम न्यूनीकरण को लेकर परिसंवाद

**संवाददाता**
**अबु बकर**




जिला आपदा प्रबंधन एवं बिहार इन्टर एजेंसी ग्रुप यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में आपदा पूर्व तैयारी एवं जोखिम न्यूनीकरण को लेकर "परिसंवाद " का हुआ आयोजन।

जिला आपदा प्रबंधन एवं बिहार इन्टर एजेंसी ग्रुप यूनिसेफ जीपीएसवीएस के संयुक्त तत्वावधान में आपदा पूर्व तैयारी एवं जोखिम न्यूनीकरण संदर्भित इंटर एजेंसी कोऑर्डिनेशन बैठक "परिसंवाद" का आयोजन समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में किया गया। नगर आयुक्त अनिल चौधरी, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, संतोष कुमार,उप निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क सह प्रभारी पदाधिकारी जिला आपदा प्रबंधन, परिमल कुमार,जिला अग्नि शमन पदाधिकारी, संजय कुमार,कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नगर आयुक्त, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति, सहायक आपदा पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, जीविका, एनजीओ प्रतिनिधियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बिहार इन्टर एजेंसी ग्रुप के जिला समन्वयक श्री श्याम कुमार सिंह ने पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार में इन्टर एजेंसी ग्रुप का परिचय, कार्य प्रणाली, यूनिफाइड रिस्पॉन्स सिस्टम, डिस्ट्रिक्ट चैप्टर, विभागों के साथ मिलकर की जानेवाली गतिविधियों, विभागों की भूमिका, जिला आपदा प्रबंधन के सहयोग और मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डाला। अपर समाहर्ता आपदा संतोष कुमार ने कहा कि सभी विभागों के आपसी समन्वय एवं मीडिया के सहयोग आपदा न्यूनीकरण के लिए महत्वपूर्ण है। मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उप निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क ने जन जागरूकता कार्यों में मीडिया के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि समन्वित प्रयास से आपदा न्यूनीकरण की दिशा में सकारात्मक परिणाम मिलेगा।उन्होंने कहा कि सही समय पर सही जानकारी उपलब्ध करवाकर हम आपदा के प्रभाव को न्यूतम कर सकते है। बिहार इन्टर एजेंसी ग्रुप का इन्टर एजेंसी समन्वयन का यह प्रयास सराहनीय है।सभी प्रकार का विभागीय सहयोग मिलेगा। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने बाढ़ के दौरान पशु प्रबंधन को विशेष उल्लेखित किया। उपस्थित संस्था प्रतिनिधियों ने अपने अपने कार्यक्षेत्र में आपदा जोखिम न्यूनीकरण को समावेशित करने का आश्वासन दिया। निर्मला जी, मनोज जी, राहुल जी, शास्थिनाथ झा जी, सैफुद्दीन, बासुदेव मण्डल, निशांत आदि ने एक स्वर से आपदा प्रबंधन कार्य में सहयोग का विचार व्यक्त किया। बैठक में यह तय किया

# विदेश में काम करने गए बसंतपुर के युवक की विधुत की चपेट में आने से हुई

**वरिष्ठ संवाददाता**
**रोहित कुमार सिंह**



सिवान जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र के खेरवा के रहने वाले अमरेश कुमार सिंह जिनके पिता बलिंदर सिंह है 10 वर्षों से सऊदी अरब के जेदा शहर में प्लम्बर का काम कर रहे थे। उनकी कंपनी का नाम बिन डायल कंस्ट्रक्शन है। कंपनी में काम करते वक्त विद्युत की चपेट में आने के कारण 17 अगस्त को कार्य करने के दौरान ही उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना कंपनी के लोगों क शाम में काम कर रहे लोगों के द्वारा परिजनों को दी गई इसके बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है वहीं उक्त व्यक्ति की शादी 2016 में हुई थी जिनका एक 4 साल का लड़का है परिजनों के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। क्योंकि इन्हीं के द्वारा अपने पूरे परिवार का भरन पोषण किया जाता था अभी तक शव घर पर नहीं पहुंच पाया है परिजन शव पहुंचने की आस में है। साथ ही साथ स्थानीय जिला प्रशासन से ग्रामीणों के द्वारा आर्थिक मदद को मुआवजे के लिए भी मांग की गई है।

# पैन कार्ड के लिए ट्रांसजेंडर पहचान प्रमाण पत्र माना जाएगा वैध दस्तावेज, केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के तहत जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी 'पहचान प्रमाण पत्र' को पैन कार्ड के लिए आवेदन करने के लिए वैध दस्तावेज माना जाएगा। जस्टिस सुधांशु धूलिया और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि भारत संघ ने सैद्धांतिक रूप से इस अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। केंद्र सरकार इसे लेकर नियमों में भी स्पष्टता लाने पर विचार कर रही है। पीठ ने कहा, 'याचिका के लंबित रहने के दौरान, हमने भारत संघ से जवाब मांगा, जो इस मामले में बहुत सहायक रहा है और मोटे तौर पर उन्होंने वर्तमान याचिका में उठाई गई सभी मांगों को स्वीकार कर लिया है। इसमें ये भी कहा गया है कि ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 की धारा 6/7 के तहत जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी किया जाने वाला प्रमाण पत्र स्वीकार्य होगा।' ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 की धारा 6 और 7 पहचान प्रमाण पत्र और लिंग में परिवर्तन के मुद्दे से संबंधित हैं।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता का नदी मे डूबने से मौत

**संवाददाता**
**मोहम्मद आरिफ**

सिवान महाराजगंज 29 अगस्त बृहस्पतिवार। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, महराजगंज विधायक विजय शंकर दुबे जी ने पूर्व राजद प्रखण्ड अध्यक्ष श्याम देव राय जी के मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि उनकी मृत्यु मेरे लिए अपूर्णीय क्षति है तथा उनके चाहने वालों को गहरा धक्का लगा है, स्वर्गीय यादव मृदुभाषी, मिलनसार, गरीब गुरबो के दुख सुख मे सदैव उपस्थित रहने वाले, बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे ' भगवान उनके आत्मा को चीर शान्ति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस असह्य पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करें 'वही बड़का तेघड़ा में धमाई नदी में डूब कर मृत्यु को प्राप्त धर्मराज यादव के परिजनों से मिले और उन्हें ढाढस बंधाया तथा कहा कि उनको लौटाया तो नही जा सकता पर मैं आप लोगो के साथ खड़ा रहूंगा और सरकार से आपदा अनुग्रह अनुदान के मद से मिलने वाली 400000( चार लाख) ? की सहायता राशि दिलवाई जायेगी '

# मराष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर भारोत्तोलन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन 66 किलो वर्ग में रोहित को मिला सिल्वर,

वरिष्ठ **संवाददाता**
**राजेश कुमार चौधरी**



सिवान/हुसैनगंज प्रखंड क्षेत्र के युवा खिलाड़ी रोहित सिंह लगातार अपने खेल प्रतिभा के द्वारा बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं इसी मौके पर जिले के खेल भवन में आयोजित हुए वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में रोहित सिंह को 66 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल प्रदान किया गया। इस मौके पर खेल का उद्घाटन संयुक्त रूप से जिला योजना पदाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, जिला खेल पदाधिकारी ऋचा वर्मा वेटलिफ्टिंग के सचिव प्रेम बाबू माथुर के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

वही सिल्वर मेटल मिलने के बाद रोहित सिंह ने कहा कि सरकार को भी बिहार के युवाओं के ऊपर खिल को लेकर ध्यान देना चाहिए तो उन्हें सभी सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए जिससे वह बेहतर वातावरण में प्रशिक्षण ले सके।

इस मौके पर जिले के सभी प्रखंडों व विद्यालयों से पहुंचे हुए युवा खिलाड़ियों ने भी वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया। वही युवा खिलाड़ियों में कुमारी उमा, रागिनी कुमारी रितिका कुमारी सोनाली कुमारी आकृति पांडे रोहित कुमार आदित्य कुमार यादव, अवनीश नारायण सिंह, प्रीतम गिरी, हिमांशु यादव,श्रीकांत कुमार,शिवम पांडेय,मयंक राज व अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे ।

# चिराग पासवान का पटना एयरपोर्ट पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को पुनः पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार पटना एयरपोर्ट पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। श्री चिराग ने पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मैं पार्टी के तमाम साथियों, तमाम कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करता हूं और यह विश्वास दिलाता हूं कि अगले पांच सालों में पार्टी को नई ऊंचाइयों तक लेकर जाने की जिम्मेवारियों को पूरी ईमानदारी से और पूरी मेहनत से निभाने का काम करूंगा। ये पार्टी मेरे नेता मेरे पिता आदरणीय रामविलास पासवान जी के विचारों पर चलने वाली पार्टी है, उनके सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है। इस पार्टी को पुनः मुझे राष्ट्रीय अध्यक्ष का




जिम्मेवारी मिला। मेरे लिए जहां एक तरफ हर्ष और गर्व का बात है, वही एक बड़ी जिम्मेवारी भी है और यह जिम्मेवारी अगले पांच सालों में पूरी ईमानदारी और पूरी मेहनत से निभाते हुए पार्टी को नयी ऊंचाइयों तक लेकर जाऊंगा। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि स्वागत करने वालों में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, राष्ट्रीय महासचिव सत्यानंद शर्मा, शाहनवाज कैफी, धनंजय मृणाल, राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र मुन्ना, युवा राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान, महिला सेल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंदु कश्यप, प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान, संसदीय बोर्ड अध्यक्ष हुलास पांडे, प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी, संजय सिंह, अमर कुशवाहा, महासचिव पंकज पांडे, कैप्टन नंद पासवान, अनूप तिवारी, सोनू मुखिया, मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट, प्रदेश प्रवक्ता दिनेश पासवान, सौरभ सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, एससी/एसटी प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान, महिला प्रदेश अध्यक्ष शोभा पासवान, अति पिछड़ा अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, छात्र प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस पासवान, युवा प्रधान महासचिव प्रकाश सिंह कुशवाहा, युवा महानगर अध्यक्ष कुंदन सिंह यादव, अति पिछड़ा प्रदेश महासचिव अमरदीप जायसवाल, कार्यालय प्रभारी ओमप्रकाश, मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार मुख्य रूप से थे।

## आरजेडी विधायक रीतलाल यादव के भाई के खिलाफ वारंट निकला, गिरफ्तार नहीं हुआ तो कुर्की-जब्ती होगी



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बिहार के दानापुर से राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) विधायक रीतलाल यादव के भाई पिंकू की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पटना एम्स के सुरक्षा अधिकारी पर फायरिंग के मामले में पिंकू यादव के खिलाफ गुरुवार शाम खगौल पुलिस को वारंट मिल गया। सूत्रों की मानें तो पुलिस पिंकू की तलाश में अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही है। उसके बिहार के बाहर होने की खबर मिली है। अगर वह नहीं पकड़ा गया तो जल्द से जल्द उसके घर की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।गौरतलब है कि पटना एम्स में गार्ड बहाली में अपने लोगों की पैरवी करने के दौरान पिंकू पर एम्स के सुरक्षा अधिकारी को धमकी देने का आरोप लगा था। इसके बाद सुरक्षा अधिकारी की गाड़ी पर घर से दफ्तर जाने के दौरान गोली चली थी। इस मामले में पुलिस ने गोली चलाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस का दावा है कि पकड़े गए दोनों आरोपियों ने पिंकू यादव के इशारे पर गोली चलाने की बात को कबूल किया है।छानबीन के दौरान आरजेडी विधायक के भाई के खिलाफ सबूत हाथ लगने के बाद पुलिस उसे गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है। साथ ही अदालती कार्रवाई के जरिए भी उस पर शिकंजाकसाजारहाहै। हालांकि, पिछले दिनों मामला सामने आने के बाद विधायक रीतलाल यादव ने मीडिया से कहा था कि अगर उनके भाई ने ऐसा कुछ किया होता तो वे खुद उसे पुलिस को सौंप देते।

## डीएम तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन की तैयारी का लिया जायजा

**मो. सदरे आलम नोमानी**

**सीतामढ़ी:डीएम** रिची पांडेय की अध्यक्षता में समाहरणालय के विमर्श कक्ष में तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन सूची की तैयारी के संबंध में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में आवेदन प्राप्त करने की तिथि 29 जुलाई से 29 अगस्त तक प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया की मात्र 6608 आवेदन ही नाम जोड़ने हेत प्राप्त हुआ है जो की बहुत ही कम है जिसे लेकर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 03 सितंबर 2024 है अतः सभी प्रतिनिधि इस हेतु प्रयास करें ताकि आवेदनों की संख्या बढ़ सके। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पूर्व के चुनाव में तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सीतामढ़ी



जिला में लगभग 26000 वोटर द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ था। कहा कि कुल प्राप्त आवेदनों में 5944 ऑफलाइन एवं 664 ऑन लाइन आवेदन प्राप्त हुए है। उन्होंने बताया कि सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया है कि सभी अपने स्तर से प्रयास करें ताकि नाम जोड़ने हेतु अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त हो सके।बैठक में अपर समाहर्ता संदीप कुमार, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी डॉ विपिन कुमार, अपर समाहर्ता विभागीय जांच कुमार धनंजय, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला जन संपर्क अधिकारी, डीसीएलआर सदर तथा विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सन्नी मंडल की 5 वर्षीय पुत्री अदिति मंडल का आज पांचवा जन्म दिन मनाया गया जिसमें सैकड़ो लोगों ने अदीती को दुआएं एवं शुभकामनाएं दी

**विशेषसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ,**
**लुधियाना**

लुधियाना के गगनदीप कॉलोनी के मूल निवासी सन्नी मंडल की 5 वर्षीय पुत्री अदिति मंडल का आज पांचवा जन्म दिन मनाया गया जिसमें सैकड़ो लोगों ने अदीती को दुआएं एवं शुभकामनाएं दी, अदिति मंडल के पिता सन्नी मण्डल ने बताया कि मुझे हर्ष है कि आज मेरे घर मेरे दोस्त साथी तथा पिता सम्मान सभी लोग आकर मेरी पुत्री को आशीर्वाद दिया इसमें मुख्य रूप से राज तिवारी उर्फ बाबा, श्री रामेश्वर पाल, श्री साहिल किंग उर्फ.प्रवेश, एवं अदिति के दादा रमाशंकर के लगभग सभी दोस्त इस अवसर पर पहुंचकर बच्ची को लंबी उम्र की कामना किया,




## आधुनिक शिक्षा में खेल-कूद का बढ़ता महत्व मो. जहांगीर

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ,**

आज की शिक्षा प्रणाली में खेल-कूद का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। शिक्षा का अर्थ अब केवल पुस्तकीय ज्ञान अर्जित करना नहीं रह गया है, बल्कि यह बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक विभिन्न गतिविधियों को भी शामिल करता है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण खेल-कूद है, जो शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अनिवार्य है।

शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक ताजगी का स्रोत*

खेल-कूद से छात्रों का शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। नियमित खेल गतिविधियों में भाग लेने से न केवल उनका शारीरिक विकास होता है, बल्कि वे स्वस्थ और चुस्त-दुरुस्त भी रहते हैं। इसके अलावा, खेल-कूद मानसिक ताजगी प्रदान करता है, जो पढ़ाई के दौरान होने वाले तनाव और दबाव को कम करने में सहायक सिद्ध होता है।

अनुशासन और नेतृत्व कौशल का विकास*

खेल-कूद बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण गुणों का विकास करता है। खेल के मैदान में सीखी गई ये योग्यताएँ उन्हें जीवन की अन्य चुनौतियों का सामना करने में भी मदद करती हैं। वे अनुशासन का पालन करना सीखते हैं और टीम के साथ मिलकर कार्य करने की कला में निपुण होते हैं।

करियर विकल्प के रूप में खेल-कूद*

आधुनिक शिक्षा में खेल-कूद को केवल सहायक गतिविधि के रूप में नहीं देखा जाता, बल्कि इसे एक संभावित करियर विकल्प के रूप में भी मान्यता दी जा रही है। कई स्कूल और कॉलेज आज खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसके लिए उन्हें आधुनिक उपकरण, तकनीक और विशेषज्ञ कोचिंग की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

*निष्कर्ष*

आधुनिक शिक्षा और खेल-कूद का तालमेल छात्रों के समग्र विकास के लिए अनिवार्य हो गया है। इससे न केवल वे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनते हैं, बल्कि जीवन में आने वाली विभिन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार होते हैं।




आज की शिक्षा प्रणाली में खेल-कूद का समावेश, आने वाले कल के लिए स्वस्थ और सक्षम नागरिक तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

*फेडरेशन ऑफ शोतो कान कराटे ट्रेडिशनल के मुख्य प्रशिक्षक* *मो. जहांगीर*

## ब्रीफ न्यूज

### शीर्षक: पदों से परे नेतृत्व: मोहम्मद रेयाज आलम की समुदाय-केंद्रित मूल्यों और जीवन में जवाबदेही की अपील



**मोहम्मद रेयाज आलम ने समुदाय सेवा और नेतृत्व में जवाबदेही की वकालत की**
**लेखक: मोहम्मद रेयाज आलम**

**रोजनामा इंडो गल्फ,**
**कार्यालय संवाददाता,**
**प्रेस विज्ञप्ति**

- पटना, 29 अगस्त, 2024: एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल्स (AMP) में बिहार के स्टेट हेड और वास्तव टीएमटी के बिजनेस हेड, मोहम्मद रेयाज आलम ने एक प्रेरणादायक संदेश साझा किया है जिसमें उन्होंने सांसारिक लाभों से अधिक जीवन के बाद के कल्याण को प्राथमिकता देने और नेतृत्व एवं सफलता के वास्तविक उद्देश्य पर जोर दिया है। आलम की हार्दिक अपील में नेताओं और व्यक्तियों से आग्रह किया गया है कि वे अपने संसाधनों—चाहे वह धन, ज्ञान, शक्ति, या पद हो—का उपयोग समाज के व्यापक हित के लिए करें, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो जरूरतमंद हैं।
- एक प्रभावशाली आयत पर विचार करते हुए, जो उनके दिल को छू गई, आलम ने कहा, ₹उन नेताओं को वास्तव में मृत मानो जिनकी संपत्ति, शक्ति, ज्ञान, और पद उनके समुदाय के लाभ के लिए नहीं है।₹ यह गहन वक्तव्य प्रभावी नेतृत्व का सार है—ऐसा नेतृत्व जो स्वार्थ से परे हो और दूसरों की भलाई में निहित हो।
- आलम का संदेश निःस्वार्थ सेवा, जवाबदेही, और व्यक्ति को प्रदत्त उपहारों और अवसरों के जिम्मेदार उपयोग के महत्व को रेखांकित करता है। ₹हमारी सफलता का असली मापदंड इस बात में नहीं है कि हम अपने लिए क्या इकट्ठा करते हैं, बल्कि इस बात में है कि हम दूसरों के लिए क्या करते हैं,₹ आलम ने जोर देकर कहा। उनका मानना है कि नेतृत्व केवल औपचारिक खिताबों या पदों तक सीमित नहीं है; यह घर से शुरू होता है, छोटे-छोटे नेक कार्यों, ज्ञान साझा करने, और उन लोगों की मदद करने के माध्यम से जिनके पास समान अवसर नहीं हैं।
- AMP में अपनी भूमिका के दौरान, आलम ने निरंतर शिक्षा, रोजगार, और आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्यों की वकालत की है, जिसका उद्देश्य समुदाय को उन्नत करना है। वह अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों और व्यक्तिगत जीवन के बीच एक समानता खींचते हैं, अपने परिवार और दोस्तों को भी ऐसी ही मूल्यों को अपनाने और अपने दैनिक जीवन में सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए प्रेरित करते हैं।
- आलम का संदेश एक सौम्य अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि जो आशीर्वाद हमारे पास हैं, वे अल्लाह की अमानत हैं, जिसके लिए हमें जवाबदेह होना होगा। वे सभी को इस जिम्मेदारी को याद रखने और दूसरों की सेवा के लिए प्रयास करने का आह्वान करते हैं, इस प्रकार दुनिया में एक सार्थक बदलाव लाने का प्रयास करते हैं।
- अंत में, मोहम्मद रेयाज आलम का कार्य के लिए आह्वान एक शक्तिशाली अनुस्मारक है कि प्रत्येक व्यक्ति कितना प्रेरणादायक प्रभाव डाल सकता है। उनका संदेश केवल एक वक्तव्य नहीं है, बल्कि एक जीवन शैली है—सभी को उदाहरण द्वारा नेतृत्व करने, दूसरों को प्रेरित करने, और समाज में सकारात्मक बदलाव की एक लहर पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करता है।
- *मोहम्मद रेयाज आलम के बारे में :*

मोहम्मद रेयाज आलम एक सामाजिक उद्यमी और वरिष्ठ कॉर्पोरेट पेशेवर हैं, जो एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल्स (अटढ) में बिहार के स्टेट हेड और वास्तव टीएमटी के बिजनेस हेड के रूप में सेवा कर रहे हैं। समाज सेवा के प्रति समर्पण के लिए जाने जाने वाले, आलम शिक्षा, रोजगार, और आर्थिक सशक्तिकरण पर केंद्रित पहलों के माध्यम से समाज की बेहतरी के लिए सक्रिय रूप से काम करते हैं।



### छोटी सी प्यारी गजल

इस कदर प्यार की बारिश हो के जलथल हो जाऊं ,
तुम घटा बनकर चले आओ मैं बादल हो जाऊं,
घर में बैठी हूं चमकते हुए सोने की तरह,
मैं जो सरार्फे में आ जाऊं तो पीतल हो जाऊं,
ढूंढते- ढूंढते एक उम्र गुजारि जिसको ,
वह अगर सामने आ जाए तो पागल हो जाऊं,
मेरे सन्नाटे ने आबाद रखा है मुझको,
मैं तेरे शहर में आ जाऊं तो जंगल हो जाऊं,
मुंतज़िर चाक पे है मेरी अधूरी मिट्टी ,
तू जरा सा हाथ लगा दे तो मुकम्मल हो जाऊं,

**खुशी धनखड़**
**(समाचार प्रसारक)**
**न्यूज इंडो गल्फ**

# गुरु पद्मसम्भव की विरासत पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

**पटना।** प्राचीन ज्ञान की धरती नालंदा में एक बार फिर वैश्विक बौद्ध समुदाय का केंद्र बनने जा रही है। 28 और 29 अगस्त को नव नालंदा महाविहार में एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमें दुनिया भर के बौद्ध विद्वान और धर्म गुरु शिरकत कर रहें हैं। गुरु पद्मसम्भव की विरासत पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हो गया है। इसमें राज्यपाल भी शामिल हुए है। इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कन्फेडरेशन और नव नालंदा महा विहार के संयुक्त देखरेख में आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन का शीर्षक गुरु पद्म सम्भव के जीवन और जीवंत विरासत की खोज है। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर मुख्य मेहमान के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल हुए। गहन चिंतन का अवसर देगा सम्मेलन नव नालंदा महा विहार के






कुलपति प्रो. राजेश रंजन ने बताया, यह सम्मेलन गुरु पद्म सम्भव के जीवन और शिक्षा पर गहन चिंतन का अवसर प्रदान करेगा। पद्म सम्भव, जो 8वीं शताब्दी में नालंदा महा विहार के प्रख्यात आचार्य थे, तिब्बत, नेपाल, भूटान और भारत के हिमालय क्षेत्रों में बौद्ध धर्म के प्रसार में अभूतपूर्व योगदान दिया। अद्वितीय आयोजन में भूटान, नेपाल, रूस, श्रीलंका और म्यांमार सहित विभिन्न देशों से लगभग 54 प्रतिष्ठित विद्वान और धर्म गुरु भाग लें रहें हैं। यह न केवल बौद्ध अध्ययन के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि नालंदा की पुराना शैक्षणिक परंपरा को पुनर्जीवित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम होगा। बुद्ध के संदेश को नए

सिरे से समझने में मिलेगी मदद

राज्यपाल आर्लेकर ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु पद्म संभव के जीवन पर आधारित यह दो दिवसीय सेमिनार है। ये न केवल उनके व्यक्तित्व को समझने का अवसर देगी, बल्कि भगवान बुद्ध के संदेश को भी नए सिरे से समझने में मदद करेगी। प्रो. रंजन ने आगे बताया, बुद्ध ने स्वयं पद्म सम्भव के आगमन की भविष्यवाणी की थी, जिन्हें गुरु रिनपोछे के नाम से भी जाना जाता है। यह सम्मेलन उनके जीवन और शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालेगा।सम्मेलन नालंदा की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को पुनः रेखांकित करने के साथ-साथ, वैश्विक बौद्ध समुदाय के बीच संवाद और समझ को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस दो दिवसीय फिर से आयोजन से न केवल बौद्ध अध्ययन को बल मिलेगा, बल्कि भारत की सांस्कृतिक कूटनीति को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त डायरी

### गंगा में पलटी नाव, 3 लोग बचे...2 लापता



**वैशाली।** में गंगा नदी में नाव पलटने से 2 लोग डूब गए हैं। नाव पर सवार 3 लोग किसी तरह बचने में सफल रहे हैं। सभी हाजीपुर के तेरसिया पंचायत के रहनेवाले थे। घटना बीती रात 11:30 बजे के करीब रुस्तमपुर थाना इलाके में हुई है। नाव कच्ची दरगाह-विदुपुर के बीच बन रहे सिक्स लेन पुल के पाया नंबर-55 से टकरा गई थी। इसके बाद तीन लोग किसी तरह बच गए, जबकि 2 के डूबने की आशंका है। जानकारी के अनुसार सभी पटना जिला के काला दियारा से नाव पर सवार होकर निकले थे। नाव पर करीब 150 बोरा भांग लदा था। भांग लेकर सभी गंगा ब्रिज थाना इलाके के तेरसिया पंचायत जा रहे थे। रात में हादसे के बाद नाव पर सवार 5 लोगों में से 3 किसी तरह बाहर निकल गए। वहीं 2 लोग लापता बताए जा रहे हैं। लापता लोगों की पहचान तेरसिया पंचायत निवासी अवधेश राय एवं राकेश कुमार के तौर पर हुई है। फिलहाल स्थानीय गोताखोर एवं एसडीआरएफ टीम नदी में लापता लोगों की खोजबीन कर रही है।घटना के संबंध में रुस्तमपुर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि नाव डूबने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली गई। दो व्यक्ति लापता बताए गए हैं। खोजबीन की जा रही है।

### मेला देखकर लौटे 3 बच्चों को मारी गोली



**सहरसा।** में मंगलवार की देर रात बदमाशों ने चेहलुम मेला देखकर लौट रहे एक परिवार पर फायरिंग कर दी। इस गोलीबारी में परिवार के 3 बच्चों को गोली लगी है। सभी की हालत गंभीर है। घायलों में 2 लड़कियां और लड़का है। जिनकी पहचान मो. हुशेन, मुस्कान खातून, और साईबा के रूप में हुई है। घटना बनमा इटहरी थाना क्षेत्र के मकदमपुर गांव वार्ड नं 7 की है। फायरिंग की सूचना के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि जमीन विवाद को लेकर घटना को अंजाम दिया गया है। जिसका आरोप पीड़ित परिवार ने अपने पड़ोसी पर लगाया है। मेला देखकर लौट रहे थे जख्मी हुशेन ने बताया, 'हम लोग चेहलुम का मेला देखने गए थे, तभी एक आदमी खिड़की के पास बैठा हुआ था। मोबाइल से बात करते हुए 2 लोग मेरे पीछे आए। इसके बाद उन लोगों ने फायरिंग कर दी।' दूसरी जख्मी बच्ची मुस्कान ने बताया, 'हम लोग सबेला से मेला देखकर आ रहे थे, उसी दौरान हम लोगों पर गोलीबारी की गई है। जिसमें मेरे पैर में गोली लग गई, जिसके बाद मैं बेहोश हो गई।' पड़ोसी ने की फायरिंग परिजन मोहम्मद अफसर ने बताया, 'कुछ दिन पहले उनके पड़ोसी के साथ जमीन को लेकर विवाद हुआ था। जिसका मामला कोर्ट में चल रहा है। जिसे लेकर मुझे लगातार धमकी दी जा रही थी। मुझे कहा जाता था कि केस उठा लो नहीं तो जान मार देंगे। वहीं मंगलवार की रात मेला देखकर अपने परिवार के साथ लौट रहा था तो मेरे पड़ोसी साहेब ने मेरे परिवार पर गोलीबारी कर दी।' बच्चों को गोली लगने के बाद घर के दूसरे सदस्य परेशान हैं। उन्होंने पड़ोस के ही साहेब पर गोली मारने का आरोप लगाया है। बच्चों को गोली लगने के बाद घर के दूसरे सदस्य परेशान हैं। उन्होंने पड़ोस के ही साहेब पर गोली मारने का आरोप लगाया है। तीन बच्चों को लगी गोली बनमा इटहरी थानां अध्यक्ष ज्योतिष कुमार ने बताया, 'रात करीब दो बजे के गोलीबारी की सूचना मिली थी। जिसके बाद सभी घायलों को जिले के ही बख्तियारपुर प्राथमिकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। जहां से सभी को सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इस घटना में तीन बच्चों को गोली लगी है। मामले की जांच की जा रही हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।'

# जुडियो,डोमिनोज की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर लाखों की ठगी



**पटना।** सीवान के दरौंदा थाना क्षेत्र के नवलपुर गांव में मंगलवार की रात एक मोबाइल विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जिसमें एक युवक की तलवार से हमला कर हत्या कर दी गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि नवलपुर गांव के निवासी शंकर महतो के बेटे सूरज महतो(21) और मुन्ना साह के बेटे सुरविंद गुप्ता(22)के बीच मंगलवार की शाम मोबाइल को लेकर विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि सूरज महतो ने गुस्से में आकर तलवार से सुरविंद गुप्ता पर हमला कर दिया। इस हमले में सुरविंद गुप्ता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। तलवार से सुरविंद के गर्दन पर हमला किया गया था। सुरविन्द के दरवाजे पर ही उसकी हत्या कर दी गई है। आरोपी भी उसी मोहल्ले का रहने वाला है। आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार मृतक के पिता ने बताया कि उन दोनों के बीच किस प्रकार का पहले से विवाद था, जिसका उन्हें कुछ नही पता है। उन्होंने आगे बताया कि गांव के लड़के बता रहे थे की मोबाइल के विवाद में उसकी हत्या कर दी गया है। इधर घटना के बाद आरोपी सहित उसके घरवाले घर छोड़कर फरार हो गए थे। घटना की सूचना मिलते ही दरौंदा थाना के थानाध्यक्ष छोटन कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दिया और तकनीकी सहायता से तुरंत आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवक सूरज ने हत्या की बात स्वीकार भी कर लिया है। सूरज महतो ने बताया कि सुरविंद ने उसका मोबाइल चुरा लिया था। मांगने पर नहीं दे रहा था, इसी लिए तलवार से हमला कर हत्या कर दिया है। सीवान के एसपी अमितेश कुमार ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आरोपी युवक सूरज को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। आवेदन मिलने पर होगी कार्रवाई दारौंदा थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि शव का सीवान सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को से दिया गया है। परिजनों का फर्द बयान लिया गया है। उनके आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।

# शिक्षकों को मिलेगा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार





**पटना।** शिक्षा दिवस के मौके पर बिहार के दो शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति शिक्षकों को शिक्षक दिवस यानी 5 सितंबर को सम्मानित करेंगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इसकी घोषणा की है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए राज्य की दो शिक्षकों डॉ. मीनाक्षी कुमारी और सिकंदर कुमार सुमन का चयन किया है। इस बार देश भर के 50 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। चयनित शिक्षक डॉ. मीनाक्षी कुमारी मधुबनी जिले के शिवगंगा गर्ल्स प्लस टू हाई स्कूल में सहायक शिक्षक हैं, जबकि सिकंदर कुमार सुमन कैमूर जिले के तरहनी के न्यू प्राइमरी स्कूल के हेडमास्टर हैं। राष्ट्रपति पांच सितंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में दोनों को पुरस्कृत करेंगी। 6 शिक्षकों का भेजा गया था नाम बता दें कि राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए बिहार राज्यस्तरीय चयन समिति की तरफ से कुल छह नाम थे। राष्ट्रीय चयन समिति के सामने सभी का प्रेजेंटेशन दिया था। इसमें कैमूर के न्यू प्राथमिक विद्यालय तरहनी के हेडमास्टर सिकंदर कुमार सुमन,

पश्चिमी चंपारण के डुमरिया इस्टेट उच्च माध्यमिक विद्यालय की सहायक शिक्षक मेरी आडलिन, नवादा के सिरदला हेमजा, भारत उच्च माध्यमिक विद्यालय के सहायक शिक्षक राजेश कुमार शामिल थे।

# बगहा में वन विभाग सतर्क, बैंक रोड, जटाशंकर चेक नाका समेत कई इलाकों में घूमता दिखा



**बगहा।** वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना के वन प्रमंडल-2 के अंतर्गत आने वाले वाल्मीकि नगर क्षेत्र में इन दिनों भालू की चहलकदमी से ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया है। वन क्षेत्र से सटे रिहायशी इलाकों में भालू की बढ़ती गतिविधियों ने स्थानीय निवासियों को सतर्क कर दिया है। पिछले कुछ दिनों से यह भालू एन जी वाई हाई स्कूल परिसर, बैंक रोड, जटाशंकर चेक नाका, मनोरंजन स्थल, ई-टाइप कॉलोनी, और ऊपरी शिविर क्षेत्र में घूमता हुआ देखा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भालू ने जल संसाधन विभाग के खाली पड़े ट्रेजरी ऑफिस में अपना ठिकाना बना लिया है। हालांकि, भालू द्वारा किसी पर हमला करने की कोई घटना सामने नहीं आई है, लेकिन उसकी उपस्थिति से लोग डरे हुए हैं। कई लोगों ने भालू की तस्वीरें खींचते हुए भी देखा गया है। इस मामले में वाल्मीकि नगर के रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि भालू वन क्षेत्र से भटककर रिहायशी इलाकों में आ गया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए सावधानी बरतें। वन विभाग की टीम भालू को सुरक्षित तरीके से वापस वन क्षेत्र में ले जाने के लिए प्रयासरत है। वाल्मीकि नगर के निवासियों को वन्य जीवों से जुड़े किसी भी खतरे से बचने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। वन विभाग ने भालू पर नजर रखने के लिए टीम तैनात की है, ताकि जल्द से जल्द उसे सुरक्षित रूप से वापस जंगल में पहुंचाया जा सके।

# मुजफ्फरपुर में 30 फीट गहरे सीवरेज में फंसे 3 मजदूर



**मुजफ्फरपुर।** में बुधवार सुबह 3 मजदूर करीब 30 फीट गहरे सीवरेज में फंस गए। घटना में दो मजदूरों की मौत हो गई। एक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, तीनों मजदूर दूसरे राज्य के हैं। यहां ठेके पर काम करने आए थे।' एक स्थानीय मजदूर ने बताया कि 'यहां स्मार्ट सिटी का काम चल रहा है। ये लोग पाइप खोलने के लिए गए थे। इनके पास सेफ्टी बेल्ट भी नहीं था। ऑक्सीजन की कमी और गर्मी की वजह से ये सभी मजदूर बेहोश हो गए थे।' फिलहाल सीवरेज को JCB की मदद से भर दिया गया है। घटना सुबह 9 बजे अहियापुर थाना क्षेत्र के दाउदपुर कोठी की है। मिली जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 8.30 बजे तीन मजदूरी सिवरेज की सफाई के काम को लेकर इकठ्ठा हुए। कुछ में समय के बाद उनका ठेकेदार भी वहां पहुंचा। इसके बाद तीनों मजदूर एक बड़े लोहे के सीढ़ी और एक बड़ी रस्सी के सहारे सीवरेज के अंदर के घुस गए। उस समय ठेकदार भी मौजूद था। इसी बीच सीवरेज के अंदर गई रस्सी टूट गई और नीचे अफरातफरी मच गई। ठेकेदार भाग निकला। इधर, सिवरेज के अंदर से आ रही आवाज को सुन पास से गुजर रहे कुछ लोगों ने आसपास में जानकारी दी। घटनास्थल से 25 मीटर की दूरी पर ही आबादी बसी हुई है। लोगों की भीड़ जुटी और मजदूरों को बाहर निकालने का प्रयास शुरू हुआ और पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सुबह 9 बजे सभी लोग काम करने के लिए आए थे।

# गया में महिला की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या



**गया।** में बदमाशों ने एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतका अपने पति के साथ बाइक से जा रही थी, इसी दौरान उसे गोली मारी गई। पति का कहना है कि उसके एक सहयोगी ने तीन महीने पहले उसे जान से मारने की धमकी दी थी। आज वो मुझे मारना चाहता था, लेकिन गोली पत्नी को लग गई, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना चंदौती-बुनियादगंज थाना के बॉर्डर स्थित अलीपुर के पास घटी है। मृतिका की पहचान अमीषा दास (33) के रूप में हुई है।घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची बुनियादगंज थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि, घटना चंदौती थाना क्षेत्र में हुई है। मृतिका के पति विजय कुमार (38) का कहना है कि वह चाकन्द थाना क्षेत्र के सुढना गांव में रहते हैं। हम दोनों पति-पत्नी प्रभु यीशु के धर्म प्रचारक हैं। हम दोनों मिलकर लंबे समय से ये काम कर रहे थे।

### पश्चिम बंगाल में सरकार नाम की कोई चीज नहीं



**पटना।** केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने बंगाल में जारी विरोध और हंगामे पर ममता सरकार को घेरा है। बुधवार को पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए ललन सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। वहां अराजकता का माहौल है। उन्होंने कहा कि हमें आश्चर्य होता है कि वहां की CM महिला हैं और महिला पर अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन हो रहा है तो वो लाठी चार्ज कराती हैं। पानी का बौछार करवाती हैं, आंसू गैस छुड़ाती हैं।

# मोतिहारी में कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन, लोगों में दिखा उत्साह




**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण लोकसभा सीट से 7वीं बार एनडीए उम्मीदवार राधामोहन सिंह को जीत मिलने के बाद एनडीए कार्यकताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इसको लेकर एमएलसी महेश्वर सिंह की ओर से हरसिद्धि विधानसभा के गायघाट में निर्वाचित सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह का अभिनंदन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सांसद राधामोहन सिंह के सम्मान के साथ-साथ चनाव में बथ जीताने वाले कार्यकर्ता और नेताओं को भी फूल बुके और अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एनडीए के तमाम नेता भी मौजूद रहे। सांसद राधामोहन सिंह ने 2025 विधानसभा चुनाव में एनडीए की बंपर जीत होने का दावा किया है। इसके साथ ही राधा मोहन सिंह ने कहा कि यह बड़े सम्मान की बात है। कार्यकताओं के मेहनत का नतीजा है कि एनडीए की जीत हुई है। इन्हीं कार्यकर्ता का जोश है कि आनेवाले चुनाव में हम एक बार फिर से बंपर जीत दर्ज कर बिहार में एनडीए की सरकार बनाएंगे। विधान पार्षद महेश्वर सिंह ने कार्यकर्ता सम्मान समारोह को लेकर कहा कि लोकसभा चुनाव में एनडीए के तमाम कार्यकताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था।

# 100 से अधिक गांव के लोग बाढ़ से प्रभावित ऊंचे स्थान पर पलायन करने के लिए मजबूर



मोतिहारी में कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन, लोगों में दिखा उत्साह**पटना।** भागलपुर के नवगछिया में गंगा और कोसी में लगातार बढ़ोतरी रही है। जिले के नदियों में पिछले दिनों हुए पानी में बढ़ोतरी के कारण 100 से अधिक गांव के करीब लाखों लोग इससे प्रभावित हैं। यह सभी लोग ऊंचे स्थान ढूंढ कर अपने मवेशी और परिवार के साथ किसी तरह जीवन यापन कर रहे हैं। इनके लिए खाने की भी ठीक से व्यवस्था नहीं है। बिहपुर और गोपालपुर इलाके के करीब सैकड़ों ग्रामीण ने अपना आशियाना भागलपुर के हवाई अड्डा मैदान में बनाया है। जहां पर मवेशी समेत पूरा परिवार रहने को मजबूर है। भास्कर संवाददाता ने बाढ़ पीड़ितों से उनका हाल जाना है। साथ ही जीवन यापन को लेकर सवाल किया। बाढ़ की त्रासदी को झेल रहे हजारों परिवार में सैकड़ों अपने मवेशी के साथ हवाई अड्डा में रह रहे हैं। भास्कर रिपोर्टर ने आधा दर्जन बाढ़ पीड़ितों से बातचीत की है। बातचीत के दौरान नाथनगर के अजमेरीपुर (दियारा) के रहने वाले चंगुरी मंडल ने बताया कि प्रत्येक साल बाढ़ की त्रासदी को झेलते हैं। आशियाना भी प्रत्येक साल बनाना पड़ता है। हम लोग के पास ऊंचे स्थान पर जगह जमीन नहीं है। इसके कारण जब भी बाढ़ आता है। तब आशियाना उजड़ जाता है। मजदूर परिवार के लोग पक्का घर बनाने में असमर्थ पीड़ित प्रत्येक साल एक झोपड़ी नुमा घर बनाते हैं। इन्हें पता होता है कि बाढ़ इन्हें खत्म कर देगी। जिसके कारण पक्का मकान नहीं बनाते है। मजदूर परिवार के लोग पक्का घर बनाने में भी असमर्थ रहते हैं। इन लोगों का कहना है कि सरकार ने आज तक हम लोगों को इंदिरा आवास का फायदा नहीं दिया। जिससे हम पक्की मकान को बना सके, अगर पक्की मकान होता तो शायद मेरा आशियाना खत्म नहीं होता। पीड़ित आगे बताते हैं कि जिला प्रशासन दावा करते है कि हवाई अड्डा में हम लोग मवेशी व परिवार के साथ रह रहे है। सारी सुविधाएं मुहैया कराने का दावा है। लेकिन, ना शौचालय है। न शुद्ध पानी का व्यवस्था, ना दो वक्त कि खाना पकाने का व्यवस्था है। न मोबाइल चार्ज हो पा रहा है। लोगों का साफ तौर पर कहना था कि आठ मवेशी हम लोग के पास है। 15 दिन से हम लोग यहां पर है। 15 दिन में 2 दिन खाना बनाए है। बाकी दिन सुखा खाना से गुजर रहा है। सत्तू व सुखी चीज खाकर कर रहे गुजारा महिलाएं गायत्री देवी बताती है कि घर में सदस्य कम है, इसीलिए सत्तू व सुखी चीज को खाकर गुजारा करना पड़ता है। 15 दिन में 2 दिन भी मेरे घर खाना नहीं बना है। खाना इसलिए नहीं बना है, क्योंकि इनके पास साधन नहीं है। जिला प्रशासन की तरफ से इन लोगों को खाना मुहैया नहीं कराया गया। यही, वजह है कि सिर्फ बाढ़ की परेशानियों से नहीं बल्कि सिस्टम के भी परेशानियों से भी जूझना पड़ रहा है। भास्कर संवाददाता ने एक दर्जन से अधिक परिवार से बातचीत की है। जिला प्रशासन की तरफ से मवेशी डॉक्टर और मवेशी चारा, और पालिथीन और बिजली का व्यवस्था जरूर किया है। लेकिन, इसमें भी लोगों का आरोप है कि कहीं बिजली जलती है, तो कहीं नहीं जलती है। जिला प्रशासन की तरफ से पॉलीथिन दिए गए है। लेकिन, खाने की व्यवस्था नहीं है। सैकड़ों परिवार फिलहाल भागलपुर के हवाई अड्डा मैदान में अपने मवेशी के साथ रह रहे हैं। बाढ़ राहत का काम जारी इस्माइलपुर और गोपालपुर प्रखंड में लगातार बाढ़ राहत कार्य जारी है। एक ओर जहां लगातार तीन स्थलों पर सामुदायिक किचन चला कर बाढ़ प्रभावित लोगों को निरंतर भोजन कराया जा रहा है। वहीं, बाढ़ आश्रय स्थलों पर लगातार निरंतर साफ सफाई की मुकम्मल व्यवस्था की जा रही है। नगर परिषद नवगछिया भी बढ़

राजपूत गर्भवती और महिला मरीजों को अच्छे स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए

# केएम हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ गर्भवती महिलाओं सहित आम महिला मरीजों को रहे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक

**महिलाओं में एनीमिया की समस्या फास्ट फूड के ज्यादा सेवन से बढ़ रही है : केएम**

**केएम हॉस्पिटल में स्त्री रोग विभाग बना गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान**

**सभी महिलाओं को करानी चाहिए खून की जांचः डा. इला अग्रवाल**



**मथुरा।** महिलाओं में एनीमिया की समस्या बढ़ती जा रही है जो चिंता का विषय है। गर्भवती महिलाओं से लेकर आम महिलाओं को खून की जांच कराते हुए शरीर में खून की मात्रा का संतुलित रखना बहुत जरूरी है। अक्सर देखा गया है कि ज्यादातर महिलाओं द्वारा फार्स्ट फूड के सेवन से पोषक तत्वों की मात्रा बेहद ही कम होती जा रही है। केएम हॉस्पिटल के डाक्टर्स आम महिलाओं सहित गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ्य के प्रति निरंतर जागरूक कर रही है।

केएम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में इन प्रकार की समस्याओं को लेकर आने वाली महिलाओं को स्त्रीरोग विभाग की वरिष्ठ चिकित्सक डाक्टर धन सिंह, डा. इला अग्रवाल, डा. शिप्रा सक्सैना एवं डा. देवयानी, डा. सपना राजपूत निःशुल्क इलाज के साथ खून की कमी से बचने की जानकारी तथा गर्भवती महिलाओं को एनीमिया समस्या से निजात दिलाने हेतु उपाय बता रही हैं। स्त्री रोग विशेषज्ञ डाक्टर्स टीम ने बताया कि महिलाओं में खून की कमी मासिक रक्तस्त्राव के कारण देखी जा रही है। आयरन, फोलिक एसिड और विटामिनी बी 12 जैसे पोषक तत्वों के साथ सही मात्रा में खानपान न होने के कारण महिलाओं में यह समस्या उत्पन्न हो रही है। वहीं अक्सर महिलाएं 8-9 प्रतिशत हीमोग्लोबिन को अपने शरीर के लिए उचित मानती है लेकिल यह गलत है, हर महिला में खून की मात्रा 11 से 12 प्रतिशत रहनी चाहिए। उन्होंने बताया महिलाएं हरी सब्जियां, मौसमी फल, दालें और सलाद के स्थान पर फास्ट फूड का ज्यादा सेवन कर रही हैं। लेकिन पर्याप्त मात्रा में शरीर में खून नहीं बन रहा है। केएम के मेडीसन विभाग के डा. अतुल ठाकुर ने बताया रोजाना बड़ी संख्या में मरीज ओपीडी में एनीमिया से ग्रसित आ रहे हैं। अपने आहार में आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन सी, विटामिन बी 12 और अन्य महत्वपूर्ण पोषक तत्वों को शामिल करें। पालक, अंडा, मांस, ड्राईफ्रूट, फल, दालें, अनाज आदि का सेवन करें। नियमित रूप से व्यायाम करें और पर्याप्त नींद लें। समय पर खाना खाएं और तम्बाकू व अल्कोहल से दूरी बनाएं। खून की कमी के लक्षण शरीर में थकान और कमजोरी सांस लेने में परेशानी होना बुखार के साथ शरीर में कम्पन त्वचा में सूखापन और सूजन होना सिरदर्द और नींद नहीं आना मांसपेशियों और नसों का दुर्बल होना धड़कन तेज होने से बैचेनी चक्कर और कभी कभी उलटी होना भूख कम लगना, खाने में स्वाद न लगना खून की कमी से बचने के उपाय।

## भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति द्वारा 2 दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर और महापंचायत का आयोजन किया गया









**मथुरा।**
भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति द्वारा 2 दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर और महापंचायत का आयोजन किया गया किसान भवन डैमपियर नगर मथुरा मैं जिसमैं पूरे भारत के किसान भाई बहन आये है जिनकी प्रमुख समस्याओं को लेके मुख्यमंत्री जी और प्रधानमंत्री जी के नाम पर ज्ञापन मथुरा सिटी मजिस्ट्रेट को दिया गया ।सिटी मजिस्ट्रेट ने किसान की मथुरा के किसनाओ कुछ प्रमुख समास्यों को वहाँ पर सुना और निस्तारण के आश्वाशन दिया। इस मौके पर मदन सिंह राघव( ज़िला अध्यक्ष) मथुरा मुकुल शर्मा) युवा ज़िला अध्यक्ष) मथुरा आकाश गुप्ता (युवा उपाध्यक्ष ) मथुरा महवीर स्वामी जी ( प्रदेश महामंत्री) और राष्ट्रीय सरंक्षक राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष अन्य ज़िले और प्रदेश के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कुट्टू के पकोड़े खाने से फूड़ पोइजनिंग से बीमार





**मथुरा।** श्रीमान जिलाधिकारी महोदय एवं श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा महोदय द्वारा थाना फरह क्षेत्रांतर्गत कुट्टू के पकोड़े खाने से फूड़ पोइजनिंग से बीमार/अस्पताल में उपचाराधीन लोगो से वार्ता कर उनका कुशलक्षेम जाना गया तथा बेहतर उपचार सुनिश्चित कराने हेतु मैडिकल स्टॉफ को निर्देशित किया गया।

## जनकपुरी में भूमि पूजन के साथ मंगल कार्य शुरूःआगरा में कोठी मीना बाजार में हुआ पूजन



**आगरा।** आगरा में जनकपुरी महोत्सव के मंगल कार्य बुधवार को भूमि पूजन के साथ शुरू हो गए। कोठी मीना बाजार में सांसद एसपी सिंह बघेल ने पत्नी सहित विधि विधान के साथ भूमि पूजन किया। शाम को नगर विकास मंत्री एके शर्मा भी जनकपुरी महोत्सव की तैयारियों की जायजा लेने पहुंचेंगे। बुधवार को आचार्य राहुल मुद्गल ने पूजन कराया। संचालन गौरव राजावत ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से केन्द्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल, जनकपुरी महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, प्रमोद वर्मा (राजा जनक), मेयर हेमलता दिवाकर, मधु बघेल, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पुरुषोत्तम खंडेलवाल, विधायक जीएस धर्मेश, एमएलसी विजय शिवहरे,राज्य महिला आयोग की सदस्य निर्मला दीक्षित, राहुल चतुर्वेदी, हेमन्त भोजवानी, अशोक कुलश्रेष्ठ, केशव जी, मुनेन्द्र जादौन, राहुल सागर, राजीव शर्मा, अनुराग उपाध्याय, सचिन गर्ग, पार्षदगण पूजा वर्मा, रेनू गुप्ता, राधारानी, विवेक शर्मा, संजय अग्रवाल, दिलीप पटेल, मनोज वर्मा, सतीश शर्मा आदि उपस्थित थे। मेयर और नगरायुक्त ने लिया जायजा

भूमि पूजन के बाद नगरायुक्त अंकित खंडेलवाल व मेयर हेमलता दिवाकर ने जनकपुरी स्थल व क्षेत्र का जायजा लिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, गौरव राजावत व राहुल चतुर्वेदी ने उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। नियमित साफ सफाई व बारिश के कारण बढ़ी हुई झाड़ियों को कटवाने का अनुरोध किया। जनकपुरी क्षेत्र में जगह-जगह जल भराव व सीवर की भी समस्या है। जनकपुरी महोत्सव कार्यालय के बाहर भी बारिश में पानी भरने से दिक्कत आ रही है। वहीं सबसे प्रमुख कार्य कोठी मीना बाजार में भव्य और दिव्य रूप लेने जा रहे जनकपुरी महल के लिए भूमि समतल कराने की बात उठाई गई। मेयर व नगरायुक्त ने सभी विकास कार्य जल्दी से जल्दी पूरे कराने का आश्वासन देते हुए जनकपुरी महोत्सव को भव्य और दिव्य बनाने में पूरा सहयोग करने की बात कही।

## दीपावली बाद विप्रा की हनुमत विहार आवासीय योजना के प्लाटों की लाटरी




**मथुरा।** मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण की वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत राल में विकसित की जा रही आवासीय योजना हनुमत विहार के लिए प्लाट आवंटन लाटरी के माध्यम से दीपावली उपरांत किया जाएगा। इस योजना के लिए करीब 7500 आवेदन आए थे जिनकी जांच पड़ताल का काम तेजी से चल रहा है।

मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने मीडिया को पूछने पर बताया कि लैंड पूलिंग योजना के तहत राल में विकसित हनुमत विहार आवासीय योजना के ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन के आवेदन पत्र और उनके साथ संलग्न प्रमाण पत्रों की जांच का काम तेजी के साथ किया जा रहा है। इस योजना के लिए 7500 के करीब आन लाइन आवेदन आए थे। लोगों की मांग पर आनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाई गई थी। उन्होंने बताया कि हनुमत विहार आवासीय योजना में प्लाट के लिए 31 जुलाई तक ऑन लाइन आवेदन की तिथि तय की गई थी जिसे बढ़ाकर 10 अगस्त किया गया। पूरी संभावना है कि नवंबर माह के दौरान लोगों को लाटरी से प्लाट आवंटित कर दिए जाएंगे।

विप्रा उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि हनुमत विहार आवासीय योजना 26.67 हेक्टेयर क्षेत्रफल में विकसित की गई है जिसमे 230 आवासीय प्लाट हैं। इसमें 170 वर्ग मीटर से 230 वर्ग मीटर के 26 प्लाट, 120 से 150 वर्ग मीटर के 77 प्लाट और 70 से 119 वर्ग मीटर के 127 प्लाट हैं।। इनकी दर 25300 वर्ग मीटर है।

## भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण अपने मूल गर्भ ग्रह में शीघ्र विराजमान होंगे- महंत नृत्य गोपाल दास





**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्मभूमि ईदगाह के हिंदू पक्षकार दिनेश शर्मा राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट एवं श्री कृष्ण जन्मभूमि के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास जी से भेंट की, संपूर्ण विषय की जानकारी देते हुए मामले को रखा सामने, हर संभव मदद का आश्वासन दिया, माला पहनाकर दिनेश शर्मा का किया सम्मान श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष एवं पक्षकार दिनेश शर्मा ने आज जंक्शन रोड स्थित महंत नृत्य गोपाल दास जी के हनुमान मंदिर आश्रम पर पहुंच कर उनसे मुलाकात कर आशीर्वाद लिया तथा श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर विवाद की संपूर्ण जानकारी दी. स्वास्थ्य कारण से बोलने में असमर्थ महाराज जी ने केवल इतना कहा कि आपका त्याग, आपका संघर्ष, व्यर्थ नहीं जाएगा, भगवान कृष्ण मूल गर्भ ग्रह में विराजमान अवश्य होंगे. श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रतिनिधि आवश्यकता पड़ने पर आपकी कानूनी मदद करने को हर समय तैयार हैं. हिंदूवादी दिनेश शर्मा ने बताया कि महाराज जी आपके आशीर्वाद से, काशी प्रबुद्ध परिषद, समस्त अखाड़ा परिषद के संत, पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के आचार्य, इतिहासकार, एवं पुरातत्वविद न्यायालय में गवाही देने को तैयार है,संपूर्ण भारतवर्ष में जन जागरण के तहत न्यास के लोग भगवान कृष्ण जन्मभूमि का अलख जगा रहे हैं. बाबा रामचरण दास जी ने महाराज जी के आशीर्वाद के रूप में दिनेश शर्मा को माला पहनकर अभिवादन किया. महाराज जी से जुड़े संतों ने कहा कि एक समिति बनाकर विद्वान लोगों को न्यास से जोड़ें जिससे भगवान श्री कृष्ण की लड़ाई मजबूत पक्ष रखकर न्यायालय में लड़ी जा सके. अभी महाराज जी ब्रज क्षेत्र में कुछ दिन निवास करेंगे, आप जब चाहे जब जाकर परामर्श ले सकते हैं,इस अवसर पर बाबा कन्हैया दास,राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पाठक, गिरिराज सिंह बाल्मीक ,डा जमुना शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री अश्वनी कुमार शर्मा, राजेश कृष्ण शास्त्री, ठा नरेश सिंह, जिला अध्यक्ष गुंजन शर्मा, आचार्य सृष्टि सारस्वत, राहुल गौतम,कन्हैया कौशिक, ललित अग्रवाल, रौनक उपाध्याय,बलराम चौधरी,राहुल चौधरी उपस्थित थे

## संक्षिप्त डायरी

### जन्माष्टमी पर पवित्रता सुनिश्चित नहीं कर सके अधिकारी

### जन्माष्टमी से पूर्व जिन दुकानों पर कार्यवाही की वहीं फिर बिकता मिला मीट

**मथुरा।** मथुरा को तीर्थ स्थल घोषित किये जाने के बाद इसकी पवित्रता सुनिश्चित करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। जिसमें अधिकारी कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। जन्माष्टमी पर भी अधिकारी तीर्थ क्षेत्र में मीट के अवैध कारोबार पर रोक लगाने में नाकाम रहे। जन्माष्टमी से पहले तीर्थ क्षेत्र में शामिल नवनीत नगर में तीन दुकानों पर कार्यवाही की गई थी। इस संयुक्त कार्यवाही में नगर निगम, खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस के अधिकारी शामिल थे। इसके बाद नगर निगम तथा खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने दावा किया था कि इस तरह के कारोबार को होने की छूट नहीं दी जा सकती है जो भी लोग इस तरह का काम करते पकड़े जाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। बावजूद इसके मिलीभगत से चल रहे इस कारोबार पर रोक नहीं लगी। बुधवार को एक बार फिर नवनीत नगर में नगर निगम की टीम ने कार्यवाही की और उसी क्षेत्र में मीट बिक्री होती मिली जिन्हें निगम की ओर से पहली कार्यवाही में सीज किया गया था। नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त राकेश त्यागी ने बताया कि बुधवार को फिर कार्यवाही की गई है। नवनीत नगर वार्ड तीर्थ स्थल क्षेत्र घोषित है। यहां जन्माष्टमी से पूर्व भी संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई थी। पुनः सूचना मिली कि यहां यह काम चल रहा है एक बार फिर कार्यवाही की गई। यहां मांस मदिर पर पूर्ण प्रतिबंध है। जो भी लोग इसका उल्लंघन करेंगे उनके खिलाफ कार्यवाही होगी। यहां मुर्गे और मछली का मीट मिला है। पूर्व की कार्यवाही में 50 किलो मीट जब्त किया गया था। उसे नष्ट कराया गया था। फिर पकडा गया है अब इनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### मॉडल मार्केट की राह का रोड़ा बनेंगी फुटपाथिया पार्किंग

**मथुरा।** महानगर की मॉडल मार्केट में फुटपाथिया पार्किंग रोड बन रही हैं। हाल फिलहाल जिम्मेदारों के पास इसका कोई स्थाई इलाज नहीं है, जिस तरह से महानगर में कमर्शियल बहुमंजिला इमारतें लगातार खडी हो रही हैं, उससे यह समस्या गहराती जा रही है। महानगर में करोड़ों रुपये खर्च कर ट्रैफिक लाइट लगाने के बाद उम्मीद थी कि यातायात व्यवस्था पटरी पर आ जाएगी। मगर, शहर के प्रमुख मार्ग, चौराहों होटल और हास्पिटल के सामने फुटपाथों पर अवैध पार्किंग के कारण जाम लगा रहता है। लोगों का कहना है कि यह स्थायी हल नहीं। शहर में स्थायी पार्किंग जरूरी हैं। फुटपाथ से पार्किंग को हटाना यातायात और नगर निगम के लिए चुनौती जैसा हो गया है। ये होटल और मार्केट रसूखदार लोगों की हैं। इनकी पहुंच भी ऊपर तक है तो उनसे किसी की हिम्मत नहीं होती कि उनकी पार्किंग को हटा सकें। ऐसे में स्मार्ट सिटी का सपना केवल एक सपने जैसा लग रहा है। कृष्णा नगर मार्केट हो या नया बस स्टेंड मार्ग इन मार्ग को मॉडल मार्केट के रूप स्थायी करने का जो ख़्वाब प्रशासन ने देख रखा है, पार्किंग इसमें बडा रोडा बन सकती है। कृष्णा नगर में कई नर्सिंग होम और क्लिनिक की अवैध पार्किंग फुटपाथ पर ही बनी हुई है। वहीं भूतेश्वर तिराहे से लेकर स्टेट बैंक चौराहा तक कई होटल स्वामियों ने फुटपाथ को पार्किंग के नाम पर घेर रखा है। यातायात और निगम का डंडा केवल ठेल ढकेल तक ही सीमित रहता है। शहर में कितना बड़ा आयोजन हो लेकिन इन रसूखदारों होटल और हास्पिटल की पार्किंग को हटाने की हिम्मत कोई नही जुटा पाता।

### तत्कालीन बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता दोष मुक्त

**मथुरा।** मथुरा में लेखाकारों एवं बाबू,ऑपरेटरों द्वारा मिली भगत से फर्जी चेक लगाकर विद्युत बिलों में करोड़ों का घोटाला किया गया था। इसमें 38 बिजली इंजीनियरों एवं कर्मचारियों को चार्ज शीट दी गई थी। चार्जशीट का जवाब देना कर्मचारियों ने शुरू कर दिया है। इस प्रकरण में पूर्व एक्सईएन एके पांडेय ने कमेटी के समक्ष अपना पक्ष रखा। बताया गया कि उपभोक्ताओं के खाते में चेक की राशि एवं ब्याज की राशि जोड़कर लाखों रुपये का राजस्व वसूला गया। कारपोरेशन को कोई भी वित्तीय छति नहीं हुई। जांच समिति इस बारे में पूरा विवरण लिखकर दिया और मौखिक तौर पर जानकारी दी। जारी आदेश में कहा गया कि कारपोरेशन के आदेशानुसार चेकों का बैंक से प्राप्त करने एवं उनका लेखीयकरण करने हेतु रोकड़िया राजस्व का प्राथमिक दायित्व निर्धारित है। अनियमितता के लिए एक्सईएन के पद पर तैनात अधिकारी का उत्तरदायित्व न्यूनतम है। उक्त एक्सईएन पर लगाया गया आरोप सिद्ध नहीं होता है। इसीलिए अधिशासी अभियंता एके पांडेय को दोष मुक्त करते हुए उनके विरूद्ध प्रचलित प्रकरण को समाप्त किया। यह आदेश उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेश पंकज कुमार ने पिछले दिनों जारी किए।

### ड्रेन के पानी से 200 एकड़ फसल जलमग्न

### राजीव भवन पहुंच कर ग्रामीणों ने बताया अपना दर्द

**मथुरा।** चौमुहां क्षेत्र के कई गांवों के ग्रामीण बुधवार को राजीव भवन पहुंचे और अपने खेतों में भरे पानी की समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया। ग्रामीणों ने कहा कि उनके खेतों में कोसी ड्रेन का पानी भरा है, फसल जल मग्न हो गई है। ग्रामीणों ने मांग की कि ड्रेन में बने बांध को तोड दिया जाए तो खेतों से में भरे पानी की समस्या का समाधान हो जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि कोसी ड्रेन में गांव पसौली चौमुहां पर ड्रेन में पक्का बांध लगा हुआ है। बांध को तोडने की ग्रामीणों ने मांग की है। छाता के गांव बिठौली, सैमरी, अकबरपुर आदि के ग्रामीण बुधवार को राजीवन भवन पहुंचे और इस संबंध में अधिकारियों को शियती पत्र दिया। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे खेतों में ड्रेन का पानी भरा हुआ है। पानी से फसल खराब हो रही हैं। बांध की वजह से ड्रेन में पानी आने नहीं जा पा रहे हैं। ड्रेन का पानी खेतों में जा रहा है और फसल जल मग्न हो गई है। करीब 200 एकड फसल में पानी भरा हुआ है। कोसी ड्रेन में लगे बांध को खुलवाया जाना चाहिए। माहित मीणा, संतोष कुमार, महावीर सिंह, अमित मीणा, यादराम, भगवत दयाल, दयालु, शिवम, नारायण सिंह, प्रेमचंद, नबाव सिंह, संतोष कुमार, खुशीराम गोल, नटवर सिंह, बदन सिंह, नेत्रपाल, दुर्गा सिंह आदि थे।

### इंजीनियरिंग छात्रा से रेप में IIT छात्र गिरफ्तार पुलिस ने कराया आमना-सामना, देखते ही बौखलाकर बोली- इसे छोड़ना नहीं

**आगरा।** में चलती कार में इंजीनियरिंग छात्रा से रेप के आरोपी आईआईटी जम्मू के छात्र को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। पुलिस ने आरोपी छात्र शिवांश को जम्मू से बुलाकर पीड़ित छात्रा के साथ आमना-सामना कराया। आरोपी को देखते ही छात्रा बौखला गई। कहने लगी- इसे छोड़ना नहीं। ये जेल जाना चाहिए। आरोपी छात्र, पीड़िता का कॉलेज में सीनियर रह चुका है। थाना सिकंदरा के प्रभारी निरीक्षक नीरज शर्मा ने बताया- आरोपी छात्र के खिलाफ पुख्ता सबूत मिले हैं। वह काफी समय से छात्रा का शारीरिक और मानसिक शोषण कर रहा था। इस वजह से छात्रा डिप्रेशन में पहुंच गई। शुरूआती जांच में सबूत मिलने पर शिवांश के खिलाफ कार्रवाई की गई। आज यानी बुधवार को उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।चौंकाने वाली बात यह रही कि पीड़िता 16 दिन पहले यानी 11 अगस्त को न्य आगरा और हरीपर्वत थाने पहुंची, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। फिर वह सिकंदरा थाने पहुंची। छात्रा ने पुलिस को बताया कि उसके साथ आरोपी ने चलती कार में रेप किया।

फिर अर्द्धनग्न हालत में सड़क किनारे फेंक दिया। यहां पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। आरोपी छात्र की लोकेशन जम्मू थी, इसलिए यह मान लिया गया कि छात्रा झूठ बोल रही है। लखनऊ के तकरोही की छात्रा आगरा के एक कॉलेज से इंजीनियरिंग कर रही है। गाजीपुर के जखनिया के चौजाखास का शिवांश सिंह वहीं से पासआउट है। पीड़िता का एक साल सीनियर रहा है। अभी जम्मू से आगे की पढ़ाई कर रहा है।छात्रा की शिकायत के बाद भी सिकंदरा थाने की पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता 14 दिन तक भटकती रही। जब थाने पहुंचकर अपने मामले की जानकारी मांगती तो पुलिस उसे भगा देती। रविवार को वह सिकंदरा थाने की दयालबाग पुलिस चौकी पहुंची। वहां पुलिस से भिड़ गई। फिर मऊ रोड़ पर आकर उसने अपने कपड़े उतार दिए।




# इन देशों में सुरक्षा की नहीं होगी चिंता, बेफिक्र होकर बनाएं घूमने का प्लान

कई लोग विदेश घूमने की इच्छा रखते हैं। विदेश घूमने के लिहाज से अधिकतर देश शानदार हैं। हालांकि विदेशों की खूबसूरती किसी भी टूरिस्ट के मन को आसानी से भा सकती है। लेकिन जब भी विदेश घूमने की बात आती है तो सबसे पहले हमारे दिमाग में यह आता है कि क्या वह जगह सुरक्षा के लिहाज से सही है। क्योंकि सेफ्टी हमारी फर्स्ट प्रायॉरिटी होती है। आज इस आर्टिकल के माध्यम से हम आपको कुछ ऐसे देशों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आपको सुरक्षा की चिंता करने की जरूरत नहीं होगी। आइए जानते हैं कि वह कौन-कौन से देश हैं, जहां पर आप बेफिक्र होकर घूम सकते हैं।

### आइसलैंड

आइसलैंड की आबादी 3,72,295 है। ग्लोबल पीस इंडेक्स के अनुसार, यह दुनिया का सबसे सुरक्षित देश हैं। बता दें कि यहां पर क्राइम रेट काफी कम है। इसके साथ ही यह हाई-सिक्योरिटी वाला देश भी है। सभी तरह के अपराधों के प्रति यहां के नागरिकों का एक मजबूत सामाजिक दृष्टिकोण है। यह देश धार्मिक स्वतंत्रता देने के साथ ही महिलाओम और पुरुषों को समान अधिकार देता है। अगर आप भी विदेश घूमने का प्लान बना रहे हैं तो आइसलैंड सुरक्षित देश है।

### न्यूजीलैंड

आपको बता दें कि न्यूजीलैंड की जनसंख्या 5,124,100 के आसपास है। यह देश भी घूमने और रहने के लिहाज से सुरक्षित है। यहां पर आप बेफिक्र होकर घूम सकते हैं। न्यूजीलैंड का भी क्राइम रेट कम है। हालांकि साल 2019 में क्राइस्टचर्च की दो मस्जिदों पर हुए आतंकवादी हमले के कारण यहां का क्राइम स्कोर थोड़ा कम हो गया है। यह पर आप सुरक्षा का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि न्यूजीलैंड में शांति वाले इलाके में पुलिस अपने पास हथियार भी नहीं रखती है।

### पुर्तगाल

साल 2014 के अनुसार, पुर्तगाल दुनिया का 18वां सबसे सुरक्षित देश है। ऐसे में आप बिना सुरक्षा की चिंता किए बगैर यहां पर घूम सकते हैं। 10,270,865 के करीब आबादी वाला यह देश विभिन्न कारणों से सबसे सुरक्षित देशों में शीर्ष 5वां स्थान अर्जित किया है। बता दें कि आर्थिक विकास के कारण इस देश की बेरोजगारी दर 17 प्रतिशत से 7 प्रतिशत तक कम हो गई है।

### आस्ट्रिया

26,177,413 के करीब जनसंख्या वाला देश आस्ट्रिया भी सुरक्षित देशों की गिनती में आता है। यहां पर भी अपराध दर काफी कम है। लेकिन यहां पर घूमने आने वाले टूरिस्टों और यहां पर रहने वाले स्थानीय निवासियों को जेबकतरों और पर्स-स्नैचर्स आदि घटनाओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए अगर आप भी यहां पर घूमने आना चाहते हैं तो



आपको जेबकतरों से सावधान रहने की जरूरत होगी।

### डेनमार्क

डेनमार्क 5,896,026 आबादी वाला देश है। बता दें कि ग्लोबल पीस इंडेक्स के अनुसार, यह दुनिया का 5वां सबसे सुरक्षित देश है। इस देश में अच्छी शिक्षा, अच्छा रोजगार और कम भ्रष्टाचार होने के साथ ही कुशल सुरक्षाबन मिलेगा। इसके अलावा यहां की हेल्थ सुविधाएं भी काफी बेहतर हैं। इस देश में लोग आरामदायक तरीके से अपनी जीवन व्यतीत करते हैं।

### कनाडा

कनाडा की कुल आबादी 37,742,154 के करीब है। आबादी के लिहाज से कनाडा काफी छोटा देश है। यहां का अधिकतर हिस्सा बंजर जंगल है और यह बंजर जंगल हजारों मीलों तक फैला हुआ है। लेकिन घूमने के लिहाज से यह काफी सुरक्षित देश है। इस देश का अपराध दर भी काफी कम है।

### सिंगापुर

सिंगापुर 59,43,546 के करीब आबादी वाला है। सिंगापुर में छोटी-मोटी चोरी और अन्य अपराधों के खिलाफ कुछ सख्त कानून हैं। जिसके कारण इसकी गिनती दुनिया के सुरक्षित देशों में होती है। हालांकि सिंगापुर को शहर-राज्य के रूप में परिभाषित किया गया है। इसलिए ऐसा कहा जा सकता है कि यह दुनिया के दूसरे नंबर का सबसे सुरक्षित राज्य है।

### जापान

जापान की जनसंख्या 125.93 मिलियन के आसपास है। सुरक्षा के लिहाज से यह सबसे सुरक्षित देश है। चीन और उत्तर कोरिया के करीब होने के बाद भी जापान एशियाई महाद्वीप का एक सुरक्षित और आर्थिक रूप से स्थिर देश है। वैश्विक शांति सूचकांक में जापान हमेशा हाई स्कोर हासिल करता है।

### चेक गणराज्य

चेक गणराज्य की आबादी 10,512,397 के करीब है। यहां पर हर वर्ष अपराध दर घटता प्रतीत होता है। यूरोप के अन्य देशों की तुलना में चेक गणराज्य सुरक्षित देशों में से एक है। यहां पर आप सुरक्षा की परवाह किए बिना आराम से घूम-फिर सकते हैं।

### स्विट्ज़रलैंड

स्विट्ज़रलैंड घूमने के लिए हर साल लाखों टूरिस्ट वहां पहुंचते हैं। बता दें कि यहां की आबादी 8.6 मिलियन के आसपास है। रहने और घूमने के लिहाज से यह देश सबसे ज्यादा बेस्ट है। फूड सिक्योरिटी के मामले में भी स्विट्ज़रलैंड दुनिया भर में चौथे स्थान पर है।

# सिक्किम घूमने का बना रहे हैं प्लान तो...

## इन खूबसूरत जगहों को करें एक्सप्लोर, जन्नत में आने का होगा एहसास

**देश** की टॉप ट्रैवल डेस्टिनेशन्स में नॉर्थ ईस्ट के कई राज्यों का नाम गिना जाता है। नॉर्थ ईस्ट की ट्रिप प्लान करने वाले अधिकतर लोग सिक्किम घूमना नहीं भूलते हैं। वैसे तो सिकिम्म में घूमने के लिए कई खूबसूरत जगहें हैं। ऐसे में अगर आप भी सिक्किम घूमने का प्लान बना रहे हैं तो इन जगहों को एक्सप्लोर करना न भूलें। इन खूबसूरत जगहों पर घूमने के बाद आपका वापस आने का दिल नहीं करेगा। हिमालय की गोद में बसा सिक्किम भले ही एक छोटा सा राज्य है। लेकिन यहां की खूबसूरत वादियों से लेकर नेचर की खूबसूरती आपका मन मोह लेगी। आज इस आर्टिकल के माध्यम से हम आपको सिक्किम की कुछ शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं उन जगहों के बारे में...

### त्सोमगो झील की सैर

अगर आप सिक्किम में किसी रोमांटिक जगह पर घूमना चाहते हैं तो त्सोमगो लेक आपके लिए बेस्ट ऑप्शन होगा। त्सोमगो लेक सिक्किम की राजधानी गंगटोक से महज 40 किलोमीटर दूर है। यह लेक 12,400 फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। इस लेक को चांगु झील के नाम से भी जाना जाता है। बता दें कि सर्दियों में यह लेक पूरी तरह से जम जाती है। वहीं बसंत ऋतु के मौके पर इस लेक की सुंदरता कई खूबसूरत फूलों से खिल उठती है।



### जुलुक का दीदार

जुलुक का दीदार करने के लिए सिक्किम की राजधानी गंगटोक से लगभग 3 घंटे का सफर तय करना होता है। इस दौरान रास्ते में 32 हेयरपिन मोड़ आपकी यात्रा को अधिक शानदार बना सकते हैं। वैसे तो जुलुक सिक्किम का एक छोटा सा और काफी खूबसूरत गांव है। लेकिन यहां से 11 फीट की ऊंचाई पर स्थित थुंबी व्यू प्वाइंट कंचनजंघा चोटी अपने खूबसूरत नजारों के लिए फेमस है। जुलुक की ट्रिप के दौरान कपुप लेक या हाथी झील का भी दीदार कर सकते हैं।

### पेलिंग की ट्रिप

गंगटोक से लगभग 140 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पेलिंग भी घूमने के लिए बेस्ट जगह है। यह जगह रोमांच के लिए फेमस है। पेलिंग का सफर एडवेंचर लवर्स के लिए बेस्ट हो सकता है। यहां पर एडवेंचर के शौकीन लोग रॉक क्लाइंबिग, ट्रेकिंग, कयाकिंग, माउंटेन बाइकिंग, रिवर राफ्टिंग जैसी कई एक्टिविटी कर सकते हैं। इसके अलावा सांगचोएलिंग मठ रिम्बी वॉटरफॉल स्काई वॉक और सेवारो रॉक गार्डन का दीदार कर अपने सफर को शानदार और रोमांचक बना सकते हैं।

### रंवगला

रंवगला सिक्किम का खूबसूरत हिल स्टेशन है। यह समुद्र तल से लगभग 8000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। हिमालय पर्वतों से घिरा रंवगला मैनम और तेंडोंग हिल्स टॉप पर मौजूद है। बता दें कि रंवगला गंगटोक से लगभग 63 किलोमीटर की दूर स्थित है। नेचर लवर्स के लिए रंवगला की सैर बेस्ट हो सकती है। यहां से आप ग्रेटर हिमालय के मनमोहक नजारों को बेहद नजदीक से देख सकते हैं।

# इन टिप्स को फॉलो कर हॉलिडे को बनाएं शानदार, ऐसे करें पैसों की बचत



कई लोगों को घूमना काफी पसंद होता है। कई बार लगातार ट्रैवल करने के बाद भी छकान नहीं होती है। लेकिन घूमने के लिए पैसों की भी जरूरत होती है। ऐसे में सेविंग्स का होना जरूरी होता है। घूमने के दौरान कई बार ज्यादा पैसा खर्चा हो जाता है। लेकिन अगर आप स्मार्ट तरीके से घूमने की प्लानिंग करें तो आप पैसों की बचत कर सकते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ट्रैवल के कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप ट्रैवल भी कर लेंगे और पैसों की सेविंग भी कर लेंगे।

### हॉलिडे की योजना

अगर आप भी छुट्टी पर जाने की सोच रहे हैं। तो सबसे पहले यह डिसाइड करें की आप रिलैक्सिंग हॉलिडे के लिए समुद्र तट पर चाहते हैं या एडवेंचर्स करना चाहते हैं। जब आपको यह पता होता है कि आप घूमने के लिए कहां जाने वाले हैं तो वहां होने वाले खर्चे और यात्रा कार्यक्रम की योजना पहले से बना लें। इस दौरान आपके लिए रियलिस्टिक बजट बनाना आसान हो जाएगा।

### रियलिस्टिक बजट

घूमने जाने की शुरूआत हॉलिडे रीयलिस्टिक बजट तय करने से शुरू होती है। आप कहीं भी घूमने जा रहे हों। कोई भी स्मार्ट ट्रैवलर यह बात काफी अच्छे से जानता है कि शानदार छुट्टियां बिताने के लिए एक रियलिस्टिक बजट की जरूरत होती है। जिसे आप आसानी से पहले ही बना सकते हैं।

### ट्रैवल और खरीदारी

घूमने जाने के दौरान बुकिंग या खरीदारी पर कैशबैक कमा सकते हैं। इससे आपकी ट्रैवलिंग आसान हो जाती है। कई बार खरीददारी करने पर या बुकिंग करने के दौरान आपको कैशबैक मिलता है। इसलिए हमेशा इस ऑप्शन को ओपेन रखना चाहिए।

### ऑफ सीजन में यात्रा

इस सीक्रेट को सभी स्मार्ट ट्रैवलर्स अपनाते हैं। अधिकतर ट्रैवल करने वाले ऑफ सीजन में यात्रा कर बड़ी बचत करते हैं। इस दौरान उनका ज्यादा खर्च नहीं होता है। क्योंकि वह ऑफ-पीक हॉलिडे सीजन में ट्रैवल करते हैं। ऑफ सीजन में ट्रैवल करने से फ्लाइट्स, होटल आदि सस्ते और आसानी से मिल जाते हैं।

### फ्लाइट्स चुनते समय फ्लेक्सिबल

पर्यटकों की आवाजाही सप्ताह के कुछ दिनों में कम होती है। इस समय यात्रा करने पर आपको सस्ती उड़ान भरने का मौका मिल सकता है। फ्लाइट की कीमत के आधार पर आप अपनी छुट्टियों को प्लान कर सकते हैं। इससे भी आप अच्छी खासी सेविंग कर लेंगे।

### हॉस्पिटैलिटी कंपनी

आपको बता दें कि अपने नियमित ग्राहकों के लिए कई प्रमुख होटल चेंस और एयरलाइंस बहुत कम या बिना किसी एडिशनल कॉस्ट के लॉयल्टी प्रोग्राम्स पेश करती हैं। इस दौरान आपको होटल चेंस और एयरलाइंस के जरिए स्पेशल ट्रीटमेंट मिलता है।

### क्रेडिट/डेबिट कार्ड

क्रेडिट या डेबिट कार्ड रिवार्ड पॉइंट अर्जित कर सकते हैं। यह पॉइंट अर्जित करने का एक क्विक और आसान तरीका है। जिसके बदले कई प्रमुख बैंक गिफ्ट्स और सर्विस के बदले में आपको रिवार्ड पॉइंट प्रदान करते हैं। जिन्हें किसी भी समय रिडीम किया जा सकता है।

### सस्ता विकल्प खोजें

अगर आपके पास पर्याप्त समय है तो आप उन विकल्पों को पता करें। जिनमें यात्रा सस्ती होने के साथ ही आने-जाने से लेकर रहने तक हर चीज के लिए काफी सारे विकल्प होते हैं। इस दौरान हॉलिडे प्लान करने के दौरान शानदार अनुभवों के लिए फ्लाइट्स के स्थान पर ट्रेनों की खोज करें।



# कॉलेज पासआउट दो से में एक युवा के पास रोजगार के लिए जरूरी योग्यता नहीं, सर्वे में खुलासा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आर्थिक सर्वे के अनुसार भारत की तेजी से बढ़ती जनसंख्या का 65 प्रतिशत 35 वर्ष से कम उम्र का है, लेकिन उमें से कई लोगों के पास आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक कौशल का अभाव है। अनुमान बताते हैं कि लगभग 51.25 प्रतिशत युवा रोजगार के योग्य माने जाते हैं। दूसरे शब्दों में इसका मतलब है कि सीधे कॉलेज से बाहर आने वाले लगभग दो में से एक युवा अब भी आसानी से रोजगार के योग्य नहीं है। हालांकि, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि पिछले दशक में स्किल्ड युवाओं का प्रतिशत लगभग 34 प्रतिशत से बढ़कर 51.3 प्रतिशत हो गया है। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने बताया कि भारत में शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण की स्थिति पर एनएसएसओ, 2011-12 (68वें दौर) की रिपोर्ट के अनुसार, 15-59 वर्ष की आयु के व्यक्तियों में लगभग 2.2 प्रतिशत ने औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वहीं, 8.6 प्रतिशत ने गैर-औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आर्थिक सर्वे के अनुसार देश में बढ़ते मानव संसाधन को काम मुहैया कराने के लिए गैर कृषि क्षेत्र में 2030 तक सालाना 78.5 लाख रोजगार सृजन करने की जरूरत है। सर्वे में कहा गया है कि कामकाज की उम्र का हर व्यक्ति नौकरी ही नहीं करेगा। उनमें से कुछ स्वरोजगार भी करेंगे और कुछ लोग नियोक्ता भी बनेंगे। सर्वे में कहा गया है कि देश का आर्थिक विकास नौकरियों से ज्यादा लोगों को आजीविका मुहैया कराने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। सभी स्तर के सरकारों और निजी क्षेत्र को भी इस में योगदान देना होगा। आर्थिक सर्वे के अनुसार कृषि क्षेत्र का श्रम बल जो 2023 में 45.8 प्रतिशत है वह 2047 तक धीरे-धीरे घटकर 25 प्रतिशत पर पहुंच सकता है। इसलिए 2030 तक हमें गैर कृषि क्षेत्र में सालाना करीब 78.5 लाख रोजगार मुहैया कराने होंगे। सर्वे के अनुसार 78.5 रोजगार सृजन का लक्ष्य पीएलआई (5 साल में 60 लाख रोजगार), मित्र टेक्सटाइल स्कीम (20 लाख रोजगार) और मुद्रा योजनाओं के क्रियान्वयन से हासिल किए जा सकते हैं।

## फाइनेंस फर्मों के साथ-साथ इन्फ्रा और ऑटो कंपनियों को हो सकता है फायदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला आम बजट मंगलवार 23 जुलाई को पेश होगा। सरकार से व्यक्तिगत टैक्स को कम करके या कंज्यूमर-सेंटर्ड क्षेत्रों पर खर्च बढ़ाकर एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में खपत को बढ़ावा देने की उम्मीद है। रायटर्स के मुताबिक ब्रोकरेज फर्मों ने कहा कि इससे कंज्यूमर्स गुड्स मेकर्स, रियल एस्टेट और हाउसिंग फाइनेंस फर्मों के साथ-साथ इन्फ्रा और ऑटो कंपनियों को फायदा हो सकता है, लेकिन कुछ क्षेत्रों को नुकसान भी हो सकता है। सिटी के मुताबिक सरकार द्वारा खपत को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण योजनाओं के लिए अधिक धन आवंटित किए जाने की उम्मीद है। इससे हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसी एफएमसीजी कंपनियों और टीवीएस मोटर व हीरो मोटोकॉर्प जैसी दोपहिया वाहन निर्माताओं को फायदा मिल सकता है।

# महंगा होगा चावल, एक्पोर्ट में राहत देने की तैयारी में मोदी सरकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उपभोक्ताओं के लिए चावल महंगी कीमत पर मिल सकता है क्योंकि मोदी सरकार एक्पोर्ट में राहत देने की तैयारी कर रही है। दरअसल, वरिष्ठ मंत्रियों की एक समिति चावल की कुछ किस्मों पर लगे प्रतिबंध की समीक्षा की जरूरत पर विचार कर रही है। अगर बैन हटा तो फिर चावल की कीमत में बढ़ौतरी होना तय है। वहीं, आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले साल जुलाई-अगस्त में चावल निर्यात पर लगे प्रतिबंधों से बासमती की तुलना में गैर-बासमती चावल पर ज्यादा असर पड़ा है।

## खुले बाजार में चावल बेचना शुरू करने जा रही सरकार

सूत्रों ने कहा कि समिति जल्द ही चावल की कुछ किस्मों के निर्यात पर प्रतिबंधों में ढील देने को लेकर दिए गए सुझावों पर विचार करेगी, क्योंकि इसका केंद्रीय पूल में



भंडार जरूरत से ज्यादा हो गया है। कुछ पर्यवेक्षकों का मानना है कि समिति प्रतिबंधों में ढील देने का फैसला खरीफ में धान की बोआई की स्थितिसाफ होने तक के लिए टाल सकती है। अगले महीने से केंद्र सरकार खुले बाजार में चावल बेचना शुरू करने जा रही है। केंद्र ने राज्यों को बगैर किसी निविदा के उससे चावल खरीदने की अनुमति भी दे दी है इस चावल की बिक्री 28 रुपये किलो नियत भाव पर होगी। इस फैसले से कई राज्य, खासकर दक्षिण भारत के राज्य अपनी खाद्यान्न योजना फिर से शुरू कर सकेंगे।

इस बात की भी संभावना है कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) का अतिरिक्त चावल एथनॉल बनाने के लिए भी दिया जाए, जो पिछले कुछ महीने से रुका हुआ है। ऐसा इसलिए भी है, क्योंकि अनाज से एथनॉल बनाने वाले सरकार पर (ओएमसी) द्वारा एथनॉल की एफसीआई के गोदामों से सस्ते खरीद दर में वृद्धि करने की मांग की चावल की आपूर्ति बहाल करने की थी मांग कर रहे हैं। उनका तर्क है कि ऐसा न होने से उनके संयंत्र बंद हो जाने खतरा है। उनका कहना है कि पिछले 6 महीने में खुले बाजार में टूटे चावल की कीमत औसतन 22 से 24 रुपये किलो से बढ़कर 27 से 29 रुपये किलो हो गई है। मक्के की कीमत भी औसत 22 से 23 रुपये किलो से बढ़कर 26 से 27 रुपये किलो पहुंच गई है। इस कीमत पर भी आपूर्ति सीमित है। ग्रेन एथनॉल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (जीईएमए) ने हाल ही में केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी को पत्र लिखकर एफसीआई के अतिरिक्त चावल की आपूर्ति बहाल करने या तेल विपणन कंपनियों (ओपीएस) द्वारा एथनॉल की खरीद दर में वृद्धि करने की मांग थी। सेंट्रल पूल में 1 जुलाई को चावल का स्टॉक करीब 563.1 लाख टन (धान सहित) था, जो पिछले साल की समान अवधि के स्टॉक की तुलना में करीब 16 प्रतिशत ज्यादा है। साथ ही मौजूदा स्टॉक, बफर स्टॉक के मानकों से उल्लेखनीय रूप से अधिक है। सूत्रों ने कहा कि मंत्रियों की समिति बासमती के न्यूनतम निर्यात मूल्य को मौजूदा 950 डॉलर से घटाकर 850 डॉलर करने पर भी विचार कर सकती है। इसके अलावा कुछ रॉ राइस को 500 डॉलर प्रति टन के हिसाब से निर्यात की अनुमति मिल सकती है, साथ ही प्रीमियम चावल की किस्मों जैसे सोना मसूरी और गोविंद भोग के निर्यात की भी अनुमति मिल सकती है।

# जॉब रिजर्वेशन विवाद में बैकफुट पर फोनपे के मालिक, बिना शर्त मांगी माफी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक में अटके पड़े नौकरी आरक्षण विधेयक पर अपनी टिप्पणी को लेकर मचे बवाल के बीच फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी कंपनी फोनपे के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर और फाउंडर समीर निगम ने रविवार को बिना शर्त माफी मांगी। उन्होंने कहा कि उनका कभी भी राज्य और उसके लोगों का अपमान करने का इरादा नहीं था। बता दें कि हाल ही में एक बयान के कारण फोनपे को सोशल मीडिया पर आलोचना और बहिष्कार का सामना करना पड़ा था। दरअसल, निगम ने कर्नाटक सरकार के नौकरियों के लिए कोटा विधेयक की आलोचना की थी। इसमें मूल रूप से प्राइवेट सेक्टर में स्थानीय लोगों के लिए आरक्षण का प्रस्ताव था। यह प्रस्ताव फिलहाल निलंबित कर दिया गया है।

## कंपनी ने क्या कहा?

रविवार को एक बयान जारी करते हुए समीर निगम ने कहा कि फोनपे का जन्म बेंगलुरु में हुआ था और टीम को ऐसे शहर में अपनी जड़ों पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है, जो अपनी ग्लोबल टेक्नोलॉजी टैलेंट और वाइब्रेंट डायवर्सिटी के लिए जाना जाता है। निगम ने कहा, मैंने हाल ही में मीडिया में कुछ रिपोर्ट्स पढ़े हैं, जिनमें मैंने पिछले सप्ताह नौकरी आरक्षण विधेयक मसौदे के बारे में कुछ व्यक्तिगत टिप्पणियां की थीं। मैं सबसे पहले यह स्पष्ट करना चाहूंगा कि कर्नाटक और उसके लोगों का अपमान करने का मेरा कभी इरादा नहीं था।

# 130 रुपये के शेयर ने पहले ही दिन दोगुना किया पैसा, 90 प्रतिशत फायदे पर लिस्टिंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सती पॉली प्लास्ट की शेयर बाजार में जबरदस्त लिस्टिंग हुई है। सती पॉली प्लास्ट के शेयर 90 पर्सेंट के प्रीमियम के साथ 247 रुपये पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हुए हैं। आईपीओ में सती पॉली प्लास्ट के शेयर का दाम 130 रुपये था। कंपनी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 12 जुलाई 2024 को खुला था और यह 16 जुलाई तक ओपन रहा। सती पॉली प्लास्ट के पब्लिक इश्यू का टोटल साइज 17.36 करोड़ रुपये का था।

## शानदार लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट

धमाकेदार लिस्टिंग के ठीक बाद सती पॉली प्लास्ट के शेयर 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 259.35 रुपये पर पहुंच गए हैं। जिन इनवेस्टर्स को आईपीओ में कंपनी के शेयर अलॉट हुए हैं, उनका पैसा पहले ही दिन दोगुना हो गया है। आईपीओ से पहले कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 86.30 पर्सेंट थी, जो कि अब 63 पर्सेंट रह गई है। सती पॉली प्लास्ट की शुरुआत जुलाई 1999 में हुई थी। कंपनी मल्टीफंक्शनल फ्लेक्सिबल पैकेजिंग मैटीरियल्स की मैन्युफैक्चरिंग करती है। सती पॉली प्लास्ट की 2 मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स हैं। एक प्लांट की हर महीने की कैपेसिटी 540 टन है। दूसरा प्लांट नोएडा के उद्योग केंद्र में है और इसकी कैपेसिटी भी महीने की 540 टन की है। कंपनी अपने पैकेजिंग मैटीरियल की सप्लाई असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र और राजस्थान में करती है। सती पॉली प्लास्ट का आईपीओ टोटल 499.13 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 670.62 गुना सब्सक्राइब हुआ। कंपनी के आईपीओ में नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स का कोटा 569.52 गुना सब्सक्राइब हुआ। जबकि क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स कैटेगरी में 146 गुना दांव लगा। सती पॉली प्लास्ट के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स सिर्फ 1 लॉट के लिए अप्लाई कर सकते थे। आईपीओ की एक लॉट में 1000 शेयर हैं। यानी, रिटेल इनवेस्टर्स को 130000 रुपये का इनवेस्टमेंट करना पड़ा है।

# 1 से बढ़कर 110 पर आया टाटा का शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा टेलीसर्विसेज (महाराष्ट्र) (टीटीएमएल) के शेयर आज सोमवार को फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 8 प्रतिशत तक चढ़कर 110 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। बता दें कि पिछले कई 5 कारोबारी दिन से टाटा ग्रुप के इस शेयर में रॉकेट की स्पीड है। पांच दिन में यह शेयर करीबन 50 प्रतिशत तक चढ़ गया है। इससे पहले शुक्रवार के इंट्रा-डे कारोबार में बीएसई पर यह शेयर 14 फीसदी की बढ़त के साथ 20 महीने के उच्चतम स्तर 111.48 रुपये पर पहुंच गया था। आपको बता दें कि टीटीएमएल के शेयर में लगातार मुनाफावसूली हो रही थी और यह शेयर 70 रुपये से नीचे पहुंच गया था। इसका 52 वीक का लो प्राइस 65.29 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 20,999.83 करोड़ रुपये है। बता दें कि 27 मार्च 2020 को इस शेयर की कीमत 1 रुपये थी। यानी अब तक यह शेयर 10,900 प्रतिशत चढ़ गया है।




## कंपनी का कारोबार

टाटा टेलीसर्विसेज लिमिटेड अपनी सहायक कंपनी टीटीएमएल (टाटा टेलीसर्विसेज) के साथ एंटरप्राइज क्षेत्र में बढ़ती बाजार प्रमुख है। यह टाटा टेली बिजनेस सर्विसेज (टीटीबीएस) ब्रांड नाम के तहत देश में व्यवसायों के लिए कनेक्टिविटी, सहयोग, क्लाउड और सास, सुरक्षा और मार्केटिंग सॉल्यूशंस का एक बड़ा पोर्टफोलियो प्रोवाइडर है। टाटा टेलीसर्विसेज के पास व्यापक, उच्च गुणवत्ता और मजबूत वायरलाइन नेटवर्क है और यह भारत भर के 60 से अधिक शहरों में अपने उत्पाद और सेवाएं प्रदान करता है।

## 24 जुलाई को है बोर्ड मीटिंग

हाल ही में एक एक्सचेंज फाइलिंग में टाटा समूह की कंपनी ने कहा कि कंपनी के बोर्ड मेंबर की एक बैठक बुधवार, 24 जुलाई, 2024 को होने वाली है। इसमें कई अहम फैसले लिए जा सकते हैं। वहीं, बुधवार, 17 जुलाई को टीटीएमएल ने कहा कि टाटा टेली बिजनेस सर्विसेज (टीटीबीएस) के एक नए रिसर्च के अनुसार, भारत के बढ़ते डिजिटल त्वरण से प्रेरित होकर, छोटे और मध्यम उद्यम (एसएमई) अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त के लिए तेजी से क्लाउड का लाभ उठा रहे हैं। देश भर में 58 प्रतिशत एसएमई का मानना है कि उनके पास उच्च स्तर की डिजिटल परिपक्वता है ।

# 5 शेयर करेंगे मालामाल ! अभी दांव लगाने से 3 से 4 वीक में ही हो जाएगा फायदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार बेंचमार्क निफ्टी 50 में पिछले सप्ताह 0.12 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इससे लगातार सातवें सप्ताह में तेजी देखी गई। शुक्रवार के बंद (19 जुलाई) तक बेंचमार्क इंडेक्स इस साल 13 फीसदी चढ़ा है। इस बीच, कई एनालिस्ट्स का मानना है कि बाजार के हाई वैल्यूएशन और मौजूदा आय सेशन की वजह से छोटी अवधि में कुछ उतार-चढ़ाव आ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर अनिश्चितता और फेड रेट कट से भी बाजार का रुख बदल सकता है। निवेशकों को केंद्रीय बजट 2024 का इंतजार है, जिसे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार, 23 जुलाई को पेश करेंगी। बाजार को उम्मीद है कि बजट वृद्धि समर्थक होगा और कुछ लोकलुभावन उपायों के साथ राजकोषीय विवेक पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। एक्सपर्ट के मुताबिक, बाजार की दिशा आगामी बजट नतीजों से तय होगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के रिसर्च प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अगर बजट उम्मीद पर खरा उतरता है तो यह बाजार में अधिक स्थिरता प्रदान करेगा। ऐसे में एनालिस्ट निवेशकों को सतर्क रहने और क्वालिटी शेयरों पर दांव लगाने की सलाह देते हैं। छोटी अवधि के लिए वे उन शेयरों को खरीदने की सलाह देते हैं जो टेक्निकल इंडिकेटर पर आकर्षक दिखाई देते हैं। कई एक्सपर्ट्स की सलाह के आधार पर आपको हम 5 ऐसे शेयरों के बारे में बता रहे हैं, जो अगले 3-4 हफ्तों में 10-18 पर्सेंट चढ़ सकते हैं। जिगर एस. पटेल, आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स टाइटन कंपनी को लेकर पॉजिटिव हैं। एनालिस्ट का मानना है कि निवेशक टाइटन के शेयरों को 3,235-3,265 रेंज के भीतर खरीदने पर विचार कर सकते हैं। 3,575 के टारगेट प्राइस तक संभावित तेजी की उम्मीद की जा सकती है। स्टॉप लॉस 3,090 पर रख सकते हैं। एनालिस्ट के मुताबिक, टेक्निकल इंडिकेटर्स को ध्यान में रखते हुए बजाज फिनसर्व में 1,620-1,645 रुपये के दायरे में लॉन्ग पोजिशन शुरू करना समझदारी भरा लगता है। इस एंट्री रेंज से 1,800 का टारगेट प्राइस हो सकता है।

# स्पेसेस बाय वेलस्पन ने दिखाई भोपाल की बेस्ट डीलरशिप्स

**भोपाल ।** स्पेसेस बाय वेलस्पन ने भोपाल में स्थित अपने शीर्ष डीलरशिप स्टोर्स दानवी इंटरप्राइजेस (शेड्स एंड स्प्रेड्स) को मिली शानदार पहचान का जोरदार स्वागत किया। यह सम्मान दानवी इंटरप्राइजेस (शेड्स एंड स्प्रेड्स) के शानदार प्रदर्शन और अटूट समर्पण को दिखाता है। यह डालरशिप्स स्पेसेस ब्रांड के एक अभिन्न अंग रहा है जिसने असाधारण प्रतिबद्धता और वफादारी का प्रदर्शन किया हैए जिसने वास्तव में ब्रांड की सफलता और विकास को आगे बढ़ाया है। प्रीमियम होम टेक्सटाइल केटेगरी में एक मार्केट लीडर, स्पेसेस बाय वेलस्पन, इनोवेटिव और प्रीमियम प्रोडक्ट की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है जो स्टाइल और फंक्शन दोनों पर ध्यान केंद्रित करती है।

# बजट के पहले सोने-चांदी के दाम गिरे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बजट के पहले कमोडिटी बाजार में भी सुस्ती दिखाई दे रही है। आज सोने में हल्की तेजी तो चांदी में गिरावट नजर आई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले सत्र में सोना 50 डॉलर टूटकर 2400 डॉलर पर तो चांदी 3 प्रतिशत लुढ़ककर 29.30 डॉलर के नीचे आ गई थी। घरेलू बाजार में भी सोने में 1,200 रुपए और चांदी में 2,100 रुपए की भारी गिरावट आई थी। आज भी बाजार थोड़े कमजोर ही नजर आए।

भारतीय वायदा बाजार पर सोना 71 रुपए (0.1 प्रतिशत) की तेजी के साथ 73,061 रुपए प्रति 10 ग्राम पर चल रहा था। शुक्रवार को 72,990 पर बंद हुआ था। वैसे गोल्ड आज 73,184 के भाव पर खुला था। आज चांदी भी खुली तो हरे निशान में थी लेकिन इसके बाद इसमें 278 अंकों की गिरावट दर्ज हो रही थी और ये 89,368 रुपए प्रति किलोग्राम के आसपास चल रही थी। पिछले कारोबारी सत्र में ये 89,646 रुपए पर बंद हुई थी।

## अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी गिरा सोना

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 2 फीसदी से ज्यादा गिरा है। इस हफ्ते सोना अपने ऑल टाइम हाई पर गया था। सितंबर में ब्याज दरों में कटौती की संभावनाओं से बाजार में तेजी बनी हुई थी लेकिन ऊपरी स्तरों से प्रॉफिटबुकिंग



आने के चलते यूएस स्पॉट गोल्ड 1.9 प्रतिशत गिरकर 2,399.27 प्रति औंस पर आ गया और यूएस गोल्ड फ्यूचर्स 2.3 प्रतिशत गिरकर 2,399.10 प्रति औंस पर गया।

## सर्राफा बाजार में भी लुढ़के सोना-चांदी

आभूषण विक्रेताओं की कमजोर मांग के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 750 रुपए की गिरावट के साथ 75,650 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके साथ सोने में पिछले छह कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लग गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 76,400 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 800 रुपए घटकर 75,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा। गुरुवार को यह 76,100 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,000 रुपए टूटकर 93,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर रही। पिछले कारोबारी सत्र में 94,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर रही थी। सोने की कीमतों में गिरावट का कारण वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और देश में आभूषण विक्रेताओं की मांग में आई गिरावट रही।

# स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ने पैसालो डिजिटल में बड़ा निवेश किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड (बीएसईः 511700), एक अग्रणी एनबीएफसी जो वैकल्पिक वित्तीय सेवाएं प्रदान करती है और सभी के लिए वित्तीय पहुंच और विकास को बढ़ावा देती है, यह घोषणा की कि एससीएमएल ने पैसालो डिजिटल लिमिटेड के साथ हाथ मिलाया है। पैसालो डिजिटल ग्रामीण भारत में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक अग्रणी वित्तीय सेवा कंपनी है।

यह निवेश एससीएमएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है जो वित्तीय अंतर को पाटने और कम सेवा वाले क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए नवीन समाधानों को उन्नत करता है। एससीएमएल का निवेश पैसालो डिजिटल को अपनी पहुंच और प्रभाव का विस्तार करने में सक्षम बनाएगा, जिससे अधिक ग्रामीण समुदायों को आवश्यक वित्तीय सेवाओं तक पहुंच प्रदान की जा सकेगी।


प्रौद्योगिकी और नवाचार में एससीएमएल की विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए, पैसालो डिजिटल अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म को बेहतर बनाएगा, जिससे सेवा वितरण सुचारू और कुशल होगा। इस सहयोग में संभावित रूप से अधिक लक्षित और प्रतिस्पर्धी उत्पादों की पेशकश भी शामिल है, जिसमें उधारकर्ताओं के लिए अधिक लचीले ऋण मानदंड शामिल हैं। स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री राम गोपाल जिंदल ने साझेदारी के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम ग्रामीण भारत में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उनके मिशन में पैसालो डिजिटल लिमिटेड के साथ सहयोग करने के लिए उत्साहित हैं। यह निवेश वित्तीय समावेशन के लिए हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

जो सकारात्मक सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन को प्रेरित करता है।

# एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लि.ने एएलएम फूड प्रोडक्ट्स के साथ फेसिलिटी समझौता किया

**मुंबई ।** एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीएसई : 543929, एनएसई : एचएमए एग्रो), प्रसंस्कृत खाद्य और कृषि उत्पादों में अग्रणी, ने घोषणा की है कि बफेलो मीट के लिए उसने एएलएम फूड प्रोडक्ट्स लिमिटेड (एएलएम फूड), पंजाब और एएलएम इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएलएम), सहारनपुर के साथ प्रसंस्करण, फ्रीजिंग और पैकेजिंग की सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए सुविधा (फेसिलिटी) समझौते किए हैं। इससे पहले, कंपनी ने 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और के लिए अपनी आय की घोषणा की थी। 31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए, कंपनी ने अपने कुल राजस्व में 49ब की वृद्धि दर्ज की, जो रु. 32,560.91 मिलियन (वित्त वर्ष 23) से बढ़कर रु. 48,618.72 मिलियन (वित्त वर्ष 24) हो गई। प्रभावशाली राजस्व वृद्धि के बावजूद, कंपनी के लाभ मार्जिन में गिरावट आई। यह गिरावट कच्चे माल की घरेलू कीमतों में वृद्धि और लाल सागर संकट के प्रभाव के कारण हुई है। हालांकि, प्रबंधन भविष्य के प्रति आशावादी है और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में स्थिरता आने पर लाभ मार्जिन में सुधार की उम्मीद कर रहा है। एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड एक खाद्य व्यापार संगठन के रूप में कार्य करती है। कंपनी जमे हुए ताजा भैंस के मांस, तैयार और जमे हुए प्राकृतिक उत्पाद, फल, सब्जियां और अनाज सहित प्रसंस्कृत खाद्य और कृषि उत्पाद प्रदान करती है। एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज दुनिया भर के ग्राहकों की सेवा करती है। कंपनी की उत्पादन क्षमता प्रति दिन 1,472 मीट्रिक टन है। कंपनी की अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा आगरा, उन्नाव, पंजाब, अलीगढ़, मेवात और परभनी में 6 शहरों में फैली हुई है। इसमें पूर्ण स्वचालन के साथ विनिर्माण और खुदरा बिक्री के लिए पूरी तरह से एकीकृत बुनियादी ढांचा है।

# देश में नैतिक पतन जारी है: इसे कैसे रोका जाए?



एल.एस. हरदेनिया

**हमारे देश में इस समय महिलाओं के साथ दुष्कर्म और अनेक अपराधों की खबरें आ रही हैं। महाराष्ट्र में अभी हाल में जो घटना हुई उसकी तो कल्पना ही नहीं की जा सकती थी। एक स्कूल की 4 साल की दो बच्चियों के साथ उसी स्कूल में काम करने वाले एक कर्मचारी ने दुष्कर्म किया। उसी महाराष्ट्र में कुछ दिनों बाद एक 7 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना की खबर सामने आई। असम में भी ट्यूशन से घर वापिस आ रही एक बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई। इसके विरोध में असम में पूरे राज्य में प्रदर्शन हुए।**

पश्चिम बंगाल और केरल सांस्कृतिक दृष्टि से देश के सर्वोपरि राज्य हैं। दोनों राज्यों को देश के महान संस्कृतकर्मियों ने योगदान दिया है। बंगाल में रवीन्द्रनाथ टैगोर, मदर टेरेसा, सुभाषचन्द्र बोस, ज्योति बसु, आदि शामिल हैं। अनेक कवि, सत्यजीत रे समेत अनेक फिल्मकर्मियों ने जन्म लिया है, ऐसे महान राज्य में एक महिला डाक्टर के साथ जो कुछ हुआ वह बंगाल के चेहरे पर कालिख है। इस महिला डाक्टर के साथ न सिर्फ दुष्कर्म किया गया वरन् उसकी हत्या भी की गई। घटना के बाद जो तथ्य सामने आ रहे हैं उनसे लगता है कि वह अनेक गुप्त बातों की जानकार थी जो मेडिकल प्रोफेशन में नहीं होना थी। वह इन बातों को उजागर करे उसके पहले ही उसकी हत्या कर दी गई।

केरल देश का संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदि क्षेत्रों में देश का ही नहीं वरन् दुनिया में भी सर्वोपरि है। अभी हाल में जाहिर किए गए आंकड़े से पता लगा है कि एक लाख में से 19 माताएँ या तो बच्चे के जन्म देने के तुरंत बाद या गर्भावस्था के दौरान मर जाती हैं। यह आँकड़ा अमरीका से भी आगे है। उसके विपरीत उत्तरप्रदेश में 1 लाख में से 167, मध्यप्रदेश में 173 असम में 195 महिलाएँ मृत्यु को प्राप्त होती हैं। शिक्षा के क्षेत्र में लगभग 100 प्रतिशत आबादी शिक्षित हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी इसी तरह पूरे देश में वह सर्वोच्च शिखर पर है। ऐसे प्रदेश में वहां के फिल्म जगत में काम करने वाली महिलाओं ने अपने साथ दुष्कर्म की शिकायत की। उनकी शिकायत के चलते वहां की सरकार ने एक अवकाश प्राप्त हाईकोर्ट जज की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया। इस आयोग ने वहां की सुप्रसिद्ध अभिनेत्रियों की शिकायत को सुना और यह आयोग इस नतीजे पर पहुंचा कि वहां की प्रसिद्ध अभिनेत्रियों की शिकायत सही है। इस आयोग की रिपोर्ट 2019 में मुख्यमंत्री को भेजी गई। परंतु किन्हीं कारणों से मुख्यमंत्री ने इस रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया। इस बीच उन पर दबाव बढ़ता रहा और इस माह में रिपोर्ट सार्वजनिक की गई। रिपोर्ट सार्वजनिक करने में इतनी देर क्यों हुई इस संबंध में मुख्यमंत्री ने अनेक प्रकार के स्पष्टीकरण दिये हैं जिनमें एक स्पष्टकीरण के अनुसार उनका कहना था कि देरी के लिए आयोग के अध्यक्ष ने स्वयं रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं करने का सुझाव दिया था।

कारण जो भी हो परंतु मलियालम में बनी फिल्में अद्भुत समझी जाती हैं। इन फिल्मों को बनाने में जिन अभिनेत्रियों का योगदान रहता है उनके साथ इस तरह का व्यवहार केरल को शर्मसार करने वाली घटना है।




हमारे प्रधानमंत्री कहते हैं कि भारतवर्ष शीघ्र ही विश्वगुरू बनेगा। परंतु जो विश्वगुरू बनने वाला है उसके 150 सांसदों एवं विधायकों के खिलाफ अपराधों के मामले दर्ज हैं। इन मामलों में कुछ दुष्कर्म के भी मामले हैं। जिस देश के 150 जनप्रतिनिधि अपराधों में शामिल हों वह कैसे विश्वगुरू बन पायेगा।

हमारे देश में इस समय महिलाओं के साथ दुष्कर्म और अनेक अपराधों की खबरें आ रही हैं। महाराष्ट्र में अभी हाल में जो घटना हुई उसकी तो कल्पना ही नहीं की जा सकती थी। एक स्कूल की 4 साल की दो बच्चियों के साथ उसी स्कूल में काम करने वाले एक कर्मचारी ने दुष्कर्म किया। उसी महाराष्ट्र में कुछ दिनों बाद एक 7 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना की खबर सामने आई। असम में भी ट्यूशन से घर वापिस आ रही एक बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई। इसके विरोध में असम में पूरे राज्य में प्रदर्शन हुए। परंतु इस घटना को लेकर वहां के मुख्यमंत्री ने जो प्रतिक्रिया जाहिर की वह चैंकाने वाली है। इस बच्ची के साथ अपराध करने वाला व्यक्ति अल्पसंख्यक पाया गया। इस बात का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में यहां के मूल निवासी अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हैं। शायद उनका किसकी ओर है यह वही बता सकते हैं।

समाज में आए दिन सभी रिश्तों को तोड़ते हुए घटनाएं हो रही हैं। एक समाचार के अनुसार एक पत्नी ने अपने बेटे के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। हत्या में तकिये का उपयोग किया गया। हत्या इसलिए की गई क्योंकि अपने पति की इस दूसरी पत्नि की निगाह अपने पति के रिटायर होने पर मिली भारी रकम पर नजर थी। उसको डर था कि उसका पति उनकी पहली पत्नि की संतानों को रकम का भारी हिस्सा दे देंगे। ऐसी स्थिति पैदा हो इसके पहले ही उसने अपने पति की हत्या कर दी। जिस पत्नि ने हत्या की वह स्वयं अपने पहले पति को तलाक देकर दूसरी शादी की थी।

एक और मामले में एक पति ने अपनी पत्नि की हत्या कर-के स्वयं थाने को सूचित कर दिया कि उसने अपनी पत्नि की हत्या की है। कारण उसे अपनी पत्नि के चरित्र पर संदेह था। इस तरह की घटनाएँ आएदिन हो रही हैं। पति-पत्नि का रिश्ता अत्यधिक विश्वास का रिश्ता होता है। परंतु उसमें भी कभी भी खटाई पड़ जाती है और हत्या के समान जघन्य अपराध हो जाते हैं। एक अखबार में खबर छपी है कि कुछ लोग महिलाओं के या बच्चियों के साथ दुष्कर्म का वीडियो बनाते हैं और फिर उस वीडियो को भारी कीमत पर बेचते हैं। इस अखबार के अनुसार यह एक बड़ा धंधा हो गया है। इसलिए इस तरह की खबरे पढ़ने को मिलती हैं कि महिला या बच्ची अपने को दुष्कर्म से मुक्त करने के लिए अपील करती हैं परंतु उसे बचाने के स्थान पर लोग उसका वीडियो बनाने में लगे रहते हैं। इस तरह की घटनाएं ही इस बात का सबूत है कि इंसान की संवेदनशीलता को क्या हो गया है? हम लाखों की संख्या में प्रवचन सुनने जाते हैं परंतु उस प्रवचन से हमारी आत्मा पर क्या असर हुआ यह ज्ञात नहीं होता है।

अभी हाल में महाराष्ट्र में एक हिन्दू संत ने इस्लाम के पैगंबर के खिलाफ अपमानजनक बातें की। उसकी प्रतिक्रिया में मध्यप्रदेश के छतरपुर नाम के स्थान पर मुसलमानों ने रोष प्रकट किया। थाने का घेराव किया और पुलिसकर्मियों को घायल किया। इस घटना के विरोध में पुलिस और प्रशासन ने सख्त कार्यवाही की। कार्यवाही के फलस्वरूप एक धनी मुस्लिम के मकान को नेस्तनाबूद कर दिया गया। न सिर्फ मकान को नेस्तनाबूद किया बल्कि जो वाहन वहां थे उनको भी तोड़ डाला। क्या वाहन भी प्रदर्शन में शामिल थे? फिर मकान को नेस्तनाबूद करने के पहले इस बात की भी जानकारी नहीं ली गई उसकी कानूनी स्थिति क्या है। यह भी बताया गया कि इस विशाल मकान के भीतर जो मूल्यवान वस्तुएं थीं जैसे गहने, टीवी, फ्रिज उनका क्या हुआ। यदि मकान गैरकानूनी था तो जब वह बन रहा था तब उसका निर्माण क्यों नहीं रोका गया। इस तरह की घटनाएं मध्यप्रदेश के और स्थानों पर भी हुई हैं और उत्तरप्रदेश में तो बड़े पैमाने पर हो रही हैं।

ऐसी घटनाओं के बारे में क्या रवैया अपनाया जाए यह कहना मुश्किल है क्योंकि उसके पीछे बड़े-बड़े प्रभावशाली व्यक्तियों का हाथ है ऐसा आरोप लगाया जाता है। कुल मिलाकर समाज में चाहे महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो या अन्य अपराध हों लगभग कानून अपने हाथ में लिया जा रहा है। इनको रोकने के लिए क्या किया जा सकता है? यह एक विचारणीय प्रश्न है?

इस समय बुलडोजर ऐसे मकान पर भी चला दिया जाता है जिसमें रहने वाले परिवार के केवल एक सदस्य ने अपराध किया हो। एक व्यक्ति द्वारा किए गए अपराध की सजा पूरे परिवार को क्यों दी जाती है? फिर हमारे देश के कानून के अनुसार अपराधी को सजा देने का अधिकार न्यायपालिका का है न कि पुलिस का। परन्तु आये दिन बुलडोजर चलाकर सजा पुलिस वाले दे रहे हैं जो सरासर गैरकानूनी है।

## संपादकीय

### जल्द हो फैसला

बंबई हाई कोर्ट ने कहा है कि अगर निचली अदालतें अग्रिम जमानत पर त्वरित फैसला नहीं लेती तो सारा बोझ हाई कोर्ट पर आ जाता है। एकल पीठ ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता वामन म्हात्रे की अग्रिम जमानत याचिका पर शीघ्र निर्णय न लेने पर ठाणे की कल्याण स्थित निचली अदालत से अप्रसन्नता जाहिर करते हुए यह टिप्पणी की। बीते हफ्ते म्हात्रे पर बदलापुर में हुए दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ हुए प्रदर्शनों में महिला पत्रकार के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां करने का आरोप है। याचिकाकर्ता का कहना है कि सत्र अदालत उसकी याचिका पर सुनवाई स्थगित कर रही है। अदालत ने कहा कि जब याचिका किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता से संबंधित है तो आदर्श रूप से अदालत को कम से कम अंतरिम सुरक्षा का अनुरोध करने वाले आवेदन पर विचार करना चाहिए। अदालत ने नागरिक की स्वतंत्रता के लिए गिरफ्तारी से पहले ही जमानत के लिए आवेदन स्वाकरने या अंतरिम सुरक्षा प्रदान करने का फैसला जल्द लेने का भी सुझाव दिया। चूंकि खासकर इस मामले में याचिकाकर्ता पर ऐसा गंभीर आरोप नहीं है, न ही वह अपराधी है, जिसे फौरन जमानत न दी जाए। हालांकि राजनीतिज्ञों के मसले में आम तौर पर अदालतें फौरी तौर पर बीच का कोई मार्ग ले लेती हैं। महिला के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी माफी योग्य अपराध नहीं है। बच्चियों के यौन शोषण को लेकर जनता में भी भारी आक्रोश है। राजनेताओं से जितनी समझदारी की उम्मीद की जाती है, उसमें वे विफल होते हुए कई दफा नजर आते हैं। वे उस जनता के भी नुमाइंदे हैं, जो पीड़िता है और जो प्रदर्शन कर रही है। उन्हें सार्वजनिक तौर पर शालीनता भरा बर्ताव करना चाहिए। सत्र अदालत टिप्पणीकर्ता को सख्त हिदायतों के साथ जमानत दी जा सकती थी परंतु कई दफा ऐसे गंभीर और चर्चित मामलों में नेताओं के साथ बरती जाने वाली नरमियत को लेकर आमजन नाराजगी भी व्यक्त करते हैं। यह कहना गलत न होगा कि हो सकता है अदालत इस विवाद से बचना चाहती हो। रही बात ऊपरी अदालतों के बोझ की तो कई बार सबसे बड़ी अदालत भी उच्च न्यायालयों को मामले को अपने स्तर पर ही निपटाने संबंधित हिदायतें देती रही है। व्यक्ति की स्तंत्रता महत्त्वपूर्ण है परंतु जब वह शासन में है, तो उसकी पहुंच का भी ख्याल रखा जाना अनुचित नहीं कहा जा सकता। दरअसल, निचली अदालतों की इस मामले में महती जिम्मेदारी है, जिसका निभाह होना चाहिए।

## चिंतन-मनन

### कर्त्तव्य को बनाएं सर्वोपरि लक्ष्य

अध्यापक ने विद्यार्थियों से पूछा- 'रामायण और महाभारत में क्या अंतर है?' विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी समझ के अनुसार उत्तर दिए। अध्यापक को संतोष नहीं हुआ। एक विद्यार्थी ने अनुरोध किया- 'आप ही बताइए' अध्यापक बोला-रामायण और महाभारत में सबसे बड़ा अंतर है 'हक-हकूक' का। रामायण में राम ने अपना अधिकार छोड़ा, राज्य छोड़ा और चौदह वर्षों तक वन में जाकर रहे। वे चाहते तो अधिकार के लिए लड़ाई कर सकते थे। दशरथ उन्हें वन में नहीं भेजना चाहते थे। अयोध्या की जनता उनके वन-गमन से व्यथित थी। पर राम ने अपने कर्त्तव्य को अधिकार से ऊपर रखा। पिता के कहे का पालन उनके जीवन का महान आदर्श था। महाभारत का संपूर्ण कथानक अधिकारों की लड़ाई का कथानक है। कौरव और पांडव आपस में चचेरे भाई थे। भाई-भाई के रिश्तों में जो गंध होती है, मिठास होती है, अपनापा होता है, उसका दर्शन ही वहां कहां होता है! पांडव सब कुछ जुए में हार गए। सब वादे पूरे कर वे लौटे तो दुर्योधन ने पांच गांव तो क्या, सूई की नोक के बराबर भूमि भी देने से मना कर दिया। ये दो उदाहरण हैं - हमारे सामने। प्रथम उदाहरण अपनेपन से भरे आत्मीय संबंधों का है। यह संबंधों की मधुरता व्यक्ति को कभी आत्मकेंद्रित नहीं होने देती। वह अपने बारे में नहीं सोचता; परिवार, समाज और देश के बारे में सोचता है। उसका अपना कोई स्वार्थ होता ही नहीं। पद-प्रतिष्ठा और सुख-सुविधा के संस्कारों से वह ऊपर उठ जाता है। ऐसा वही व्यक्ति कर सकता है, जो कर्त्तव्य को अपने जीवन का सवरेपरि लक्ष्य मानता है। वह संस्कृति सफल होती है जो कर्त्तव्यनिष्ठा व्यक्तियों को जन्म देती है। वह शताब्दी सफल होती है, जो कर्त्तव्य की धारा को सतत प्रवाही बनाकर जन-जन तक पहुंचाती है। वह परंपरा सफल होती है, जो कर्त्तव्य का बोध देती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि पूजा-प्रतिष्ठा, मान-सम्मान और सुख-सुविधा की अर्थहीन चिंता छोड़कर व्यक्ति अपने जीवन को कर्त्तव्य के लिए समर्पित कर दे।

# आपदा के जख्म : समेज त्रासदी एक दुखान्त



नरेंद्र भारती



बेहरम आपदा समेज गाँव के लोगों को बहुत ही गहरे व अमिट जख्म दे गई 31जुलाई की मनहूस रात ने समेज गाँव को तहस नहस कर दिया जख्म नासूर बन गए हैं जो ताउम्र नहीं भर सकते ऐसी त्रासदी में खोये अपनों की याद पल पल आती रहेगी चंद सेकेण्ड में अपनों को छीन लिया समेज गाँव का नामोनिशान मिट गया केवल मात्र दो घर बचे हैं आशियाने बह गए। 23 लोग अभी लापता हैं प्रशासन ने सर्च ऑपरेशन बंद कर दिया है 13 अभागों की क्षत विक्षत लाशें ही मिल सकी हैं। बरसात का सैलाब 23 लोगों को पता नहीं कहाँ बहाकर ले गया ऐसी त्रासदी बहुत ही खौफनाक थी जो समेज गाँव के लिए काल बनकर आई और तबाही का ऐसा मंजर किया की सब कुछ छीन लिया। छोटे छोटे बच्चे भी बह गए नहंने फूल मुरझा गए। समेज गाँव के लोगों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा की यह बेरहम बरसात इतना गहरा दर्द देगी जो ताउम्र सहना पड़ेगा। सर्च ऑपरेशन काफी दिनों तक चलता रहा। समेज गाँव श्मशान बन गया गाँव के 36 लोगों का काल का ग्रास बन जाना बहुत ही दुखद है आत्मा सिहर उठती है। समेज गाँव स्वर्ग था कुदरत ने नरक बना दिया। प्रकृति की गोद में बसा समेज गाँव में कभी खुशियों से गुलजार था बच्चों की किलकारियां गूंजती थी लेकिन अब सुनसान व वीरान हो चूका गाँव मलबे मे तब्दील हो चूका है अब वीरान बन चूका है। अपने बिछड़ चुके हैं समेज गाँव का नामोनिशान मिट चूका है मकान जमीदोज हो चुके हैं चारों तरफ मलबा बिखरा हुआ है चारों तरफ चीत्कार मचा हुआ है लोग बदहवास हैं गाँव गमगीन है हर आँख नम है,अपनों का गम है अपनों को खो चुके लोगों की आँखे पथरा गई हैं समेज गाँव के लोग जुलाई की स्याह रात कभी नहीं भूल पाएंगे ऐसी रात सदियों तक याद रहेगी बच्चे छीन लिए माँ बाप छीन लिए बेकसूर लोगों को चंद सेकेण्ड में सुला दिया ताउम्र अपनों की याद आती रहेगी आत्मा सिंहर उठती है गाँव के लोगों का एक साथ काल का ग्रास बन जाना बहुत बड़ी त्रासदी है रोंगटे खड़े हो जाते है कैसे यह प्रलय हुआ होगा आसूंओं का सैलाब निर्बाध बह रहा है असहनीय व दर्दनाक पीड़ा से जूझ रहे हैं, आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं भूखे प्यासे लोग अपनों को ढूंढ रहे हैं रो -रो कर आँखो का पानी सूख चूका है आँखों में सूजन हो गई है दिन रात एक आशा है की कब उनके अपने मिल जाएँ जो मलबे में दफन हो चुके हैं मीलों दूर बह चुके हैं एक एक दिन युग लग रहा है। तबाही का ऐसा मंजर लाशों का अंबार लगा गया सैलाब में बह चुके लोगों के शव मिल रहे हैं जो क्षत विक्षत हो चुके हैं। प्रकृति ने तबाही की ऐसी इबारत लिखी है की सब कुछ तबाह हो गया जीवन पटरी से उत्तर गया है। कुदरत ने ऐसा मंजर दिखाया है की उबरने मे कई साल लग जायेंगे पल भर मे आँखो के सामने सब कुछ बह गया। कुदरत ने जरा भी रहम नहीं किया बेरहम हो गई और गाँव का हर आँगन सूना कर दिया,गाँव की गलियों को वीरान कर दिया पूरे गाँव को श्मशान बना दिया है किसी की नहीं बक्शा बच्चों से लेकर बुजुर्गो व महिलाओं को पल भर मे मौत की नींद सुला दिया। कुदरत ने ऐसी लीला रची है की आने वाली सात पीढ़ीयां भी नहीं भूल सकती। त्रासदी में घर के चिराग बुझ गए माताओं व बहनों के सुहाग उजड़ गए बहनों ने अपने भाई खो दिए हैं। कुदरत अब बहुत हीं तांडव कर रही है और लाशों का अंबार लगा रही है। प्रशासन दिन रात सर्च ऑपरेशन कर रहा था। जान जोखिम में डाल कर सुरक्षा टीमें शवों को खोज रही थी जब तक समेज गाँव के सभी लोग नहीं मिल जाते तब तक ऑपरेशन जारी रखना चाहिए हर आदमी अपनी भूमिका निभा रहा है सामाजिक संस्थाएं भी सहयोग कर रही हैं। कुछ शव मिल चुके हैं शव मीलों दूर बह चुके हैं। कुदरत ने बहुत गहरे जख्म दे दिए जिन्हे भरने में बहुत समय लगेगा। अपनों की याद ताउम्र सालती रहेगी। आपदा के जख्म रिसते रहेंगे समेज त्रासदी एक दुखान्त बन गई ऐसे दुःख का अंत नहीं होगा ताउम्र याद आती रहेगी। दुखों का यह अंतहीन सिलसिला जीवन भर सहना पड़ेगा।

# जनधन : आसान होती विकसित भारत की राह



नितेश रंजन




प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएम जेडीवाई) दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल की आज 10वीं वर्षगांठ है। यह एक बुनियादी समावेशन परियोजना है जिसे प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में 2014 में शुरू किया गया था। जनधन योजना ने अर्थव्यवस्था में वित्तीयकरण, औपचारिकरण और डिजिटलीकरण के उद्देश्यों को प्राप्त करने में सहायता की है। आज जबकि ५३ करोड़ से अधिक जनधन बैंक खाते खोले जा चुके हैं, भारतीय अर्थव्यवस्था में लगभग 80प्र. वयस्कों का किसी बैंक या किसी वित्तीय संस्थान में खाता है। यह 2500 अमेरिकी डॉलर के बराबर प्रति व्यक्ति आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के लिए वैश्विक मानदंडों की तुलना में कहीं अधिक है।

खाते खोले जाने से महिलाओं (जनधन खातों में 55प्र. हिस्सेदारी) के साथ-साथ पिरामिड के निचले हिस्से के लोगों को भी सशक्त बनाने में मदद मिली क्योंकि सरकार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के हिस्से की सब्सिडी बिना किसी लीकेज के सीधे उन्हें प्रदान करने के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) का उपयोग किया। भारत ने तीन महत्त्वपूर्ण आयामों को साथ जोड़कर डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना कार्यनीति को सावधानीपूर्वक तैयार किया जिससे यह संभव हुआ जैसे कि जैम ट्रिनिटी और बैंक खाता (जनधन) इस ट्रिनिटी का महत्त्वपूर्ण हिस्सा था, इसके अतिरिक्त डिजिटल पहचान (आधार) और मोबाइल नंबर भी इसका हिस्सा हैं। डीबीटी के उपयोग के माध्यम से इसने राजकोषीय बचत को बढ़ावा दिया। मार्च, 2023 तक संचयी बचत 3.5 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है क्योंकि सरकार लगभग 7 लाख करोड़ रुपये सालाना अंतरित करती है। 'बैंक रहित' लोगों के पास अब बैंक खाते तक पहुंच है और उन्हें निःशुल्क रूपे कार्ड प्रदान किया गया है जिससे अर्थव्यवस्था में नकदी के कम उपयोग को बढ़ावा मिला है। डीबीटी के 65प्र. से अधिक लाभार्थी ग्रामीण क्षेत्रों से हैं, जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में जनधन की भूमिका का संकेत मिलता है।

जनधन की शुरू आत के दो साल बाद अप्रैल, 2016 में भारत में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस या यूपीआई नामक तत्काल भुगतान प्रणाली की शुरू आत की गई जिसने खुदरा डिजिटल भुगतानों के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान में यूपीआई के माध्यम से 1200 करोड़ मासिक डिजिटल भुगतान लेनदेन ने इसे विश्व स्तर पर मान्यता प्रदान की है। भुगतान/वित्तीय लेनदेन के मामले में यूपीआई क्रांति के लिए बुनियाद तैयार करके इसमें जनधन ने प्रमुख भूमिका निभाई है। जनधन और यूपीआई ने मिल कर डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के निर्माण को बढ़ावा दिया है, जो डेटा एक्सेस या अंतर-संचालनीयता के विस्तारीकरण बनाने में सहायता प्रदान करता है, जिसका लाभ वित्तीय संस्थानों द्वारा छोटे टिकट की उधारी की ऋण हामीदारी के लिए लिया जा सकता है। इसने फिनटेक जगत में नवोन्मेषिता को भी बढ़ावा दिया है। कुल मिला कर 2014 में जनधन से शुरू हुए सुधार उसके बाद 2015 में यूपीआई और फिर 2017 में जीएसटी ने भारत को 'विश्व में सबसे बड़ा 'निजी डेटा-कैश' वाला 'डेटा संपन्न देश' बनाने में सहायता प्रदान की है।

भारत वर्तमान में विश्व में डिजिटल क्रांति का नेतृत्व कर रहा है। डिजिटल अर्थव्यवस्था में सबसे तेज वृद्धि उचित इकोसिस्टम के माध्यम से प्राप्त हुई है जिसकी नींव 2014 में जनधन सुधार के माध्यम से रखी गई थी। डिजिटल वित्तीय इकोसिस्टम में नवीनतम जुड़ाव यूएलआई (यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस) है जो विशेष रूप से ग्रामीण और छोटे उधारकताओं, जिनकी ऋण मांग अभी भी पूरी नहीं हुई है, को परेशानी रहित ऋण प्रदान करता है। यह कृषि, एमएसएमई आदि के क्षेत्र में छोटे उधारकताओं के लिए वित्तीय क्रांति होगी। आरबीआई गवर्नर के अनुसार, 'जैम-यूपीआई-यूएलआई की 'नई ट्रिनिटी' भारत की डिजिटल अवसंरचना यात्रा में क्रांतिकारी कदम होगी।' बैंकिंग प्रणाली, पिरामिड के निचले हिस्से में लोगों हेतु छोटे-टिकट वाले उत्पादों के प्रावधान के माध्यम से बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्था को प्राप्त करके उल्लेखनीय वृद्धि कर सकती है। हम डीबीटी प्राप्तियों के आधार पर क्रेडिट इतिहास/क्षमता के साथ सूक्ष्म-ऋण, माइक्रो-इंश्योरेंस (जीवन, सामान्य और स्वास्थ्य बीमा के लिए पृथक और एक साथ) के साथ-साथ कम मूल्य के सुनियोजित निवेश योजना (एसआईपी) के माध्यम से सूक्ष्म-निवेश विकल्पों, सरकारी बॉन्ड में प्रत्यक्ष खुदरा भागीदारी के लिए आरबीआई के पोर्टल के माध्यम से कम टिकट निवेश जैसे उत्पादों पर विचार कर सकते हैं। बैंकों के लिए बाद वाले विकल्प विभिन्न निवेश विकल्पों को ढूंढ़ने के इच्छुक युवा आबादी की बढ़ती आकांक्षाओं को समझने का एक सुनहरा अवसर हो सकता है।
(लेखक यूनियन बैंक के कार्यकारी निदेशक हैं)

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ 09 पटना झ 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादक: श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवार मैनेजिंग एडिटर: डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादक: डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादक: तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# अगर हम वास्तविक समानता हासिल कर लें तो हर दिन एक उत्सव होगा

महिला समानता दिवस पर बात करते हुए अभिनेत्री काम्या पंजाबी ने कहा कि अगर वास्तविक समानता हासिल कर ली जाए तो हर दिन एक उत्सव होगा। काम्या ने कहा, हम इसके बारे में बात करते हैं और इसका जश्न मनाते हैं लेकिन सच्चाई यह है कि अगर हम वास्तविक समानता हासिल कर लें तो हर दिन एक जश्न होगा। यह किसी खास दिन या अवसर तक सीमित नहीं होगा। दुर्भाग्य से हमें समाज में अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है। लोग कहते हैं कि चीजें बदल गई हैं, लेकिन हम जानते हैं कि अभी भी भरोसे और विश्वास की कमी है। मुझे अक्सर लगता है कि समानता का विचार उन लोगों के लिए एक मजाक है, जो असमानताओं को नहीं देख पाते।

उन्होंने आगे कहा, मनोरंजन उद्योग में यह और भी मुश्किल है। यहां लोग एक-दूसरे का समर्थन करने के बजाय अपना स्टेटस बनाए रखने पर अधिक ध्यान देते हैं। समर्थन की यह कमी और असुरक्षा हमें पीछे धकेल देती है। अभिनेत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम ऐसे क्षेत्रों में एक-दूसरे का समर्थन करना शुरू करें। मनोरंजन का मतलब दर्शकों का मनोरंजन करना है, लेकिन इसमें सामाजिक संदेश देने की भी शक्ति है। हमें एक-दूसरे का समर्थन करते हुए बेहतरीन चीजें बनाने के लिए एक साथ आने की आवश्यकता है। टेलीविजन शो में महिलाओं के काम को लेकर काम्या ने कहा, एक समय था जब महिलाओं को अक्सर कमजोर दिखाया जाता था, इसके बावजूद भी वह अपने दम पर दृढ़ रहते हुए अपने परिवार का समर्थन करने में कामयाब रहीं। समय बहुत बदल गया है, और अब हम स्क्रीन पर महिलाओं को शक्तिशाली रूप में देख सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, मेरा किरदार मोहिनी बहुत ही मजबूत और दृढ़ निश्चयी है। मेरा शो इश्क जबरिया भी दो महिलाओं के बीच के संघर्ष को दिखाता है कि कैसे वे कभी-कभी एक-दूसरे को नीचा दिखा सकती हैं। इसके अलावा शो का मुख्य किरदार गुलकी (सिद्धि शर्मा) एक मजबूत महिला है जो हार नहीं मानती और अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए हमेशा तैयार रहती है। काम्या वर्तमान में सन नियो के इश्क जबरिया में काम कर रही है।



# कृति सेनन ने बॉलीवुड का किया बचाव, कहा- फिल्मों से दर्शकों की अपेक्षाएं बढ़ीं

कृति सेनन ने इस वर्ष लगातार दो हिट फिल्में दी हैं। उन्होंने अपनी शानदार भूमिका से दर्शकों को प्रभावित भी किया। कृति अभिनय के साथ-साथ अपनी बातों को स्पष्टता से रखने के लिए भी जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने निखिल कामथ के पॉडकास्ट शो में बॉलीवुड पर चर्चा की। इस दौरान शो में निखिल के द्वारा की गई टिप्पणी कि बॉलीवुड फिल्म उद्योग पहले की तरह बेहतर नहीं कर पा रहा, पर अपनी प्रतिक्रिया दी। कृति ने इंडस्ट्री का बचाव करते हुए कहा कि आज के समय में दर्शकों की फिल्मों से अपेक्षाएं भी बढ़ गई हैं। वहीं, जब पॉडकास्ट में कहा गया कि बॉलीवुड इंडस्ट्री की सफलता में गिरावट आई है और पहले की तरह लोगों को रोजगार देने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। इस पर कृति ने अपनी असहमति जताई। उन्होंने अपनी फिल्म 'क्रू' और 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' का उदाहरण दिया। अभिनेत्री ने अपनी नजरिया साझा करते हुए विस्तार से बताया कि जहां एक समय 100 करोड़ रुपये कमाना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हुआ करती थी, वहीं अब यह एक मामूली आंकड़ा बन गया है। उन्होंने स्वीकार किया कि एक दौर ऐसा भी था जब बॉलीवुड फल-फूल नहीं रहा था, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि अब थिएटर मजबूती के साथ वापसी कर रहे हैं। अभिनेत्री की फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया', जो 9 फरवरी, 2024 को रिलीज हुई को जबरदस्त सफलता मिली है। इस फिल्म में कृति ने 'सिफ्रा' नामक एक ह्यूमनॉइड रोबोट की भूमिका निभाई है। अभिनेत्री ने स्क्रीन पर दर्शकों को अपनी उपस्थिति से प्रभावित किया।

वहीं, अपनी हालिया फिल्म 'क्रू' में कृति ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है और आलोचकों की प्रशंसा भी बटोरी है। करीना और तब्बू जैसी इंडस्ट्री की दिग्गज हस्तियों के साथ स्क्रीन साझा करने के बावजूद कृति का अभिनय शानदार रहा है, जिसने फिल्म की सफलता में अहम भूमिका निभाई। कृति के आगामी कार्यों की बात करें तो वह शशांक चतुर्वेदी की आगामी मिस्ट्री क्राइम-थ्रिलर 'दो पत्ती' नजर आएंगी।



# बतौर होस्ट रातोंरात स्टार बन गई थीं शिबानी, रिएलिटी शो में फरहान के साथ बढ़ीं नजदीकियां

शिबानी दांडेकर बॉलीवुड की दुनिया का जाना माना नाम हैं। अभिनय में आने से पहले अभिनेत्री जिस भी शो की मेजबानी करतीं, उसमें एक नई जान फूंक देती थीं। एक्टिंग से पहले शिबानी ने मॉडलिंग की दुनिया में भी खूब नाम कमाया है। इसके बाद उन्होंने अभिनय इंडस्ट्री में कदम रखा था। शिबानी ने अपने करियर में ज्यादातर अंग्रेजी शो ही होस्ट किए. उन्होंने टीवी शो ग्रैमी नॉमिनी स्पेशल में भी बतौर होस्ट काम किया है। शिबानी दांडेकर का जन्म 27 अगस्त 1980 में हुआ था। अपनी पढ़ाई पूरी कर काम की तलाश में शिबानी 2001 में न्यूयॉर्क चली गई थीं। न्यूयॉर्क में अभिनेत्री ने अमेरिकन टीवी शो से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने तीन टेलीविजन शो नमस्ते अमेरिका, वी देसी और एशियन वैरायटी को होस्ट किया। बतौर होस्ट शिबानी रातोंरात स्टार बन गई थीं। हालांकि, शिबानी का जीवन तब बदला, जब उनकी जिंदगी में प्यार की एंट्री हुई और उन्होंने अपने प्यार फरहान अख्तर से शादी रचाई। फरहान और शिबानी के प्यार की शुरुआत एक एक रियलिटी शो के दौरान हुई थी। इस शो के होस्ट फरहान थे। वही, शिबानी इस शो की कंटेस्टेंट थीं। रिएलिटी शो के दौरान ही ऐसी अफवाहें उड़ने लगी थीं कि फरहान और शिबानी एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। यही नहीं, जल्द ही चारों तरफ दोनों के रिलेशनशिप की चर्चाएं भी शुरू हो गई थी। फरहान और शिबानी का प्यार जब सबको दिखने लगा तो उन्होंने ने भी बगैर छुपाए इसे दुनिया के सामने जाहिर कर दिया।




# मैडॉक सुपरनैचुरल यूनिवर्स भेड़िया 2 में दिखेगा खौफ-दहशत का मंजर

स्त्री 2 की आपार सफलता के बाद प्रशंसकों को मैडॉक फिल्म्स की आगामी फिल्मों की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। स्त्री 2 मैडॉक की पांचवीं फिल्म है। अब जल्द ही इसकी एक और फिल्म भेड़िया 2 रिलीज होने वाली है। वहीं स्त्री 3 को लेकर भी प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। सबसे पहले बात करते हैं फिल्म स्त्री की। इस फिल्म में ओ स्त्री कल आना को लेकर कहानी की शुरुआत होती है। यह फिल्म 2018 में रिलीज हुई थी और इस फिल्म को प्रशंसकों का काफी अच्छा रिस्पांस भी मिला था। अब इसके बाद इसका दूसरा भाग स्त्री 2 14 अगस्त 2024 को रिलीज हुआ है। फिल्म अभी भी सिनामागरों में अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है। इस बार फिल्म में सरकटे का आतंक दिखाया गया है, जो दर्शकों को बेहद पसंद आ रहा है। अब बात करें स्त्री 3 की। तो इस फिल्म में वैम्पायर एंगल नजर आ सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में वैम्पायर का रोल आयुष्मान खुराना निभाएंगे और उनके साथ इस फिल्म में रश्मिका मंदाना की जोड़ी देखने को मिलेगी। साल 2022 में रिलीज हुई निर्देशक अमर कौशिक की फिल्म भेड़िया दर्शकों को बेहद पसंद आई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अब इस फिल्म का दूसरा भाग भेड़िया 2 को लेकर प्रशंसकों में बेहद उत्साह है। इस फिल्म में वरुण धवन एक बार फिर से खूंखार जानवर बनकर लौटेंगे। हालांकि, फिल्म की शूटिंग अभीतक शुरू नहीं हुई है।

अब बात करें 7 जून 2024 को रिलीज हुई हॉरर-कॉमेडी फिल्म मुंजा की। इस फिल्म ने भी दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई और बॉक्स ऑफिस पर सफल हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इसका सीक्वल जल्द ही आएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुंजा 2 में मैडॉक के आगे की फिल्म की झलक देखने को मिल सकती है, जैसे कि मुंजा में देखने को मिली थी।



# मुझे साधारण इंसान का रोल करना है, क्योंकि डाकू और पुलिस का किरदार अब ज्यादा हो गया है

डांसर, होस्ट और अब एक्टर बने राघव जुयाल अपनी फिल्म किल और वेब सीरीज ग्यारह ग्यारह को लेकर चर्चा में हैं। पिछले दिनों फिल्म किल में डाकू के रोल में वाहवाही लूटने वाले राघव जुयाल हाल ही ओटीटी पर पुलिस के रोल में भी दिखे। हमसे खास बातचीत में उन्होंने कहा कि अब वह किसी सामान्य इंसान का रोल करना चाहते हैं-

**हाल फिलहाल में आप डाकू भी बन गए और पुलिस भी बन गए। अब क्या बनना है इसके बाद?**

अब शायद LIC एजेंट बनना बाकी है। मेरा मतलब है कि मुझे एक सामान्य इंसान का रोल करना है, जिसकी एक नॉर्मल लाइफ हो। बंदा आराम से घर आ रहा है वापस। परिवार के साथ खा रहा है, पी रहा है। इधर पुलिस का रोल भी एक्सट्रीम हो गया, डाकू का भी हो गया। इसलिए ही कह रहा हूं कि अब मुझे नॉर्मल रोल दे दो।

**अपनी हालिया वेब सीरीज ग्यारह ग्यारह में आप पिछले दिनों आई फिल्म किल से एकदम अपोजिट अंदाज में दिखे?**

मैंने समझ लिया कि किल में इतना ज्यादा एक्शन होने की वजह से बच्चों की ऑडियंस मुझसे दूर हो गई थी। मुझे लगा कि फिर से अच्छा बच्चा बन जाना चाहिए। मेरी मम्मी ने जब किल फिल्म देखी, तो उन्होंने कहा कि तूने तो मुझे कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ा। तब उमेश सर ने उनसे बोला कि आप चिंता मत करो। मैं 1 महीने में इसकी इमेज सुधार दूंगा। वैसे मैं पिछले कुछ तीन-चार साल से अपनी इमेज ही सुधार रहा हूं।

**आप लोगों ने अपनी वेब सीरीज की शूटिंग उत्तराखंड में की। आपने साथियों के साथ कोई प्रैंक तो नहीं किया?**

हमारा शूटिंग का एक्सपीरियंस बहुत लाजवाब था। आउटडोर में शूटिंग का अलग ही मजा होता है। ऐसी रियल लोकेशन पर अगर हम किसी के साथ प्रैंक करेंगे, तो हमारे साथ ही प्रैंक हो जाएगा। वहां पर कभी हम पहाड़ की चोटी पर शूट कर रहे थे, तो कभी पहाड़ पर। आगे हजार फिट की खाई थी। हमने बहुत ठंडे मौसम मे शूट किया है। हर किसी ऐक्टर का सपना होता है किसी ऐसी स्क्रिप्ट का हिस्सा होना, मुझे अच्छा मौका मिला।

**इस सीरीज का ऑफर मिलने पर क्या प्रतिक्रिया थी आपकी?**

मुझे लगा कि इतने अच्छे मेकर्स और डायरेक्टर के साथ मौका मिल रहा है। हर किसी ऐक्टर का सपना होता है किसी ऐसी स्क्रिप्ट का हिस्सा होना। इतनी अच्छी कहानी, इतना अच्छा स्क्रीन प्ले, इतना अच्छा कॉन्सेप्ट, तो मैंने कुछ खास नहीं सोचा और हां बोल दिया। मेरा मानना है कि आपको जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए एक एक सीढ़ी चढ़नी पड़ती है। इसलिए मैं इस वेब सीरीज में एक करेक्टर प्ले करने को अपनी बहुत बड़ी उपलब्धि मानता हूं।



# अपारशक्ति खुराना के बयान से छिड़ा स्त्री 2 का क्रेडिट वॉर

स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। साथ ही वीकडेज पर भी अच्छी खासी कमाई करती नजर आ रही है। फिल्म के निर्माता, निर्देशक और स्टारकास्ट इसकी सफलता का जश्न मना रहे हैं। हालांकि, जहां सक्सेस क्रेडिट की बात आती है तो वह सबसे ज्यादा श्रद्धा कपूर को मिल रहा है। फिल्म में श्रद्धा की स्क्रीन टाइम भी कम रही है। ऐसे में बीते दिन बिट्टू का किरदार निभाने वाले अभिनेता अपारशक्ति खुराना के बयान ने हर किसी को चौंका दिया। अपारशक्ति खुराना ने कहा, मैं इस पर कुछ नहीं बोलूंगा, क्योंकि बात खुलेगी तो दूर तक जाएगी। मैं कुछ बोलना नहीं चाहूंगा, ऑडियंस जो कहे वो सही है। वहीं, अब इस क्रेडिट वॉर पर निर्देशक अमर कौशिक ने चुप्पी तोड़ी है। साथ ही अपने बयान से मामले को ठंडा करने की कोशिश करते नजर आए हैं।

स्त्री 2 के निर्देशक अमर कौशिक इस बात पर जोर देते हैं कि कहानी को एक स्टार तक ही सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि इसे सामूहिक प्रयास के रूप में सराहा जाना चाहिए। वहीं, फिल्म के मुख्य कलाकार को लेकर बहस तेज हो गई है, प्रशंसक उत्साहपूर्वक बहस कर रहे हैं कि क्या स्त्री 2 को राजकुमार राव या श्रद्धा कपूर की फिल्म के रूप में वर्गीकृत किया जाना चाहिए। इस पर कौशिक ने इसे महिला केंद्रित कहने से परहेज करते हुए कहा, मैं इसे ऐसा नहीं कहूंगा। कौशिक ने विस्तार से बताया, मैं इसे महिला केंद्रित फिल्म नहीं कहूंगा, यह उससे कहीं ज्यादा है। हां ये बात सच है कि फिल्म में महिला किरदार ज्यादा दमदार है। हमारी फिल्म में एक महिला पुरुषों को बचा रही है। स्त्री 2 का सितारा कौन है, इस सवाल को संबोधित करते हुए, कौशिक फिल्म के प्रचार कंटेंट की ओर इशारा करते हैं, जिसमें इसके कलाकारों का संतुलित प्रतिनिधित्व होता है। कौशिक इस बात पर जोर देते हैं, वे सभी पांच इस फिल्म के सितारे हैं, उनके किरदार फिल्म बनाते हैं। अन्य लोग आएंगे और जाएंगे, लेकिन ये पांच हमारी फिल्म की आत्मा होंगे। उनका कहना है कि फिल्म की सफलता पूरी टीम के सामूहिक प्रयास का परिणाम है, जिसमें तकनीशियन भी शामिल हैं जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ काम किया है। कौशिक ने निष्कर्ष निकाला कि फिल्म से जुड़ा हर एक शख्स अपने आप में एक सितारा है, जो फिल्म निर्माण से जुड़ा हुआ है। उनका मानना है कि इसमें शामिल प्रत्येक व्यक्ति के योगदान के बिना फिल्म अपनी वर्तमान सफलता हासिल नहीं कर पाती।

# उम्र के हिसाब से काम करना पसंद करूंगी

औरा भटनागर अपने शो अनुपमा को लेकर काफी चर्चा में चल रही हैं। हाल ही में, ऐसी खबरें आई थीं कि शो में लीप आने वाला है, जिसके बाद औरा भटनागर, रुपाली गांगुली और गौरव खन्ना शो छोड़ने वाले हैं। हालांकि, मेकर्स ने इन सभी खबरों को बेबुनियादी बताया है। औरा का कहना है कि अभी लीप का कोई प्लान नहीं है, लेकिन भविष्य में मेकर्स अगर कोई लव एंगल सीन करने को कहते हैं तो मैं शो छोड़ दूंगी। औरा का कहना है कि मैं अभी सिर्फ 13 साल की हूं और अपनी उम्र के हिसाब से रोल करना पसंद करूंगी। बता दें कि आध्या की भूमिका में औरा को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है।



# एलएलसी 2024 : शिखर धवन गुजरात से जुड़े, गेल के साथ मिलकर मचाएंगे ओपनिंग पर धूम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने वाले शिखर धवन आगामी लीजेंड्स क्रिकेट लीग के लिए सीधे गुजरात टीम से जुड़ गए हैं। गुजरात के पास पहले से ओपनर के तौर पर क्रिस गेल जैसे दिग्गज हैं। ऐसे में आगामी सीजन में धवन और गेल मिलकर लीजेंड्स लीग में धमाल मचा सकते हैं। धवन को विदेशी लीग में खेलने के लिए बीसीसीआई की शर्त के अनुसार टीम इंडिया और आईपीएल से संन्यास लेना था, धवन इससे पीछे नहीं हटे। अब दर्शकों को उनका खेल लीजेंड्स लीग में देखने को मिलेगा। लीग की शुरूआत 20 सितंबर से होनी है।

## गुजरात टीम का हिस्सा बने धवन

लीजेंड्स लीग क्रिकेट के तीसरे सीजन के लिए दिल्ली में ऑक्शन करवाई गई थी जिसमें ब्रेट ली, आरोन फिंच और तिलकरत्ने दिलशान जैसे सितारे भी अनसोल्ड रह गए थे। फैंस को उम्मीद थी कि ऑक्शन के दौरान शिखर धवन पर बड़ी बोली लगेगी लेकिन उनका नाम लिस्ट में आया ही नहीं। तभी खबर आई कि गुजरात ने धवन को सीधा साइन कर लिया है। गुजरात में लेंडल सिमंस भी हैं जोकि बल्ले से खूब धमाल मचाते हैं। गुजरात पहले ही क्रिस गेल को आरटीएम का इस्तेमाल कर सुरक्षित कर चुका है। सिमंस को फ्रेंचाइजी ने ऑक्शन में 37.56 लाख में खरीदा। गुजरात के पास मोहम्मद कैफ और एस श्रीसंत जैसे सितारे भी हैं।

## गुजरात जायंट्स का स्क्वाड

शिखर धवन, क्रिस गेल, लियाम प्लंकेट, मोर्ने वान विक, लेंडल सिमंस, असगर अफगान, जेरोम टेलर, पारस खडका, सीकुगे प्रसन्ना, कमाउ लेवरॉक, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट, मोहम्मद कैफ, एस श्रीसंत

## लीजेंड्स लीग की 3 सबसे महंगी खरीदारी

इसुरु उदानाः अर्बनाइजर्स हैदराबाद को 61.97 लाख

चैडविक वाल्टनः अर्बनाइजर्स हैदराबाद को 60.36 लाख

डैन क्रिश्चियन : मणिपाल टाइगर्स को 56 लाख

बता दें कि शिखर धवन के अलावा दिनेश कार्तिक भी इस बार लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2024 में खेलते हुए नजर आएंगे। उन्होंने जून में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। कार्तिक ड्र20 के आगामी सीजन में पार्ल रॉयल्स द्वारा साइन किए गए हैं। कार्तिक को साउथर्न सुपरस्टार्स ने साइन किया है।

# विम्बलडन चैम्पियन बारबोरा क्रेसिकोवा अमेरिकी ओपन से बाहर



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** विम्बलडन चैम्पियन बारबोरा क्रेसिकोवा अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में एलेना गैब्रियेला रूसे से 4.6, 5.7 से हारकर बाहर हो गई। आठवीं वरीयता प्राप्त क्रेसिकोवा ने पेरिस ओलंपिक के बाद कोई मैच नहीं खेला था। रूसे का सामना अब 26वीं वरीयता प्राप्त पाउला बाडोसा से होगा जिन्होंने अमेरिका की टेलर टाउनसेंड को 6.3, 7.5 से मात दी। किसी महिला खिलाड़ी ने 2012 में सेरेना विलियम्स के बाद एक ही साल में विम्बलडन और अमेरिकी ओपन खिताब नहीं जीते हैं।

पुरूष वर्ग में फ्रांसिस टियाफो ने 32 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच अलेक्जेंडर शेवचेंको के खिलाफ पहले दो सेट जीत लिए लेकिन तीसरे सेट के पहले गेम में शेवचेंको ने कोर्ट छोड़ दिया। वहीं 13वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने रॉबर्टो बतिस्ता एगुट को 6.3, 6.4, 6.4 से हराया। अब उनका सामना टियाफो से होगा जिन्हें पिछले साल उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हराया था।

अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने मातेओ बेरेतिनी को 6.3, 7.6, 6.1 से मात दी जबकि ब्रेंडन नाकाशिमा ने आर्थर काजाक्स को हराया और अब उनका सामना 18वीं वरीयता प्राप्त लोजेंजो मुसेत्ती से होगा। जिरि लेहेका ने मिचेल क्रूगर को 6.7, 0.6, 6.4, 6.4, 7.5 से हराया। अब उनका सामना छठी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव से होगा जिन्होंने आर्थर रिंडरनेश को 4.6, 5.7, 6.1, 6.2, 6.2 से हराया।

महिला वर्ग में गत चैम्पियन कोको गाफ टी मारिया को 6.4, 6.0 से हराकर तीसरे दौर में पहुंच गई। अब उनका सामना 27वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से होगा। अमेरिका की मेडिसन कीस ने माया जोइंट को 6.4, 6.0 से मात दी। अब उनका सामना एलिसे मर्टेंस से होगा जिन्होंने एला टोमजानोविच को 6.3, 6.2 से हराया।

# रोहित , विराट एक बार पाक का दौरा करें : कामरान अकमल



**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज कामरान अकमल ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के काफी प्रशंसक उनके यहां भी हैं। इसलिए रोहित और विराट को संन्यास से पहले एक बार पाक का दौरा जरुर करना चाहिये। अकमल ने कहा कि भले ही दोनों ने टी20 से संन्यास ले लिया है पर टेस्ट और एक दिवसीय प्रारुप में ये खेल सकते हैं। पाक क्रिकेटर ने कहा कि ये दोनो ही आज खेल के सबसे बड़े सितारे हैं और प्रशंसक भी इन्हें बेहद चाहते हैं। साथ ही कहा कि पाक में उन्हें जो फैन फॉलोइंग मिलेगी, वह सबसे अधिक रहेगी। अकमल ने कहा कि इन दोनो के अलावा जसप्रीत बुमराह को भी पाक में बेहद पसंद किया जाता है। बुमराह ने हालांकि आज तक पाक का दौरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि विराट एक रोल मॉडल हैं, रोहित विश्व कप विजेता कप्तान हैं और बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं। जब ये तीनों पाकिस्तान का दौरा करेंगे तो इससे देश के प्रशंसकों को विशेष अहसास होगा। साथ ही कहा कि जब विराट अपने अंडर-19 दिनों के दौरान पाकिस्तान में खेलते थे तो तब वह कोई जाना-पहचाना नाम नहीं थे पर अगर अब विराट आते हैं, तो वह यहां अपनी लोकप्रियता देख हैरान हो जाएंगे। पाकिस्तान में उन्हें काफी समर्थन मिलेगा। वह पाकिस्तान के सबसे लोकप्रिय क्रिकेटर हैं। उनकी फैन फॉलोइंग किसी भी अन्य क्रिकेटर से ज्यादा है।

# टेस्ट टीम में जगह बनाने का प्रयास करेंगे सूर्यकुमार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव अब तक टेस्ट प्रारुप में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाये हैं। सूर्यकुमार टी20 के नंबर एक बल्लेबाज रहे हैं पर इसके बाद भी अब तक लंबे प्रारुप में सफल नहीं रहे हैं। इसी कारण वह अब तक एक ही टेस्ट खेल पाये हैं। अब सूर्यकुमार का इरादा बुची बाबू टूर्नामेंट और दिलीप ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन कर अगले माह बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली सीरीज में जगह बनाना रहेगा। भारतीय टीम अगले कुछ महीनों में 10 टेस्ट मैच खेलेगी। सूर्यकुमार ने भारतीय टीम की ओर से फरवरी 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ केवल एक टेस्ट खेला था। उनके लिए जगह पाना इतना आसन नहीं है क्योंकि उनका मुकाबला श्रेयस अय्यर, सरफराज खान, केएल राहुल और रजत पाटीदार से रहेगा। ये सब भी टेस्ट टीम में वापसी के प्रयासों में लगे हैं। सूर्यकुमार ने से कहा कि ऐसे बहुत से लोग हैं जिन्होंने अपनी जगह पाने के लिए कड़ी मेहनत की है और मैं भी वह जगह दोबारा हासिल करना चाहता हूं। मैं टेस्ट में पदार्पण के बाद चोटिल होने के कारण बाहर हो गया था। तब ऐसे बहुत से लोग थे जिन्हें अवस मिला और उन्होंने अच्छा प्रदर्शन कर अपनी जगह पक्की कर ली। म

सूर्यकुमार अभी मेरा ध्यान बुची बाबू टूर्नामेंट और दलीप ट्रॉफी में प्रदर्शन पर लगा है। इसके बाद ही आगे क्या होता है ये देखा जाएगा पर मैं टेस्ट खेलने के लिए उत्साहित हूं। आने वाले दिनों में 10 टेस्ट मैच होने वाले हैं और मैं स्पष्ट रूप से इसमें बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हूं। सूर्यकुमार ने अब तक 82 प्रथम श्रेणी मैचों में 43.62 की औसत के साथ 5,628 रन बनाए हैं, जिसमें 14 शतक भी शामिल हैं। सूर्यकुमार ने कहा कि लाल गेंद क्रिकेट हमेशा मेरी प्राथमिकता रही है। सबसे लंबे प्रारूप को मैं पसंद करता क्योंकि यहीं से मेरी शुरुआत हुई थी।



## इम्पैक्ट प्लेयर नियम को बनाये रखने के पक्ष में हैं अश्विन

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) में जहां रोहित शर्मा सहित कई क्रिकेटर इम्पैक्ट प्लेयर नियम के खिलाफ हैं और इस नियम को हटाने की मांग कर चुके हैं। वहीं अनुभवी स्पिनर आर अश्विन इस नीयम के पक्ष में हैं जबकि रोहित ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम को घातक बताया था। अश्विन ने कहा 'मुझे नहीं लगता कि इम्पैक्ट प्लेयर खराब नियम है क्योंकि इससे रणनिति बनाने का अतिरिक्त अवसर मिलता है। ये लगता है कि इससे ऑलराउंडर्स के अवसर कम होते हैं पर वास्तव में ऐसा नहीं हैं। बेहतर ऑलराउंडरों की हमेशा ही टीम को जरुरत रहती है। 'इस स्पिनर ने कहा, 'इस पीढ़ी में वे ऐसा नहीं कर सकते। ऐसा नहीं है कि उन्हें इम्पैक्ट प्लेयर के चलते बाहर किया जा रहा है। युवा वेंकटेश अय्यर इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे थे। वह आजकल काउंटीम में लंकाशर के लिए बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही कहा कि खेल में नये विचारों के लिए हमेशा जगह होती है और इससे वह बेहतर ही होता है।' अश्विन ने कहा कि आईपीएल 2024 क्वालिफायर 2 में भी इम्पैक्ट प्लेयर ने खेल बदल दिया था। तब राजस्थान रॉयल्स ने 175 रन बनाने के बाद शाहबाज नदीम को इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में टीम में शामिल किया। नदीम ने मैच में 3 विकेट लिए और अपनी टीम को जीत दिला दी।

# सुकांत कदम और सुहास यतिराज ने जीते अपने शुरुआती मुकाबले

पेरिस। भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम और सुहास यतिराज ने गुरुवार को पुरुष एकल के शुरुआती मुकाबलों में जीत दर्ज की है। सुकांत कदम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया के अमीन बुरहानुद्दीन को 2-1 से हराया। वहीं एक अन्य मुकाबले में सुहास यतिराज ने इंडोनेशिया के हिकमत रामदानी पर 2-0 से जीत दर्ज की। आज यहां खेले गये मुकाबले में सुकांत कदम ने मलेशिया के अमीन बुरहानुद्दीन पर 17-21, 21-15, 22-20 से जीत दर्ज की। कदम ने पहले गेम हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए विश्व के नंबर चार खिलाड़ी अमीन को दूसरे और तीसरे गेम में हराकर मुकाबला अपने नाम किया। 41 वर्षीय सुहास यतिराज ने विश्व के नंबर 8 खिलाड़ी इंडोनेशिया के हिकमत रामदानी को एकतरफा मुकाबले में 21-7, 21-5 से हराया। सुहास का अगला मुकाबला कोरियाई खिलाड़ी के साथ शुक्रवार को होगा।



# आईसीसी चेयरमैन के तौर पर जय शाह को कितनी राशि मिलेगी ?



मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह को आईसीसी का अगला चेयरमैन नियुक्त किया गया है। जय शाह दिसंबर से अपना पद संभालेंगे। वह आईसीसी प्रमुख ग्रेग बार्कले की जगह लेंगे। ऐसे में एक सवाल प्रशंसकों के मन में उठ रहा है कि आंखिर शाह को इसके लिए कितनी राशि मिलेगी। आईसीसी में उन्हें कितनी राशि मिलेगी ये अभी कहा नहीं जा सकता है पर ये तय है कि उन्हें यहां भी बीसीसीआई की तरह ही दैनिक भत्ते दिये जाएंगे। बीसीसीआई सचिव के तौर पर जय शाह को अलग से कोई राशि नहीं मिलती है। उन्हें खिलाड़ियों की तरह ही दैनिक भत्ते दिये जाते हैं। इसका कारण है कि बीसीसीआई अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सचिव मानद पद हैं। ऐसे में इन पदों के लिए कोई निश्चित मासिक या वार्षिक वेतन नहीं मिलता है। शाह को अंतरराष्ट्रीय बैठकों में भाग लेने या भारतीय क्रिकेट से संबंधित विदेशी दौरों में भाग लेने के लिए 82 हजार रुपए भत्ते के तौर पर दिये जाते हैं। वहीं घरेलू बैठकों में भाग लेने पर, उन्हें विमान के बिजनेस क्लास के टिकट के साथ-साथ 40 हजार का दैनिक भत्ता दिया जाता है। इसके अतिरिक्त देश के अंदर कामकाज के लिए यात्रा के लिए प्रति दिन 30 हजार रुपए मिलते हैं।

# भारत दौरे से पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को मिला नया गेंदबाजी कोच, कीवी टीम के लिए खेले हैं 229 मैच

**वेलिंग्टन (एजेंसी)।** भारत दौरे से पहले न्यूजीलैंड ने पूर्व ऑलराउंडर जैकब ओरम को पुरुष टीम का गेंदबाजी कोच बनाया है वह सात अक्टूबर को अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। अपनी नियुक्ति पर ओरम ने कहा, 'मैं ब्लैककैप्स के साथ फिर से जुड़ने का अवसर पाकर वास्तव में उत्साहित हूं।' उन्होंने कहा, 'एक ऐसी टीम के साथ फिर से जुड़ना जो मेरे लिए बहुत मायने रखती है और मेरे जीवन का एक बड़ा हिस्सा रही है, वास्तव में सम्मान की बात है।'

उन्होंने कहा, 'हाल ही में मुझे जो अवसर मिले हैं, उनसे मुझे इस बात का अंदाजा हुआ है कि यह टीम कहां जा रही है और मैं आने वाले सत्रों में उस पर काम जारी रखने के लिए उत्साहित हूं। ब्लैककैप्स की गेंदबाजी में प्रतिभा की एक नई लहर आ रही है और मुझे उम्मीद है कि मैं उनके साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की चुनौतियों के लिए बेहतरीन तरीके से तैयार करने में मदद करने के लिए अपना ज्ञान और अनुभव साझा कर सकता हूं।'

उल्लेखनीय है ओरम ने वर्ष 2014 में न्यूजीलैंड ए के साथ अपने कोचिंग करियर की शुरुआत की और फिर 2018 से न्यूजीलैंड महिला टीम के साथ गेंदबाजी कोच के रूप में काम किया। पिछली गर्मियों में उन्हें सेंट्रल हिंड्स का मुख्य कोच बनाया गया था और टीम सुपर स्मैश फाइनल में पहुंची थी।

ओरम अबू धाबी टी-10 में सहायक कोच और एसए-20 में एमआई केप टाउन के गेंदबाजी कोच भी रह चुके हैं। उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर में कीवी टीम के लिए कुल 229 मुकाबले खेले हैं। उन्होंने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में छह शतक और 21 अर्धशतकों के साथ कुल 4688 रन बनाये है। वहीं गेंदबाजी में 252 विकेट चटकाए हैं।



## आईपीएल के नये सत्र में बदलावों के साथ नजर आ सकती है सीएसके

चेन्नई (ईएमएस)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से आईपीएल के अगले सत्र में बदली बदली सी नजर आयेगी। इसमे अनुभवी आजिंक्य रहाणे, शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर शायद ही नजर आयें। इस बार होने वाली नीलामी में इन्हें रिटेन (बरकरार) रखे जाने की संभावना नहीं है। इसके अलावा मुस्तफिजुर रहमान, मुकेश चौधरी, तुषार देशपांडे, शेख रशीद, मिटेस सैंटनर जैसे खिलाड़ियों को भी शायद ही रखा जाये। कहा जा रहा है कि इस बार टीम पहले के 6 खिलाड़ियों को बनाये रखेगी। सीएसके के पास अभी 25 खिलाड़ी हैं इसमें विदेशी खिलाड़ियों की संख्या 8 है। वहीं देश के ही 17 खिलाड़ी हैं। इसमें अनकैप्ड और अनकैप्ड खिलाड़ी भी शामिल हैं। आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी इस साल के अंत में दिसंबर महीने में होगी तभी साफ होगा कि किसे टीम में जगह मिलती है किसे नहीं। आईपीएल 2025 के लिए होने वाली मेगा नीलामी से पहले रिटेन किये जाने वाले खिलाड़ियों की मांग टीमें कर रही हैं, ऐसे में अगर बीसीसीआई खिलाड़ियों को रिटेन करने की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 करता है तो सीएसके 6 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती हैं। सीएसके के पास मौजूदा अभी 25 खिलाड़ी हैं। अगले सत्र के लिए सीएके कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के अलावा रविंद्र जडेजा और शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, डेवोन कॉनवे को बनाये रख सकती है। वहीं अगर महेन्द्र सिंह धोनी संन्यास की घोषणा नहीं करते तो उनहें भी टीम में रख जाना तय है। कर रहे हैं। आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन के बाद सीएसके की टीम पूरी तरह से बदली हुई नजर आएगी। सीएसके ऋतुराज, धोनी, जडेजा, शिवम दुबे, डेवोन कॉन्वे और पथिराना जैसे खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है।

# प्रधानमंत्री मोदी के हौंसला बढ़ाने से सर्वश्रेष्ठ पदर्शन की मिलती है प्रेरणा : मनु



नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर रिकार्ड बनाने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर ने कहा है कि 2018 राष्ट्रमण्डल खेलों में स्वर्ण जीतने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि उसका भविष्य उज्जवल है और ये बात सही निकली। मनु ने कहा कि प्रधानमंत्री पदक विजेताओं को सम्मान करने के दौरान उनका हौंसला भी बढ़ते रहते हैं जिससे खिलाड़ियों को और बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। मनु ने खेल दिवस पर पुरानी बातों को याद कर कहा, तब प्रधानमंत्री मोदी ने मुझसे कहा, तुम बहुत युवा हो। तुम इससे भी बड़ी सफलता हासिल करोगी और जब भी तुम्हें किसी चीज की जरूरत हो, तुम मुझसे संपर्क करना। उनके यह शब्द मेरे लिए प्रेरणा बन गये। न केवल सफलता के अवसरों पर बल्कि असफलता के दौर में भी प्रधानमंत्री साथ दिया। जब टोक्यो ओलंपिक में कुछ तकनीकी खराबी के कारण मनु पदक नहीं जीत पायीं थीं जब प्रधानमंत्री ने उन्हें प्रोत्साहित किया और उनकी भविष्य की योजनाओं पर बात की। मनु ने कहा, प्रधानमंत्री ने मुझे आत्मविश्वास से भरे रहने और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने को कहा था। उनकी यह खासियत है कि वह प्रत्येक खिलाड़ी के बारे में हर बात पर नजरें बनाये रखते हैं। प्रधानमंत्री परिणाम की परवाह किए बिना हर एथलीट को प्रोत्साहित करने और उसका समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। मनु ने जब पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपना पहला पदक जीता था तभी प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे फोन पर बात की और उन्हें बधाई दी। इसके बाद मनु ने सरबजोत सिंह के साथ मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल में भी दूसरा कांस्य जीता था।

# हार्ट प्रॉब्लम की वजह से लगा बैन, अब देश के सबसे महंगे फुटबॉलर बने

**स्पोर्ट्स डेस्क (एजेंसी)।** अनवर अली को हाल ही में ईस्ट बंगाल ने इंडियन फुटबॉल लीग (आईएसएल) 2024-25 सीजन के लिए 4.80 करोड़ रु. में साइन किया है और इसी के साथ ही वह देश के सबसे महंगे फुटबॉलर बन गए है। इससे पहले वह मोहन बागान का हिस्सा थे, जहां उनका पैकेज 2.40 करोड़ का था।

## रेलवे क्रॉस्टिंग के पास शेड में रहता था परिवार

जालंधर के आदमपुर के रहने वाले अनवर अली के लिए यह सफर आसान नहीं था। रेलवे क्रॉस्टिंग के पास शेड में परिवार रहता था। पिता मजदूरी करने सऊदी अरब चले गए थे, मां दूसरे के खेतों में काम करती थी। फुटबॉल ने गुरबत कुछ दूर की, अली का नाम बेहतरीन संेटर बबैक्स में होने लगा तो एक मेडिकल कंडीशन ने रास्ते रोक दिए। 19 साल की उम्र में ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने अली को कोच बनने का ऑफर दे दिया।

## दिल की मेडिकल कंडीशन की वजह से खेलने पर रोक


दरअसल दिल की मेडिकल कंडीशन की वजह से एआईएफएफ ने खेलने पर रोक लगा दी थी। 2019-20 का साल अली ने फुटबॉल की मैदान पर कम और कोर्ट में ज्यादा गुजारा, खेलने का एक मौका मांगने के लिए। कोर्ट में जीते भी। मैदान पर संघर्ष दोबारा शुरू हुआ। इंटरनेशनल खेल चुके अली ने 2020 में जूनियर लेवल से बापसी की।

2019 में मुंबई सिटी ने साइन किया तो हर खिलाड़ी की तरह अली का भी मेडिकल टेस्ट हुआ। इसमें सामने आया कि अली के दिल का निचला हिस्सा फैटी है। मुंबई सिटी ने यह रिपोर्ट एआईएफएफ को भेजी और कॉन्ट्रैक्ट रद्द कर दिया। हालांकि वर्ष 2020 में मोहमडून एससी अली को खिलाने को तैयार था, साइन भी कर लिया। लेकिन एआईएफएफ ने यहां भी अड़ेगा लगाया और कहा कि अली को नहीं खिला सकते।

## मेंटर रंजीत बजाज ने अपने हाथों में लिया केस

अली के मामले को मेंटर रंजीत बजाज ने अपने हाथों में लिया और मामला दिल्ली हाईकोर्ट तक गया। हाईकोर्ट में यूके की फुटबॉल प्रीमियर लीग के हेड कार्डियोलॉजिस्ट संजय शर्मा ने बताया- हायपरट्रॉफिक कार्डियक्रमायोपैथी कोई बीमारी नहीं है, कम उम्र में जब कोई खेलना शुरू करता है तो दिल के निचले हिस्से में ऐसे मसल्स डेवलप हो जाते हैं। इससे खिलाड़ी की जान को खतरा नहीं होता। यूके में 40 फीसदी फुटबॉलर्स की ऐसी स्थिति होती है।

## वो तब मेरे साथ खड़े थे, जब कोई नहीं था



मैं भगवान के साथ अपने कोच के करीब हूं। उन्हीं की बदौलत में यहां तक पहुंचा हूं। रंजीत बजाज सर और मिनर्वा एकेडमी ने मुझे बहुत सपोर्ट किया है। वो तब मेरे साथ खड़े थे, जब कोई नहीं था। खुशी है कि मैं आज उन्हें सही साबित कर पाया।

# मार्क वुड की जगह इस खिलाड़ी की इंग्लैंड टेस्ट टीम में वापसी, तीन साल बाद मिला मौका

नई दिल्ली - इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली स्टोन ने कहा कि वह लॉर्ड्स %ए% मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के जरिए टेस्ट क्रिकेट में वापसी के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं, जहां उन्होंने इस प्रारूप में पदार्पण किया था। स्टोन ने तेज गेंदबाज मार्क वुड की जगह ली है जो मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में पहले टेस्ट के तीसरे दिन दाहिनी जांघ में खिंचाव के बाद श्रीलंका के खिलाफ शेष दो मैचों से बाहर हो गए थे। 30 वर्षीय स्टोन ने आखिरी बार जून 2021 में एजबेस्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के लिए टेस्ट मैच खेला था और इस प्रारूप में 19.40 की औसत और 3.25 की इकॉनमी रेट से 10 विकेट लिए हैं। स्टोन ने कहा, 'यह एक खास दिन था। इस मैदान पर खेलना वैसे भी खास है, लेकिन यहां अपना टेस्ट डेब्यू करना एक खास दिन था। इस हफ्ते वापस आकर वही करना शानदार होगा। किसी भी फॉर्मेट में इंग्लैंड की जर्सी पहनना खास है। टेस्ट क्रिकेट में ऐसा करना, इससे बेहतर कुछ नहीं है और यही वजह है कि इसने मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मैं तैयार महसूस करता हूं। उम्मीद है कि मैं वहां जाकर वैसा प्रदर्शन कर पाऊंगा जैसा मैं जानता हूं।'



## देश में तेजी से बढ़ रही छात्रों की आत्महत्याओं की घटनाएं

नई दिल्ली। देश में स्टूडेंट्स की आत्महत्या का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीबीआर) के आंकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश में स्टूडेंट्स ने सबसे ज्यादा आत्महत्या की। राजस्थान का कोटा आत्महत्या के मामलों में हमेशा चर्चा में रहता है, लेकिन इस रिपोर्ट में वह 10वें स्थान पर है। रिपोर्ट में बताया गया है कि जहां देश में कुल आत्महत्या के केस में सालाना 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, वहीं छात्र आत्महत्या के मामलों में यह वृद्धि 4 प्रतिशत से ज्यादा है। ये हालात तब हैं जब स्टूडेंट्स की आत्महत्या की पुलिस में रिपोर्ट कम दर्ज कराई जाती है। रिपोर्ट में कहा गया है, पिछले दो दशकों में छात्र आत्महत्याएं 4 प्रतिशत की चिंताजनक वार्षिक दर से बढ़ी हैं, जो राष्ट्रीय औसत से दोगुनी हैं। 2022 में कुल स्टूडेंट्स की आत्महत्याओं में छात्रों की हिस्सेदारी 53 प्रतिशत थी। 2021 और 2022 के बीच छात्र आत्महत्याओं में 6 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि छात्राओं की आत्महत्या में 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्टूडेंट्स की आत्महत्या की घटनाएं जनसंख्या वृद्धि दर और कुल आत्महत्या ट्रेंड, दोनों को पार कर रही हैं। पिछले दशक में 0-24 वर्ष के बच्चों की आबादी 582 मिलियन से घटकर 581 मिलियन हो गई, जबकि स्टूडेंट्स आत्महत्या की संख्या 6,654 से बढ़ कर 13,044 तक हो गई है।

## 11 लाख के लालचे में 63 लाख गंवा बैठा रिटायर बैंक कर्मचारी

### -पुराने 5 रुपये की कीमत के चक्कर में लगा चूना

नई दिल्ली । 1 अप्रैल 2024 की सुबह करीब 9 बजे का वक्त रहा होगा। बैंक से रिटायर हो चुके शिवराम पुरोहित की नजर इंस्टाग्राम की एक पोस्ट पर पड़ी। ये पोस्ट एसएनएस इन्वेस्टमेंट ओल्ड कॉइन गैलरी नाम की कंपनी की थी। पोस्ट में लिखा था कि अगर आपके पास 1, 2 और 5 रुपये के पुराने नोट या सिक्के हैं, तब आप बदले में लाखों रुपये जीत सकते हैं। शिवराम के पास भी 5 रुपये का पुराना नोट था, इसलिए उन्होंने सोचा कि क्यों ना अपनी किस्मत आजमाएं। शिवराम ने अपना 5 रुपये का नोट तलाशना शुरू कर दिया। नोट मिलते ही उन्होंने पोस्ट में दिए गए वॉट्सएप नंबर पर उसकी फोटो खींचकर भेज दी। थोड़ी देकर बाद उनके मोबाइल पर उसी नंबर से मैसेज आया और बताया गया कि कंपनी ने अपनी जांच-परख के बाद उनके नोट की कीमत 11 लाख रुपये तय की है। शिवराम खुश हो गए। उनके लिए एक पुराने नोट के बदले 11 लाख रुपये मिलने का मतलब था, जैसे कोई पुराना खजाना हाथ लग गया है। हालांकि, कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर उसी नंबर से एक दूसरा मैसेज आया। इस संदेश में पहचान के लिए कुछ प्रूफ मांगे गए और साथ ही कहा गया कि 11 लाख रुपये की रकम पाने के लिए आपको पहले टैक्स के तौर पर कुछ रुपये जमा करना होगा। ये पुराने नोटों का कलेक्शन है, इसलिए अलग-अलग विभाग के बैंक खातों में टैक्स जमा होगा। शिवराम को लगा कि अगर उन्होंने देर की, कहीं ये मौका हाथ से निकल ना जाए इसलिए उन्होंने तुरंत हां कर दी। शिवराम को जैसे-जैसे बताया गया, वे रकम ट्रांसफर करते चल गए। पुराने नोट के बदले 11 लाख रुपये देने वाली कंपनी ने कुछ ही घंटों के भीतर शिवराम से करीब 52 लाख रुपए अलग-अलग बैंक अकाउंट में जमा करा लिए। शिवराम से कहा गया कि टैक्स काटने के बाद बाकी रकम उन्हें वापस मिलेगी। इसके बाद उन्हें एक दूसरी कंपनी के दो बैंक खातों के नंबर दिए गए और यहां भी उनसे लगभग 11 लाख की रकम ट्रांसफर करा ली गई। इन सारे बैंक खातों में मिलाकर शिवराम अब तक कुल 63 लाख रुपए भेज चुके थे। इसके बाद उस नंबर से मैसेज आने बंद हो गए। शिवराम ने कई बार उस नंबर पर फोन भी किया, लेकिन नंबर बंद हो चुका था। पुरोहित को 63 लाख रुपए की रकम गंवाने के बाद एहसास हुआ कि उनके साथ पांच रुपये के पुराने नोट के नाम पर काफी बड़ी ठगी हुई है। अपनी शिकायत लेकर शिवराम पुलिस थाने पहुंचे और साइबर सेल में उनका मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने उनकी शिकायत के आधार पर मुंबई के रहने वाले शिवराज राव, साहित और पंकज सिंह के अलावा कोलकाता से चलने वाली कंपनी क्विकर और तानामे सनबोट के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महाराष्ट्र में एमव्हीए में कोई मतभेद नहीं, चुनाव मिलकर ही लड़ेंगे- चेन्निथला

मुंबई, । महाराष्ट्र के एआईसीसी प्रभारी रमेश चेन्निथला ने कहा कि महा विकास अघाड़ी (एमव्हीए) में कोई मतभेद नहीं हैं और वे विधानसभा का चुनाव मिलकर लड़ेंगे। चेन्निथला ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के नेता जल्द ही सीट बंटवारे पर एक और दौर की बातचीत करेंगे। एक सितंबर को हमारे नेता दूसरे दौर की बातचीत करेंगे। 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुनाव इस साल के अंत में होने वाले हैं। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने अभी तारीखों का ऐलान नहीं किया है। गुरुवार सुबह नागपुर पहुंचे चेन्निथला का शाम को यवतमाल में एक कांग्रेस नेता के कार्यक्रम में शामिल होने का कार्यक्रम है। विपक्षी गठबंधन का सीएम चेहरा कौन होगा, इस पर उन्होंने कहा हमारा चेहरा एमवीए है। हम एमवीए के नाम पर चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव के बाद सीएम का फैसला किया जाएगा। हमने लोकसभा चुनाव के दौरान कोई पीएम चेहरा पेश नहीं किया था। जब उनसे पूछा गया कि क्या कांग्रेस ज्यादा सीटों पर लड़ने जा रही है, तो उन्होंने कहा, एमवीए चुनाव में ज्यादा सीटों पर लड़ेगी। हम गठबंधन के धर्म पर कायम रहेंगे और सभी को साथ लेकर चलेंगे। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल नवंबर में पूरा होने वाला है। एकनाथ शिंदे के विद्रोह करने और कुछ विधायकों के साथ बीजेपी से हाथ मिलाने के बाद राज्य में सत्ता में आई शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस की महाविकास अघाड़ी ध्वस्त हो गई। इससे राज्य में शिवसेना (शिंदे गुट)-बीजेपी की सरकार बनी।


## पासपोर्ट बनवाने वाले सावधान! आज से नहीं होगा ऑनलाइन पासपोर्ट पोर्टल पर काम

नई दिल्ली। ऑनलाइन पासपोर्ट पोर्टल पर पांच दिनों तक काम नहीं होगा। पासपोर्ट सेवा पोर्टल में तकनीकी रखरखाव के कारण, पोर्टल 29 अगस्त की रात 8 बजे से 2 सितंबर की सुबह 6 बजे तक पूरी तरह बंद किया जा रहा है। इसके चलते इस दौरान न तो नए आवेदन किए जा सकेंगे और न ही पहले से बुक किए गए अपॉइंटमेंट्स ही होंगे। 30 अगस्त से 2 सितंबर के बीच जिन आवेदकों के अपॉइंटमेंट्स हैं, उन्हें नए सिरे से अपॉइंटमेंट लेना होगा। सर्विस बंद होने का असर पासपोर्ट सेवा केंद्र के साथ-साथ लोकल पासपोर्ट ऑफिस और विदेश मंत्रालय पर पड़ेगा। पासपोर्ट सेवा पोर्टल ने एक्स पर पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा कि यह कदम तकनीकी रखरखाव के लिए उठाया जा रहा है। इस दौरान देशभर के सभी पासपोर्ट सेवा केंद्र, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय और विदेश मंत्रालय में पासपोर्ट सेवाएं प्रभावित रहेंगी। पासपोर्ट सेवा पोर्टल ने आश्वासन दिया है कि सभी आवेदकों के अपॉइंटमेंट्स को नए सिरे से तय किया जाएगा और उन्हें सूचित किया जाएगा। पासपोर्ट सेवा पोर्टल ने सभी नागरिकों को सूचित किया है कि पोर्टल 29 अगस्त (गुरुवार) रात 8 बजे से 2 सितंबर, (सोमवार) सुबह 6 बजे तक तकनीकी के चलते बंद किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान नागरिकों और संबंधित अधिकारियों के लिए पोर्टल उपलब्ध नहीं होगा।

## किसान आंदोलन वाले बयान पर घिरी कंगना, जेपी नड्डा से मिलने पहुंची

नई दिल्ली। किसान आंदोलन को लेकर अपने बयानों के कारण चारों ओर घिरी बीजेपी सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत गुरुवार को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने उनके घर पहुंची। माना जा रहा है कि कंगना किसान आंदोलन को लेकर दिए गए अपने बयान पर सफाई दे सकती हैं। बता दें कि इससे पहले बीजेपी ने किसान आंदोलन को लेकर कंगना रनौत द्वारा दिए गए बयान से किनारा कर लिया था। बीजेपी ने कंगना को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा था कि बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने किसान आंदोलन के परिप्रेक्ष्य में दिया गया बयान पार्टी का मत नहीं है। पार्टी कंगना रनौत के बयान से सहमत नहीं है। पार्टी की ओर से, पार्टी के नीतिगत विषयों पर बोलने के लिए सांसद कंगना को न तो अनुमति है और न ही वे बयान देने के लिए अधिकृत हैं। बीजेपी की ओर से कंगना को हिदायत दी कि वे इस प्रकार के कोई भी बयान भविष्य में न दें। बीजेपी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास और सामाजिक समरसता के सिद्धांतों पर चलने के लिए कृत संकल्पित है। बता दें कि किसान आंदोलन को लेकर कंगना रनौत के बयान को कांग्रेस समेत तमाम विरोधी दल बड़ा मुद्दा बना रहे हैं।

## हिमाचल की आर्थिक स्थिति खराब, सीएम सुक्खू का ऐलान- 2 महीने की नहीं लेंगे सैलरी, मंत्री और मुख्य सचिव भी शामिल



**शिमला (एजेंसी )**। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरुवार को राज्य विधानसभा को बताया कि राज्य के सभी मंत्री, मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) और कैबिनेट स्तर के सदस्य दो महीने तक वेतन नहीं लेंगे क्योंकि राज्य वित्तीय संकट से गुजर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैबिनेट में चर्चा के बाद कैबिनेट के सभी सदस्यों ने निर्णय लिया कि जब तक आने वाले समय में राज्य में अच्छा सुधार नहीं होगा तब तक हम दो महीने तक न कोई वेतन लेंगे, न टीए, न डीए।

उन्होंने कहा कि यह एक छोटी सी राशि है, लेकिन प्रतीकात्मक है। इसके अलावा, मैं सभी विधायकों से भी इस संबंध में योगदान देने का अनुरोध करता हूं। सुक्खू ने एक्स लिखा कि प्रदेश के आर्थिक हितों के लिए हमने एक निर्णायक कदम उठाया है। हमें हमेशा प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य को अपने व्यक्तिगत लाभों से पहले रखना होगा। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी माननीय जनप्रतिनिधि भी इस पुनीत कार्य में हमारे साथ कदम से कदम मिलाएंगे और स्वेच्छा से अपने वेतन और भत्तों को विलंबित करने के इस महत्वपूर्ण निर्णय का समर्थन करेंगे। यह सिर्फ हमारी जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रदेश के हर नागरिक के प्रति हमारी सच्ची सेवा और निष्ठा का प्रतीक भी होगा।

कांग्रेस नेता कहा कि आइए, हम सब मिलकर इस चुनौतीपूर्ण समय में प्रदेश को आर्थिक संकट से उबारने के इस प्रयास में अपना अमूल्य योगदान दें। हमारी एकता, संकल्प और अडिग निष्ठा ही इस संकट को पार करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। हम अपनी इस प्रतिबद्धता और एकता से ही देवभूमि को सशक्त और समृद्ध बना सकेंगे। हालाँकि, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में विपक्षी भाजपा ने मुख्यमंत्री की घोषणा पर विधानसभा से बहिर्गमन किया।

उन्होंने कहा कि मुझे जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक वे दो महीने तक वेतन नहीं लेंगे। उन्होंने इसे अभी टाल दिया है क्योंकि राज्य में वित्तीय संकट है। आपने मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) बनाए हैं जो संविधान के अनुसार नहीं बनाए जा सकते। ठाकुर ने कहा कि आपने कई लोगों को कैबिनेट, चेयरमैन का दर्जा दिया है और तमाम सुविधाएं दी हैं। तो निश्चित रूप से मेरा मानना ??है कि यह सभी समस्याओं का समाधान नहीं है और उन्होंने सभी विधायकों से अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि मैं पहले पता लगाऊंगा कि मामला क्या है और फिर विधायकों से चर्चा कर इस पर बात करेंगे।

## पीएम मोदी पर टिप्पणी... शशि थरूर को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी पर की गई टिप्पणी मामले में कांग्रेस सांसद शशि थरूर को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका लगा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाकर की गई कथित टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता थरूर के खिलाफ मानहानि की कार्यवाही को रद्द करने से इंकार किया। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने मानहानि की कार्यवाही को चुनौती देने वाली थरूर की याचिका को खारिज किया। साथ ही दोनों पक्षों को 10 सितंबर को ट्रायल कोर्ट के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया गया है। मामले में सुनवाई कर हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने कहा, कार्यवाही को रद्द करने का कोई आधार नहीं बनता है। थरूर ने निचली अदालत के 27 अप्रैल, 2019 के आदेश को रद्द करने की मांग की थी, जिसके तहत उन्हें भाजपा नेता राजीव बब्बर द्वारा दायर आपराधिक मानहानि शिकायत में आरोपी के रूप में तलब किया था। उन्होंने 2 नवंबर, 2018 की शिकायत को रद्द करने की भी मांग की थी। भाजपा नेता बब्बर ने आपराधिक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें दावा किया था कि कांग्रेस नेता के बयान से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। अक्टूबर 2018 में, थरूर ने दावा किया था कि एक अनाम आरएसएस नेता ने प्रधानमंत्री मोदी की तुलना शिवलिंग पर बैठे बिच्छू से की थी। शिकायतकर्ता ने कहा था, मैं भगवान शिव का भक्त हूं... हालांकि, आरोपी (थरूर) ने करोड़ों शिव भक्तों की भावनाओं की पूरी तरह से अवहेलना की, (और) ऐसा बयान दिया जिससे भारत और देश के बाहर सभी भगवान शिव भक्तों की भावनाएं आहत हुईं।

## जल्द बनवाएंगे बड़ी प्रतिमा, शिवाजी की मूर्ति ढहने को लेकर पवार के बाद अब सीएम शिंदे ने मांगी माफी



**मुंबई (एजेंसी)**। छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति के ढहने को लेकर अब डिप्टी सीएम अजित पवार के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने माफी मांगी है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री शिंदे ने जल्द से जल्द एक बड़ी मूर्ति बनाने का ऐलान किया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हाल ही में मालवन में राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति के ढहने की घटना की जांच के लिए विशेषज्ञों, संरचनात्मक इंजीनियरों और भारतीय नौसेना और राज्य सरकार के अधिकारियों की एक संयुक्त तकनीकी समिति के गठन का आदेश दिया है। समिति को दुर्भाग्यपूर्ण घटना के पीछे सटीक कारणों का निर्धारण करने और यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने हाल ही में छत्रपति शिवाजी महाराज की एक प्रतिमा के ढहने के बाद बुधवार को सार्वजनिक माफी जारी की, जिसे पिछले साल बनाया गया था। मराठा योद्धा राजा के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को देखते हुए, इस घटना ने राज्य भर में व्यापक चिंता और आलोचना पैदा कर दी है। अजित पवार ने कहा कि %शिवाजी महाराज हमारे देवता हैं, मैं उनकी प्रतिमा ढहने के लिए महाराष्ट्र के 13 करोड़ लोगों से माफी मांगता हूं।

शिवाजी महाराज की मूर्ति ढहने को लेकर शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार की आलोचना की। ठाकरे ने कहा कि विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) एक सितंबर को मुंबई में मूर्ति ढहने के खिलाफ विरोध मार्च निकालेगी। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र के मंत्री दीपक केसरकर पर यह कहने के लिए निशाना साधा कि शिवाजी महाराज की मूर्ति ढहने से कुछ अच्छा हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह दावा करना कि मालवन किले में शिवाजी महाराज की मूर्ति हवा के कारण गिर गई, बेशर्मी की पराकाष्ठा है। पिछले साल 4 दिसंबर को सिंधुदुर्ग के राजकोट किले में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनावरण की गई 17वीं शताब्दी के मराठा साम्राज्य के संस्थापक की 35 फुट की मूर्ति सोमवार दोपहर को ढह गई। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चला है कि सिंधुदुर्ग जिले में पिछले कुछ दिनों में भारी बारिश और तेज़ हवाओं के कारण मूर्ति ढह गई थी, जिसके बाद विपक्षी दलों ने काम की खराब गुणवत्ता और मूर्ति के रखरखाव के लिए महाराष्ट्र सरकार पर हमला किया।

## फिर सामने आया अमेरिका का दोहरापन... बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले पर चुप

**नई दिल्ली (एजेंसी )**। दुनिया भर में अधिकारों और लोकतंत्र का संरक्षक अमेरिका बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर चुप है। इस दोहरे मापदंड का पता मोदी-बाइडेन वार्ता के रीडआउट से बांग्लादेश और हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार का उल्लेख हटा देना था। मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सैन्य समर्थित कार्यवाहक सरकार के तहत अमेरिका बांग्लादेश की स्थिति की आलोचना करने से क्यों बच रहा है?

दरअसल, जब बांग्लादेश में भारत के हितों की बात आती है, तब अमेरिका विपरीत गुट में होता है। अमेरिका ने 1971 में पाकिस्तान से बांग्लादेश की मुक्ति को रोकने की कोशिश की और फिर उन राजनीतिक दलों का साथ दिया जो पाकिस्तान समर्थक थे। अमेरिका ने हमेशा बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) का समर्थन किया है, जिसके शासन के दौरान भारत विरोधी ताकतों को बांग्लादेश एक सुरक्षित ठिकाना मिला। अमेरिका ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व में अवामी लीग शासन को कमजोर करने के लिए वर्षों तक काम किया। अमेरिका ने बांग्लादेश के जन्म को रोकने की कोशिश की। लेकिन आज भी, वह बांग्लादेश के संबंध में भारत के साथ एकमत नहीं है।

भू-रणनीतिज्ञ ब्रह्मा चेलानी ने कहा कि मनमाने ढंग से गिरफ़्तारियाँ, जबरन इस्तीफ़ा और राजनीतिक बंदियों पर शारीरिक हमले। 26 अगस्त को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने युद्धग्रस्त यूक्रेन के दौरे से लौटे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया। उनके द्वारा चर्चा किए गए मुद्दों में यूक्रेन और बांग्लादेश का संकट भी शामिल था। भारतीय रीडआउट में उल्लेख किया गया कि पीएम मोदी और बाइडेन ने बांग्लादेश की स्थिति पर अपनी साझा चिंता व्यक्त की, व्हाइट हाउस रीडआउट इस मुद्दे पर चुप था और केवल यूक्रेन-रूस युद्ध पर केंद्रित था।

## ममता के जलाने वाले बयान पर गिरिराज सिंह... वे तानाशाह किम जोंग-उन जैसी




**नई दिल्ली (एजेंसी)**। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान को लेकर भाजपा उनपर हमलावर है। ममता ने भाजपा को चुनौती देकर कहा था कि यदि आप बंगाल जलाएंगे, तब असम, उत्तर-पूर्व, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और दिल्ली भी जलेगा। इस पर प्रतिक्रिया देकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने ममता की तुलना उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग-उन से कर कहा कि ममता उनके जैसा अपना विरोध बर्दाश्त नहीं कर सकतीं।

केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि यह किसी लोकतांत्रिक व्यक्ति की भाषा नहीं हो सकती। सीएम ममता के भाषण पर केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि यह एक लोकतांत्रिक व्यक्ति की, एक मुख्यमंत्री की भाषा नहीं हो सकती। ममता पर तीखा हमला करते हुए बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि जब वह कहती हैं कि न्याय की मांग करना अशांति पैदा करने जैसा है, तब वह प्रदर्शनकारियों और डॉक्टरों का अपमान कर रही हैं।

पूनावाला ने कहा कि पश्चिम बंगाल में अपराधियों को छोड़कर कोई भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने उत्तर प्रदेश, बिहार, असम, पूर्वोत्तर और ओडिशा को जलाने के ममता के बयान के लिए राहुल गांधी और अखिलेश यादव की आलोचना कर पूछा कि क्या वे इस संबंध में ममता से सवाल करने वाले हैं या नहीं। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने तटीय राज्य को लेकर कथित नकारात्मक और नफरत फैलानी वाली टिप्पणी करने के लिए ममता की आलोचना की है।

सीएम माझी ने आरोप लगाया कि ममता इस जघन्य अपराध की पीड़िता के परिजनों को न्याय दिलाने के बजाय नफरत फैलानी वाली टिप्पणियां कर रही हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने उनके राज्य में अशांति की कथित धमकी देने के लिए ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि ममता बनर्जी अपनी असफलताओं को छिपाने के लिए जनता को भड़काने की कोशिश कर रही हैं।

## तंज कसा या बधाई दी! जय शाह को लेकर ममता बनर्जी ने एक्स पर ऐसा क्या लिख दिया



**कोलकाता, (एजेंसी)**। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को उनके बेटे जय शाह के आईसीसी चेयरमैन बनने पर बधाई देने वाला एक सोशल मीडिया पोस्ट इंटरनेट पर चर्चा का विषय बन गया है। एक पोस्ट में शाह को बधाई देते हुए, ममता ने कहा कि मंत्री का बेटा राजनेता नहीं बना है, बल्कि एक पद ग्रहण किया है जो और भी महत्वपूर्ण और शक्तिशाली है। ममता बनर्जी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आपका बेटा राजनेता नहीं बना है, लेकिन आईसीसी चेयरमैन बन गया है - यह पद अधिकांश राजनेताओं से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है!! आपका बेटा वास्तव में बहुत शक्तिशाली बन गया है और मैं उसकी इस सबसे ऊंची उपलब्धि पर आपको बधाई देती हूं!

बंगाल सीएम की एक्स पोस्ट को इंटरनेट यूजर्स से कई प्रतिक्रियाएं मिली हैं। एक सोशल मीडिया यूजर ने कमेंट किया, 'इस तरह बधाई कौन देता है?' एक इंटरनेट यूजर ने लिखा, 'लेकिन शाह की परिवारवाद के खिलाफ लड़ाई हमेशा याद रखी जाएगी।÷ इंटरनेट यूजर्स ने तुरंत ममता बनर्जी को उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के बारे में याद दिलाया, जो तृणमूल कांग्रेस के सांसद हैं और पार्टी में राष्ट्रीय महासचिव का पद संभालते हैं। उन्होंने लिखा कि आपके भतीजे अभिषेक बनर्जी के बारे में क्या?

सत्तारूढ़ भाजपा पर उनका ताजा हमला उस मामले की जांच में सीबीआई की प्रगति पर सवाल उठाने के एक दिन बाद आया है, जिसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। ममता ने पूछा कि मैंने पांच दिन का समय मांगा, लेकिन मामला सीबीआई को भेज दिया गया। वे न्याय नहीं चाहते। वे देरी चाहते हैं। 16 दिन हो गए, न्याय कहां है? 9 अगस्त को कोलकाता के 23 वर्षीय स्थानीय निवासी पर हुए भयानक हमले के बाद से पुलिस, अस्पताल अधिकारियों और बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पार्टी पर हिंसक विरोध प्रदर्शन और हमले जारी हैं।

## असम में मुस्लिम विवाह पंजीकरण के लिए विधेयक पारित होने पर सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा- 'अगला लक्ष्य, बहुविवाह पर प्रतिबंध'



दिसपुर। असम विधानसभा ने गुरुवार को मुस्लिम लोगों के विवाह और तलाक के अनिवार्य सरकारी पंजीकरण के लिए एक विधेयक पारित किया, जो 1935 के अधिनियम का स्थान लेगा, जो अब तक राज्य में इन मामलों को नियंत्रित करता था। इसे 'ऐतिहासिक दिन' बताते हुए, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि उनकी सरकार का अगला लक्ष्य बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाना होगा। और न ही भारत ने कोई टिप्पणी की है। मालदीव सरकार के अनुसार, 88 भारतीय सैनिक मालदीव में एक हेलीकॉप्टर और एक डोर्नियर विमान को संचालित करने के लिए तैनात थे। भारतीय सैनिकों का पहला समूह 11 मार्च को मालदीव से रवाना हुआ था। X पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में, सीएम ने कहा: 'यह अधिनियम अब सरकार के साथ विवाह को पंजीकृत करना अनिवार्य कर देगा और लड़कियों के लिए 18 वर्ष और लड़कों के लिए 21 वर्ष की विवाह की कानूनी आयु का उल्लंघन नहीं कर सकता है। यह किशोर गर्भावस्था के खिलाफ एक सख्त निवारक के रूप में भी काम करेगा और हमारी लड़कियों के समग्र विकास में सुधार करेगा।'

## सुप्रीम कोर्ट का सख्त आदेश : पॉक[...] एक्ट के तहत पीड़िता को बयान के लिए बार-बार कोर्ट नहीं बुलाया जाए

**नई दिल्ली (एजेंसी )**। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पॉक्सो एक्ट के तहत सेक्सुअल ऑफेंस की पीड़िता को बयान के लिए बार-बार कोर्ट नहीं बुलाया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा है कि इस एक्ट का उद्देश्य इससे प्रभावित होगा। जो बच्चा सेक्सुअल ऑफेंस जैसी घटना के ट्रॉमा से गुजरा है, तब बार-बार उसी घटना के बारे में बयान के लिए नहीं बुलाया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी की उस अर्जी को खारिज किया, जिसमें आरोपी ने पॉक्सो एक्ट की पीड़ित को जिरह के लिए कोर्ट में बुलाए जाने की गुहार लगाई थी।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सुधांशु धुलिया की अगुआई वाली बेंच ने कहा कि (बचाव पक्ष) को पीड़ित से जि[...] मौका दिया गया है। मौजूदा मामले[...] काफी लंबी जिरह की जा चुकी है[...] बार हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने[...] एक्ट की धारा-33 (5) के मुता[...] की ड्यूटी है कि वह इस बात को[...] चाइल्ड विक्टिम को कोर्ट के [...] बुलाया जाए।

यह मामला ओडिशा का[...] खिलाफ पॉक्सो का केस दर्[...] खिलाफ उड़ीसा के नयागढ़ जिले[...]

[...] बार आरोपी [...]के लिए पर्याप्त [...]ड़ित के साथ [...] यह जिरह दो [...] कि पॉक्सो [...] स्पेशल कोर्ट [...]श्चित करे कि [...] बार-बार ना

आरोपी के [...] आरोपी के [...]स्थित स्पेशल कोर्ट में केस चल रहा है। उसके खिलाफ रेप और पॉक्सो से संबंधित धाराओं के तहत मामला पेंडिंग है। पुलिस के मुताबिक, 30 अगस्त 2020 को याचिकाकर्ता ने पीड़ित लड़की का अपहरण किया। घटना के वक्त लड़की नाबालिग थी। फिर वह पीड़िता को गांव ले गया और आरोपी ने गांव के मंदिर में लड़की से शादी की। शादी के बाद लड़की को शहर ले गया। करीब 7-8 दिन वह लड़की के साथ रहा, तभी पीड़िता के साथ जबरन संबंध बनाए। बाद में 18 नवंबर 2020 को लड़की को वहां से बचाया गया। इसके बाद उसका मैजिस्ट्रेट के साने बयान दर्ज हुआ और मेडिकल कराया गया।

